राष्ट्रीय दैनिक


# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 नहीं पता गेंद को मैं स्विंग करा...

बाइडन ने सऊदी अरब की अपनी... 12

वर्ष : 13 | अंक : 54 | नई दिल्ली, सोमवार, 11 जुलाई 2022 | आषाढ़, शुक्ल द्वादशी, विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# काली विवाद के बीच बोले पीएम मोदी : भारत पर हमेशा मां काली का रहा आशीर्वाद

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

फिल्म काली से जुड़े पोस्टर विवाद के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने भाषण में मां काली का जिक्र करते हुए कहा कि स्वामी रामकृष्ण परमहंस एक ऐसे संत थे, जिन्होंने मां काली के स्पष्ट दर्शन किए। पीएम मोदी रविवार को स्वामी आत्मस्थानंद के शताब्दी समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा, स्वामी रामकृष्ण परमहंस एक ऐसे संत थे, जिन्होंने मां काली का स्पष्ट दर्शन किया था, जिन्होंने मां काली के चरणों में अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया था। वो कहते थे- ये सम्पूर्ण जगत, ये चर-अचर, सब कुछ मां की चेतना से व्याप्त है। यह चेतना बंगाल की काली पूजा में दिखती है। यही चेतना पूरे भारत की आस्था में दिखती है और जब आस्था इतनी पवित्र होती है तो शक्ति हमारा पथ प्रदर्शन करती है। पीएम मोदी ने कहा, मां काली का असीमित और असीम आशीर्वाद हमेशा भारत के साथ है। भारत इसी आध्यात्मिक ऊर्जा को लेकर आज विश्व कल्याण की भावना से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद को भी मां काली की जो अनुभूति हुई, उनके जो आध्यात्मिक दर्शन हुए, उसने विवेकानंद में असाधारण ऊर्जा का संचार किया। उनकी बातों में भी मां काली की चर्चा होती रहती थी। प्रधानमंत्री ने स्वामी आत्मस्थानंद के साथ बिताए समय को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, यह आयोजन कई भावनाओं और यादों से भरा हुआ है। मुझे हमेशा उनका आशीर्वाद मिला है, उनके साथ रहने का अवसर मिला। यह मेरा सौभाग्य है कि मैं अंतिम क्षण तक उनके संपर्क में रहा।



फाइल फोटो

**पीएम मोदी ने कहा...**

- माँ काली का वो असीमित-असीम आशीर्वाद हमेशा भारत के साथ है। भारत इसी आध्यात्मिक ऊर्जा को लेकर आज विश्व कल्याण की भावना से आगे बढ़ रहा है।

**भारत की संत परंपरा 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की रही**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सैकड़ों साल पहले के आदि शंकराचार्य हों या आधुनिक समय में स्वामी विवेकानंद, भारत की संत परंपरा हमेशा एक भारत, श्रेष्ठ भारत का नेतृत्व करती रही है। डिजिटल इंडिया का उदाहरण लेते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में एक विश्व नेता के रूप में उभरा है। प्रधानमंत्री ने भारत के लोगों को 200 करोड़ वैक्सीन खुराक देने की उपलब्धियों पर भी रोशनी डाली। उन्होंने कहा, ये उदाहरण इस बात का प्रतीक हैं कि जब विचार अच्छे होते हैं तो प्रयास पूरा होने में देर नहीं लगती और बाधाएं हमारा रास्ता नहीं रोक सकती।

**महुआ मोइत्रा ने एक सम्मेलन में कहा था.....**

प्रधानमंत्री का यह भाषण हाल ही में एक विवाद की पृष्ठभूमि में आया है। उक्त विवाद तब उत्पन्न हुआ था जब तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा ने हाल ही में एक सम्मेलन में कहा था कि उन्हें एक व्यक्ति के रूप में देवी काली की कल्पना मांस खाने वाली और शराब स्वीकार करने वाली देवी के रूप में करने का पूरा अधिकार है क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति के पास प्रार्थना करने का अपना अनूठा तरीका है। मोइत्रा एक फिल्म के पोस्टर पर उत्पन्न आक्रोश के संबंध में एक सवाल का जवाब दे रही थीं।

## मौसम

अधिकतम तापमान 35.0°C

न्यूनतम तापमान 29.0°C

मौसम विभाग के अनुसार आज गर्मी से उमस रहेंगी साथ ही बारिश होने की संभावना है।

## पोल

**क्या शिवसेना के बागी विधायक अयोग्य घोषित होंगे?**

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 60% |
| कह नहीं सकते | 10% |

## बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 52,600 |
| चांदी | 57,200 |
| सेंसेक्स | 54,481 |
| निफ्टी | 16,220 |

## संक्षिप्त खबर

### यूक्रेन ने भारत में अपने राजदूत को किया बर्खास्त

कीव। यूक्रेन ने शनिवार को जर्मनी, भारत समेत कई देशों में अपने राजदूतों को बर्खास्त कर दिया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, एक आदेश में जर्मनी, भारत, चेक गणराज्य, नॉर्वे और हंगरी में यूक्रेन के राजदूतों को बर्खास्त करने की घोषणा की गई है। सरकार की तरफ से बर्खास्तगी के संबंध में कोई ठोस कारण नहीं बताया गया है। भारत उन देशों में शामिल है जिसने रूस की ओर से यूक्रेन पर किए हमले का खुले रूप से विरोध नहीं किया था। भारत ने संयुक्त राष्ट्र महाराष्ट्र में रूस के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव पर वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया था।

### चातुर्मास शुरू, अब 24 नवंबर के बाद मिलेंगे शादी के मुहूर्त

नई दिल्ली। देवशयनी एकादशी के साथ रविवार से चातुर्मास शुरू हो चुके हैं। इसके साथ ही मांगलिक कार्य थम जाएंगे लेकिन धार्मिक कार्यों पर अधिक ध्यान दिया जाएगा। इसके बाद चार नवंबर को देवउठनी एकादशी के साथ चातुर्मास पूरे होंगे, लेकिन मांगलिक कार्यों की शुरूआत 24 नवंबर के बाद होगी। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक, शुक्र ग्रह अस्त होने के कारण 4 से 24 नवंबर तक शादियां नहीं हो सकेंगी। चातुर्मास में श्रीहरि योग निद्रा में चले जाते हैं और सृष्टि का कार्यभार भगवान शिव संभालते हैं। इन मास में पितरों को प्रसन्न करने के लिए श्राद्ध, नवरात्रि, दिवाली-धनतेरस जैसे कई बड़े त्योहार आते हैं। सावन माह 14 जुलाई से शुरू होकर 12 अगस्त को सावन पूर्णिमा पर रक्षाबंधन के साथ समाप्त होगा। सावन पहला सोमवार 18 जुलाई, दूसरा 25 जुलाई, तीसरा 1 अगस्त, चौथा व अंतिम सोमवार, 8 अगस्त को होगा।

# शिवसेना दोनों गुटों के 53 विधायकों को नोटिस

## अयोग्यता के नियम के तहत दोनों गुटों के विधायकों से जवाब तलब

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस की अगुवाई में सरकार बनने के बाद भी सियासी गहमागहमी लगातार जारी है। इसमें शिंदे गुट के 39 और उद्धव गुट के 14 विधायक शामिल हैं। यह नोटिस दलबदल के आधार पर अयोग्यता के नियम के तहत जारी किया गया है।

महाराष्ट्र विधानमंडल सचिवालय ने शिवसेना के 53 विधायकों को व्हिप उल्लंघन पर नोटिस जारी किया है। विधि मंडल सचिव राजेंद्र भागवत ने नोटिस जारी कर सभी से 7 दिन के भीतर जवाब मांगा है। विधानसभा अध्यक्ष के चुनाव और एकनाथ शिंदे के विश्वासमत प्रस्ताव के बाद शिवसेना और शिंदे गुट ने एक-दूसरे के विधायकों पर व्हिप उल्लंघन के तहत कार्रवाई की मांग करते हुए विधानसभा सचिवालय को पत्र लिखा था। पत्र में शिवसेना के चीफ व्हिप सुनील शिंदे ने 40 विधायकों और शिंदे गुट के चीफ व्हिप भरत गोगावले ने 14 विधायकों पर व्हिप उल्लंघन का आरोप लगाया था। इससे पहले विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल ने शिंदे गुट के 16 विधायकों पर पार्टी विरोधी काम करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

शिंदे गुट ने इस नोटिस को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इस पर 11 जुलाई को सुनवाई होनी है। 288 सदस्यीय विधानसभा में शिवसेना के 55 विधायक हैं।

शिवसेना के एक विधायक के निधन के बाद सदन में कुल सदस्यों की वर्तमान संख्या 287 है। फ्लोर टेस्ट के दौरान 164 विधायकों ने एकनाथ शिंदे सरकार के समर्थन में वोट किया था जबकि 99 ने इसके खिलाफ मतदान किया था। 4 जुलाई को विधानसभा में विश्वास मत जीतने के बाद शिवसेना के एकनाथ शिंदे गुट ने उद्धव ठाकरे खेमे के 14 विधायकों को शिवसेना के व्हिप और शिंदे के वफादार भरत गोगावाले द्वारा जारी किए गए व्हिप का उल्लंघन करने के लिए नोटिस जारी किया था।



**विधायकों ने की नोटिस की पुष्टि**

दोनों पक्षों के विधायकों ने कारण बताओ नोटिस मिलने की पुष्टि की है। ठाकरे गुट के 14 विधायकों में से एक संतोष बांगर 4 जुलाई को फ्लोर टेस्ट के दिन शिंदे खेमे में शामिल हो गए थे। दोनों गुटों ने एक-दूसरे पर स्पीकर के चुनाव और विश्वास मत पर वोटिंग के दौरान पार्टी व्हिप का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है, जिसमें दोनों पक्षों की तरफ से विधायकों को अयोग्य घोषित करने की मांग की गई है। शिंदे गुट ने उन विधायकों की सूची में पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे का नाम शामिल नहीं किया है, जिनके खिलाफ उन्होंने अयोग्यता की मांग की है।

# गोवा कांग्रेस पर फिर सियासी संकट

पणजी, एजेंसी

**राजनीति**

- काम ना आई भगवान की कसम! 11 में से 9 विधायक हो सकते हैं भाजपा में शामिल

महाराष्ट्र के बाद अब पड़ोसी राज्य गोवा में राजनीतकि हलचल तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार गोवा में कांग्रेस एक बार फिर टूट के कगार पर है। बताया जा रहा कि राज्य में कांग्रेस के 11 में से 9 विधायक सत्ताधारी दल यानी भाजपा में शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस नेता दिनेश गुंडू राव दलबदल को रोकने की कोशिशों में जुटे हैं। लेकिन उनकी कोशशि सफल होती नहीं दिख रही।

सबसे बड़ी बात तो यह कि राज्य में इसी साल विधानसभा चुनाव हुए थे। बीजेपी ने 40 में 20 सीटों पर जीत दर्ज की और तीन निर्दलीय विधायकों की मदद से सरकार बनाई। चुनाव से पहले दलबदल के डर से कांग्रेस ने पार्टी उम्मीदवारों को ईश्वर के सामने शपथ दिलाई दी थी कि वे निर्वाचित होने के बाद पाला नहीं बदलेंगे। हालांकि कांग्रेस ने इन खबरों का खंडन किया है कि उनका कोई विधायक भाजपा ज्वाइन कर रहा।

**लेकिन नहीं पहुंचे 7 विधायक!**

सूत्रों के हवाले से बताया कि शनिवार को विधानसभा सत्र से पहले कांग्रेस ने पार्टी के सभी विधायकों की मीटिंग बुलाई थी। लेकिन इस बैठक में 7 विधायक पहुंचे ही नहीं। सूत्रों के अनुसार, दिगंबर कामत जो इस साल की हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार भी थे, शनिवार को विधायकों की बैठक में शामिल नहीं हुए। ऐसे में सियासी विश्लेषकों द्वारा कयास लगाया जा रहा है कि पूर्व सीएम दिगंबर कामत और विपक्ष के नेता माइकल लोबो के बीजेपी में शामिल हो सकते हैं।

# कुलदीप बिश्नोई भाजपा में होंगे शामिल!

**नई दिल्ली।** हरियाणा कांग्रेस के बागी नेता कुलदीप बिश्नोई ने रविवार की सुबह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तथा गृहमंत्री अमित शाह के साथ मुलाकात करके प्रदेश में नई राजनीतिक चर्चा को जन्म दे दिया है। कुलदीप बिश्नोई जल्द ही भाजपा के साथ अपनी राजनीतिक पारी शुरू कर सकते हैं। कुलदीप बिश्नोई हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय भजनलाल के बेटे हैं। वह पहले भी भाजपा के साथ गठबंधन कर चुके हैं। अब दूसरी बार फिर से वह भाजपा के साथ जाने को तैयार हैं। राज्य सभा चुनाव के दौरान भी कुलदीप बिश्नोई ने कांग्रेस प्रत्याशी अजय माकन के खिलाफ वोट किया था। इसके बाद से ही वह कांग्रेस के विरोध में चल रहे थे। कुलदीप बिश्नोई के भाजपा में शामिल होने को लेकर कई दिनों से अटकलें जारी थी। इस पर विराम लगाते हुए रविवार को वह भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले।

# उत्तराखंड के सुरकंड देवी में रोपवे हादसा

देहरादून, एजेंसी

नई टिहरी में हाल ही में शुरू हुए सुरकंडा मंदिर रोपवे रविवार दोपहर को तकनीकि खराबी की वजह से बंद हो गया। करीब आधे घंटे तक रोपवे बंद होने से यात्री फंस गए। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय सहित करीब चार दर्जन से अधिक लोग रोपवे में फंस गए। रोपवे में तकनीकी खराबी का पता चलते ही रोपवे में बैठे लोग घबराए हुए नजर आए। बीच रास्ते में ही रोपवे के बंद होने से लोगों में चीखपुकार मच गई। थोड़ी दूर चलने के बाद रोपवे फिर बंद हो गइ। रोपवे के बीच रास्ते में बंद होने से लोग जोर-जोर से मदद की गुहार लगाने लगे। करीब आधे घंटे तक लोग जिंदगी और मौत के बीच झूलते रहे। सुरकंडा देवी रोपवे को करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोबारा चालू किया गया। एक-एक करके लोगों को रोपवे से सुरक्षित उतारा गया। स्थानीय प्रशासन ने तकनीकी जांच तक रोपवे के संचालन को बंद करवा दिया है।

# एकल उपयोग प्लास्टिक प्रतिबंध, दिल्ली में आज से होगी दंडात्मक कार्रवाई

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने 19 चिह्नित एकल-उपयोग प्लास्टिक (एसयूपी) वस्तुओं पर प्रतिबंध के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है और सोमवार से इसका उल्लंघन करने वाली इकाइयों को बंद करना शुरू कर देगी। यह जानकारी अधिकारियों ने दी।

एक अधिकारी ने रविवार को कहा कि नियंत्रण कक्ष एसयूपी प्रतिबंध के उल्लंघन से संबंधित सभी शिकायतें प्राप्त करेगा और प्रवर्तन टीमों को कार्रवाई करने का निर्देश देगा। उन्होंने कहा, हालांकि डीपीसीसी का अधिदेश एसयूपी वस्तुओं के निर्माण को नियंत्रित रखना है, लेकिन बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिबंध के उल्लंघन से संबंधित शिकायतें भी हमारे नियंत्रण कक्ष को भेजी जा सकती हैं। हम इसे संबंधित नगर निकायों को भेज देंगे।



उल्लंघन के संबंध में शिकायतें दिल्ली सरकार के 'ग्रीन दिल्ली' ऐप्लीकेशन या केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के ₹एसयूपी-सीपीसीबी₹ एप्लीकेशन के माध्यम से भी दर्ज करायी जा सकती हैं।

अधिकारी ने कहा, 'हम कानून के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत सोमवार से प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाली इकाइयों को बंद करना शुरू कर देंगे। और कोई चेतावनी नहीं दी जाएगी। एक जुलाई को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा था कि दिल्ली सरकार एकल उपयोग वाली प्लास्टिक (एसयूपी) की 19 वस्तुओं पर प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाली इकाइयों को 10 जुलाई तक चेतावनी नोटिस जारी करेगी और इसके बाद फिर से ऐसा करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# देश का दिल है राजधानी दिल्ली : द्रौपदी मुर्मू

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता की अगुवाई में आज दिल्ली के सांसदों एवं विधायकों ने एनडीए समर्थित राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट किया। सभी ने द्रौपदी मुर्मू द्वारा मिले मार्गदर्शन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली के प्रतिनिधियों से अपने लिए समर्थन मांगते हुए कहा कि राजधानी दिल्ली देश का दिल है और यह हम सब के लिए बड़े गर्व की बात है कि एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनाकर एनडीए ने अपनी नीति स्पष्ट कर दी है। आदिवासी महिला के रूप में मैंने कभी नहीं सोचा था कि इस पद का उम्मीदवार बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आजीवन मैंने महिला, गरीब, आदिवासियों के लिए काम किया है। जिंदगी में जो भी चुनौती आई है, उसे स्वीकार किया है और हमेशा अच्छा बनने का प्रयास किया है।

# रोहिणी जेल के 82 अफसरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

**भ्रष्टाचार**

- ठग सुकेश से हर महीने 1.5 करोड़ रिश्वत लेते थे, मोबाइल व अलग बैरक दिया था

बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज और नोरा फतेही को ठगी के पैसों से महंगे गिफ्ट देने वाले महाठग सुकेश चंद्रशेखर का एक नया कारनामा सामने आया है। दिल्ली की रोहिणी जेल में बंद रहते समय सुकेश अलग बैरक और मोबाइल फोन इस्तेमाल करने के लिए अफसरों को हर महीने 1.5 करोड़ रुपए की रिश्वत देता था। इस मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने जेल के 82 अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। सुकेश चंद्रशेखर मनी लॉन्ड्रिंग और कई लोगों को ठगने के आरोप में फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद है। तिहाड़ जेल के कर्मचारियों ने पिछले दो सालों में उनसे करीब 12.5 करोड़ रुपए की उगाही की है।

**सीसीटीवी फुटेज से खुला राज**

इस महीने की शुरूआत में सुकेश ने नर्सिंग स्टाफ की मदद से बाहर किसी इंसान को एक लेटर भेजा था। ये घटना जेल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जेल अधिकारी ने बताया कि कुछ दिन पहले जेल की सीसीटीवी फुटेज चेक की गई थी। इसमें देखा गया कि एक नर्सिंग स्टाफ ने सुकेश से कुछ पेपर लिए। पूछताछ करने पर पता चला कि सुकेश ने वो लेटर बाहर किसी व्यक्ति को देने के लिए कहा था।

# उप्र : कांवड़ यात्रा मार्ग पर नहीं होगी खुले में मांस की बिक्री!

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कोविड-19 की वजह से दो साल तक बंद रही कांवड़ यात्रा अब फिर से शुरू होने जा रही है। राज्य सरकार सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने के साथ ही यात्रा के लिए निर्धारित मार्गों पर खुले में मांस की बिक्री पर रोक लगाने को कदम उठा रही है। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय, जिला और पुलिस प्रशासन इसे सुनिश्चित करने के लिए मांस व्यापारियों से संपर्क कर रहा है। शिव भक्तों की आस्था से जुड़ी कांवड़ यात्रा 14 जुलाई से शुरू होगी और एक पखवाड़े तक चलेगी। 2020 और 2021 में कोविड-19 के प्रकोप के कारण कांवड़ यात्रा आयोजित नहीं की गई थी। 2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने के बाद कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से फूल बरसाने की भी परंपरा शुरू हुई थी।

# मानवता शर्मसार : दो साल के भाई की लाश लेकर बैठा रहा मासूम, नहीं मिली एम्बुलेंस

## पिता भटकता रहा, बड़ा बेटा लाश से मक्खियां उड़ाता रहा

मुरैना/अंबाह, एजेंसी

मुरैना में 8 साल का मासूम अपने 2 साल के भाई की लाश गोद में लेकर बैठा रहा। सफेद कपड़े से ढंकी लाश पर मक्खियां भिनभिना रही हैं। बड़ा भाई मक्खियां उड़ाता फिर मदद की उम्मीद में इधर-उधर नजरें दौड़ाता। यह सब डेढ़ घंटे चला। उसका दिल छोटे भाई की मौत से भारी है। गोद नन्ही, लेकिन सबसे वजनी लाश से भारी है। यह मंजर जिसने देखा, उसकी रूह कांप गई। दो दिन पूर्व अंबाह के बड़फरा निवासी पूजाराम जाटव के बेटे राजा की तबीयत खराब हो गई थी। उसने राजा को अंबाह के सरकारी अस्पताल में दिखाया। हालत ज्यादा खराब होने के चलते डॉक्टरों ने बच्चे को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पूजाराम अपने 8 साल के बेटे गुलशन के साथ राजा को लेकर जिला अस्पताल पहुंचा।



**...तो सिस्टम ने भी उसे खाली हाथ ही रखा**

इस मंजर के पीछे भी दर्दनाक कहानी है। बच्चों का पिता बेटे की माटी को अपने गांव की माटी में मिलाने अंबाह ले जाने के लिए एम्बुलेंस लेने भटकता रहा। पैसों से खाली हाथ था तो सिस्टम ने भी उसे खाली हाथ ही रखा। उसे एम्बुलेंस नहीं मिली। काफी देर बाद किसी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस शव और उसके भाई को अपनी गाड़ी से अस्पताल ले गई। तब तक पिता लौटा नहीं था। अंबाह से लेकर आई एम्बुलेंस तत्काल लौट गई। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**एम्बुलेंस के लिए चाहिए थे 1500 रुपए**

बेटे राजा की लाश घर ले जाने के लिए पूजाराम को एम्बुलेंस नहीं मिली। एम्बुलेंस के लिए उसे डेढ़ हजार रुपए की जरूरत थी, लेकिन इतने रुपए उसके पास नहीं थे। पूजाराम ने प्राइवेट और सरकारी एम्बुलेंस से मदद मांगी। गिड़गिड़ाया, लेकिन मदद नहीं मिली।

**सियासी संकट** | जनता के उग्र प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति गोटाबाया लापता, छोड़ेंगे पद

# श्रीलंका में सर्वदलीय सरकार गठन के आसार

**आग्रह**

- प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे का इस्तीफा, स्पीकर से फौरन संसद का सत्र बुलाने का आग्रह

कोलंबो, एजेंसी

आर्थिक संकट के बाद हिंसा से जूझ रहे श्रीलंका में हालात अब भी बेकाबू हैं। देश की अवाम गुस्से में है। भूखे-प्यासे लोग सड़कों पर हैं। कानून-व्यवस्था तार-तार हो चुकी है। भारी बवाल के बीच जनता ने राष्ट्रपति आवास पर कब्जा कर लिया है। लोगों के गुस्से को देखते हुए प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने इस्तीफा दे दिया है। ऐसा समझा जा रहा है कि अब सर्वदलीय सरकार का गठन हो सकता है। प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने हिंसक प्रदर्शन से देश में पैदा हुए संकट पर चर्चा करने के लिए शनिवार को सभी राजनीतिक दल के नेताओं की आपात बैठक के बाद इस्तीफा देने का फैसला लिया था। विक्रमसिंघे के कार्यालय ने कहा है कि स्पीकर महिंदा यापा अभयवर्धने से फौरन संसद का सत्र बुलाने का आग्रह किया गया है। इस सत्र में राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे को हटाने का फैसला लिया जा सकता है।



**राष्ट्रपति आवास प्रदर्शनकारियों के कब्जे में**

श्रीलंका में सरकार विरोधी प्रदर्शन रविवार को भी जारी हैं और राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे तथा प्रधानमंत्री रॉनिल विक्रमसिंघे के आवासों पर प्रदर्शनकारियों का कब्जा है। देश में उथल-पुथल के बीच राष्ट्रपति फिलहाल कहां हैं, इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

**...तो प्रधानमंत्री होंगे कार्यवाहक राष्ट्रपति**

नए राष्ट्रपति के चयन तक प्रधानमंत्री कार्यवाहक राष्ट्रपति होंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री का कामकाज कैबिनेट का कोई सदस्य देखेगा। इस बीच ऐसी सूचना है कि राष्ट्रपति देश छोड़कर भाग गए हैं। श्रीलंका इस समय आर्थिक संकट के दुष्चक्र में फंसा है। कुछ महीनों से महंगाई चरम पर पहुंच गई है। पेट्रोलियम पदार्थों के साथ ही रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की भी भारी कमी है। विदेशी मुद्रा भंडार खत्म है। विदेशी कर्ज बढ़कर 51 अरब डालर तक पहुंच गया है। श्रीलंका मई में पहली बार विदेशी कर्ज का भुगतान करने में विफल रहा।

**गोटबाया राजपक्षे देंगे इस्तीफा**

- जनता का मिजाज भांपते हुए राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने पद छोड़ने का मन बनाया है। राजपक्षे ने स्पीकर से कहा है कि वह 13 जुलाई को इस्तीफा देंगे। स्पीकर महिंदा यापा अभयवर्धने ने राष्ट्रपति के फैसले की घोषणा की है। अगर ऐसा होता है तो संविधान के मुताबिक कार्यकाल पूरा होने से पहले राष्ट्रपति के पद छोड़ने पर संसद अपने किसी सदस्य को राष्ट्रपति चुन सकती है। यह प्रकिया राष्ट्रपति के इस्तीफे के एक एक महीने के भीतर शुरू होनी चाहिए। एक से ज्यादा उम्मीदवार होने पर गुप्त मतदान से राष्ट्रपति का चयन होगा।

**सेना प्रमुख ने जनता से मांगा सहयोग**

श्रीलंकाई सेना प्रमुख जनरल शैवेंद्र सिल्वा ने देश में शांति बनाए रखने के लिए लोगों से समर्थन मांगते हुए रविवार को कहा कि मौजूदा राजनीतिक संकट का शांतिपूर्ण तरीके से समाधान का अवसर अब उपलब्ध है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने कुछ घंटे पहले ही 13 जुलाई को पद छोड़ने की सहमति जतायी।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क दुर्घटना में 6वर्षीय बालक की मौत

सरैया। सरैया बाजार स्थित मोतीचौक निवासी नरेश कुमार के छह वर्षीय पुत्र साहिल कुमार अपनी दादी के साथ घर के पास की दूकान में आया था। दादी ने साहिल का हाथ पकड़ कर घर की तरफ वापस होने लगी तब ही साहिल (6 वर्ष) ने दादी का हाथ छुड़ा कर दौड़ते हुए सड़क पार कर रहा था कि मोटरसाइकिल से ठोकर लग गई। जिससे उसकी मौत हो गई।

### शराबी गिरफ्तार

मझौलिया। रविवार के दिन मझौलिया पुलिस ने एक शराब पियक्कड़ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह जानकारी थाना अध्यक्ष अशोक कुमार साह ने दी। उन्होंने बताया कि इनके विरुद्ध थाना कांड संख्या 497/22 धारा 37 के नामजद अभियुक्त नवल पासवान पिता चंद्रिका कुमार साकिन अहवर शेख वार्ड नं6को गिरफ्तार गिरफ्तार कर मेडिकल जांचों उपरांत जेल भेज दिया गया है।

### आम आदमी पार्टी ने भभुआ विधानसभा में सदस्यता अभियान चलाया



भभुआ। आम आदमी पार्टी जिला इकाई कैमूर के तत्वाधान में भभुआ विधानसभा क्षेत्र के रामपुर प्रखंड के बेलाव बाजार में डॉक्टर दिनेश सिंह कुशवाहा एवं राजू कुमार सिंह के नेतृत्व में निशुल्क सदस्यता अभियान चलाया गया। आम आदमी पार्टी के साथ सैकड़ों ग्रामीणों ने सदस्यता ग्रहण किया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में रमाकांत सिंह, डॉ अरविंद कुमार , विजय पासवान, जय गोविंद दुबे, जितेंद्र कुमार, किशोर प्रसाद सिंह, विश्वंभर चंद्रवंशी, शंकर दयाल सिंह, मुन्नीलाल, शिव शंकर सिंह, दिलीप कुमार सिंह, विद्यासागर सिंह, उपेंद्र कुशवाहा, श्री राम सिंह, संतोष पासवान, डॉ अजय कुमार मौर्य, दीपक तिवारी, देवेंद्र कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, शिव कुमार राम, प्रभाकर कुमार, राजेंद्र सिंह, जंग बहादुर ठाकुर, इंद्रसेन कुमार, डॉक्टर राम प्रताप सिंह, ओम प्रकाश मौर्या सहित आदि लोगों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया।

# अन्नपूर्णा रसोई का उद्घाटन 13 को दस रुपये में मिलेगा खाना

गया, प्रात: किरण संवाददाता

गया में गयाजी अन्नपूर्णा रसोई की शुरूआत होने जा रही है। गयाजी विकास समिति की पहल पर शहर में मात्र दस रुपये भरपेट खाना खिलाए जाएंगे। गयाजी अन्नपूर्णा रसोई शहर के नई गोदाम आनंदी माई मंदिर स्थित एक भवन में 13 जुलाई को शुभारंभ होगा।इसकी तैयारी को लेकर रविवार को पुरानी गोदाम स्थित चैंबर ऑफ कॉमर्स के सभागार में समिति के अध्यक्ष शिव कैलाश डालमिया एवं उपाध्यक्ष सह डिप्टी मेयर अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सभी सदस्यों के साथ बैठक कर रूप रेखा तैयार की गई है।

समिति के अध्यक्ष शिव कैलाश डालमिया ने बताया कि अन्नपूर्णा रसोई में दस रुपये में गरीब एवं असहायों को भरपेट खाना मिलेगा। यह शहर में पहला भोजनालय होगा। डालमिया परिवार के साथ-साथ गयाजी विकास समिति के सदस्यों की अहम भूमिका



है। सभी के सहयोग से अन्नपूर्णा रसोई चलेगा। डिप्टी मेयर मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि अन्नपूर्णा रसोई में दस रुपये में 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक भरपेट खाना मिलेगा। खाना के लिए लोगों को पहले दस रुपये का कूपन लेना होगा। कूपन के बाद ही खाना मिलेगा।

खाना में चार रोटी, चावल, दाल, अचार एवं एक सब्जी रहेगा। वहीं साधु-संतो से खाना का पैसा नहीं लिया जाएगा। उन्हें निःशुल्क खाना खिलाया जाएगा। भोजनालय में सिर्फ एक समय दिन में खाना मिलेगा। गयाजी अन्नपूर्णा रसोई में दस रुपये में ही त्योहार में लजीज व्यंजन मिलेगा। लजीज व्यंजन में खीर, मिठाई, पूरी, पुआ आदि व्यंजन मिलेगा। भोजनालय में एक बार में दो सौ लोग एक साथ बैठ कर खाना खा सकते है। भोजनालय में सभी काम मशीन से होगा। जिसके लिए कई तरह के मशीन मंगाया गया है। रोटी बनाने से लेकर आलू उबालने के लिए मशीन आया है। साथ ही चावल बनाने के लिए मशीन भी आया है। मशीन से एक घंटा में एक हजार रोटी बनकर

बैठक

● गयाजी विकास समिति की बैठक में तैयार की गई रूपरेखा

तैयार हो जाएगा। वहीं आटा गुथने का काम मशीन ही करेगा। इसमें सबसे अहम सहयोग डालमिया परिवार के साथ साथ समिति के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। आने वाला दिन में गयाजी विकास समिति जरूरतमंदों के लिए स्वास्थ्य केंद्र, अनाथालय एवं दवा दुकान खोलने के लिए प्रयासरत रहेगा। जिससे यह संस्था बिहार ही नहीं बल्कि देश दुनिया में काफी नाम रहेगा।

इस बैठक में समिति के संरक्षक सच्चिदानंद प्रेमी, उपाध्यक्ष अनिल स्वामी, संयुक्त सचिव प्राण मित्तल, राजन सिजुआर, संजय श्रीवास्तव, उदय श्रीवास्तव, मुकेश खंडवाल, अंकुश बग्गा, बिपिन कुमार सिन्हा, वसीम नैय्यर, राजेश झुनझुनवाला सहित अन्य मौजूद थे।

## पूर्व के विवाद में जमकर मारपीट, कई घायल

हाजीपुर। पातेपुर थाना क्षेत्र के सिमरवाड़ा गांव में पूर्व के विवाद को लेकर दो पक्षो में हुई जमकर मारपीट मामले में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को पातेपुर पीएचसी पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया जहां चारो घायलों का इलाज किया जा रहा है। इस मामले में गंभीर रूप से घायल उक्त गांव निवासी सोनेलाल राय द्वारा नगर थाने की पुलिस के समक्ष दर्ज फर्द बयान के आधार पर पातेपुर पुलिस 5 लोगो के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है। इस संबंध में घायल सोनेलाल राय द्वारा पुलिस को दर्ज कराए गए फर्द बयान के अनुसार वह अपने खेत में मक्का तोड़ रहा था तभी उसके गांव के ही जिजिश राय, संजीत राय, रामदयाल राय, धीरज कुमार, नीरज कुमार ने अपने अपने हाथों में लाठी डंडे एवं हथियार से लैस होकर आया और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। मारपीट के दौरान बचाने आये उसका पुत्र मनोज राय एवं राकेश राय भतीजी उजाला कुमारी को भी आरोपियों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल सोनेलाल ने आरोप लगाया है कि आरोपियों मारपीट के दौरान लड़की के साथ अभद्र व्यवहार किया है।

## छः पंचायतों में वार्ड संघ का किया गठन

हाजीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

सहदेई बुजुर्ग प्रखंड के सहदेई बुजुर्ग, मजरोही उर्फ सहरिया, चकजमाल, नयागांव पूर्वी, नयागांव पश्चिम एवं चकफैज पंचायत में शनिवार को वार्ड संघ का चुनाव हुआ। जिसमें प्रखंड के वार्ड संघ के अध्यक्ष श्यामानंद कुमार एवं पटेढी बेलसर प्रखंड के वार्ड संघ के उपाध्यक्ष शिवजी कुमार की मौजूदगी में वार्ड संघ का गठन हुआ।

सहदेई बुजुर्ग पंचायत के वार्ड नं 9 के सदस्य रूणा देवी को अध्यक्ष,वार्ड नंबर 11 के सदस्य राजकुमार राय को उपाध्यक्ष, वार्ड नंबर 2 के सदस्य दिलीप साह को सचिव एवं वार्ड 12 के सदस्य कुमारी आरती को कोषाध्यक्ष ,मजरोही उर्फ सहरिया पंचायत के वार्ड 6 के सदस्य अजय कुमार राय को अध्यक्ष, वार्ड 18 के सदस्य सरिता देवी को उपाध्यक्ष, वार्ड 14 के सदस्य राजेश सिंह को सचिव एवं वार्ड 7 के सदस्य रंजू देवी को कोषाध्यक्ष, चकजमाल पंचायत के वार्ड 3 के सदस्य अजय कुमार सिंह को अध्यक्ष, वार्ड 4 के सदस्य सुनीता देवी को उपाध्यक्ष, वार्ड 10 के सदस्य सावित्री देवी को सचिव एवं वार्ड 7 के सदस्य हरेन्द्र कुमार राय को कोषाध्यक्ष, नयागांव पूर्वी के वार्ड 4 के सदस्य अर्चना देवी को अध्यक्ष, वार्ड 9 के सदस्य सतेंद्र प्रसाद भारती को उपाध्यक्ष, वार्ड 10 के सदस्य दीपक कुमार को सचिव एवं वार्ड 14 के सदस्य कृष्ण कुमार को कोषाध्यक्ष, नयागांव पश्चिम के वार्ड 13 के सदस्य मिथिलेश राय को अध्यक्ष वार्ड 5 के सदस्य आशुतोष कुमार को उपाध्यक्ष वार्ड 4 के सदस्य अनीता देवी को सचिव एवं वार्ड 6 के सदस्य अमरोध महतो को कोषाध्यक्ष, एवं चक फैज पंचायत के व्हाट्सएप के सदस्य श्यामत कुमार को अध्यक्ष वार्ड 11 के सदस्य राजेश गुप्ता को उपाध्यक्ष वार्ड 12 के सदस्य संजू देवी को सचिव एवं वार्ड दो के सदस्य मंजू देवी को कोषाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। इस दौरान बैठक में यह प्रस्ताव रखा गया कि पंचायतों के विधवा महिलाओं को सरकारी योजनाओं में प्राथमिकता दिलवाने के लिए सभी वार्ड सदस्य मेहनत और लगन से कार्य करेंगे। कार्यक्रम के अंत में पटेढी बेलसर के वार्ड संघ के उपाध्यक्ष शिवजी कुमार के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम को समाप्त किया गया।

## राजधानी एक्सप्रेस के आगे लगाई छलांग, 300 मीटर तक बिखरा शव; नहीं हुई पहचान

**हाजीपुर।** हाजीपुर बछवारा रेलखंड स्थित चकसिकंदर रेलवे स्टेशन के पास एक महिला ने राजधानी एक्सप्रेस को आते देख प्लेटफार्म से रेलवे लाइन पर कूदकर अपनी जान गवां दी। घटना को लेकर आसपास के चश्मदीदों के द्वारा बताया गया है कि जब राजधानी एक्सप्रेस हाजीपुर की तरफ से बछवारा की ओर जा रही थी तभी महिला दौड़ कर आई और चलती ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली । घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में उक्त बातों की खबर आग की तरह फैल गई और लोग घटनास्थल पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई । ट्रेन की चपेट में आने से महिला कट कर तकरीबन दो तीन मीटर दूर उसकी शव क्षत-विक्षत हो गई। शव क्षत-विक्षत होने के कारण मृतक महिला की पहचान नहीं हो पाई है।इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद बिदुपुर थाने की पुलिस अधिकारी जय प्रकाश एवं जीआरपी एसआई मुकुंद सिंह पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल मृत महिला की शव की अब तक पहचान नहीं हो पाई है इधर पुलिस मामले की जांच पड़ताल और मृत महिला की पहचान करने में जुट गई है।

# सांसद ने वाणावर श्रावणी मेले की तैयारी का लिया जायजा

जहानाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने रविवार को वाणावर श्रावणी मेला की तैयारी का जायजा लिया। सांसद ने सड़क, रौशनी, पेयजल, झाड़ियों की कटाई, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीसीटीवी, वालेन्टियर की प्रतिनियुक्ति, शौचालय, बिजली, नियंत्रण कक्ष, पार्किंग, हेल्थ कैम्प, मेला स्थल एवं मंदिर की सफाई, सौन्दर्यीकरण, अग्निशमन सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्य की जानकारी हासिल की और ससमय सभी कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। सांसद ने बताया कि श्रावणी मेला में श्रद्धालु काफी संख्या में पहुंचते है। विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा को सशक्त बनाना आवश्यक है। मेला में कांवरियों तथा श्रद्धालुओं की अपार भीड़ को देखते हुए सांसद ने विधि व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं को मेले में किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने को कहा। सांसद ने स्वास्थ्य विभाग को को चिकित्सक, एम्बुलेस एवं स्वास्थ्य कर्मी की रोस्टर वाईज ड्यूटी तथा कोरोना टेस्टिग की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। सांसद ने नियंत्रण कक्ष एवं माईकिग सिस्टम पर बल देते हुए खोये हुए लोगों अथवा बच्चों की सूचना का प्रसारण, भीड़ प्रबंधन के लिए समुचित कार्रवाई तथा सीसीटीवी से मेला परिसर, मंदिर एवं सीढ़ी पर स्थिति के पर्यवेक्षण को गहन तरीके से करने को कहा। रेलिग, संपर्क पथ यथा हथिया मोड़ पातालगंगा, 52 सीढी की मरम्मत आरसीडी एवं आरडब्ल्यूडी से जल्द कराने के निर्देश दिया। मेला परिसर में कचरा फैलाने, खुले में शौच, थूकना,सिगल प्लास्टिक, थर्मोकोल उपयोग नही हो पदाधिकारी को आदेश दिया। सांसद ने श्रावणी मेले के दौरान काम करने वाले हर विभाग से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला पदाधिकारी से बात किया।

## राजद विधायक सुदय यादव ने चलाया सदस्यता अभियान

**जहानाबाद।** स्थानीय विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव संगठन को मजबूत बनाने को लेकर लगातार अपने क्षेत्र में सदस्यता अभियान चला रहे हैं। विधायक श्री यादव ने रविवार को शहर के विभिन्न मुहल्लों में घर-घर जाकर सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने राजद की सदस्यता ग्रहण किया। वहीं विधायक श्री यादव ने उँटा स्थित आरा मषीन के संचालन और जाने माने समाजसेवी सरदार हरविंद्र सिंह को पार्टी की सदस्यता दिलाया। साथ ही आरा मषीन में काम करने वाले सभी मजदूरों को भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया। श्री यादव ने कहा कि देश से लेकर प्रदेश के लोग महंगाई एवं बेरोजगारी से डबल इंजन सरकार में त्रस्त है। बिहार के विकास के लिए राजद सरकार तय है। सरकार ने युवाओं को 19 लाख रोजगार के नाम पर ठगने का काम किया है। लोगों में राजद की सदस्यता ग्रहण करने को लेकर होड़ मची है। पार्टी भी समाज के हर तबके के लोगों को अपने साथ लाने के लिए पूरी तरह से सक्रिय है।।

# कुर्था ईदगाह में हर्षोल्लास के साथ अदा की गई ईद उल अजहा की नमाज

कुर्था,अरवल, प्रात: किरण संवाददाता

ईद उल अजहा (बकरीद) की नमाज कुर्था ईदगाह में निहायत हर्षोउल्लास के साथ अदा की गई। लोगों ने गले मिल कर एक दूसरे को मुबारकबाद दी, और देश की खुशहाली अमन व सलामती, तरक्की व खुश्हाली की दुआ मांगी गई। इस अवसर पर नवाज अदा करवा रहे मौलाना मोहम्मद शमीम अख्तर ने कहा कि कुबार्नी हजरते इब्राहिम अलैहिस्सलाम की सुन्नत है।

आप ने परवरदिगारे आलम के आदेशानुसार अपने इकलौते पुत्र हजरते ईस्माइल को खुदा की राह में कुर्बान करने के लिए तैयार हुए। लेकिन फरिश्तों ने जन्नत से एक दुम्बा हाजिर किया और उसकी कुबार्नी हुई। उसके बाद से ही कुबार्नी का तरीका शुरू हुआ। आप के लिए यह एक सख्त परीक्षा और म्श्किल घड़ी थी। क्योंकि एकलौता औलाद की कुबार्नी करने का आदेश मिला जो निहायत कठिन काम



● देश की तरक्की सलामती की मांगी गई दुआ

था। मां-बाप की खिदमत फर्माबरदारी करने का हुनर हजरत ए स्माइल से हमें सीखने की जरूरत है। इंसान को अपने अंदर से क्रोध ,घमंड ,अत्याचार को खत्म करना सबसे बड़ी कुबार्नी है। इंसान नेक बने और इंसानियत की राह पर चले यह कुबार्नी का पैगाम है। वहीं उन्होंने कहा कि कौमी एकता,अखंडता आपसी भाईचारा के सौहार्दपूर्ण माहौल में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई और यह हमारे देश की संस्कृति रही है कि हम मिलजुल कर अपने त्योहारों को अपने धार्मिक उसूलों के अनुसीर अदा करते हैं और एक दूसरे को मुबारकबाद देते हैं। हजरत इस्माइल जब छोटे थे तो सफा और मर्वा पहाड़ी जो अरब देश में स्थित है उसके समीप एड़ियों की रगड़ने की वजह से एक पानी का चश्मा जारी हुआ जिसको जमजम कहते हैं। जो आज भी दुनिया के सभी पानी में महत्वपूर्ण है और जो जिस नियत से उसको पीता है उसकी दुआ कबूल होती है। इस अवसर पर जमालुद्दीन अंसारी,आफताब आलम उर्फ मुन्ना,वकील आलम,शमशाद आलाम, लाड्डू मल्लिक, रिंकु मल्लिक,गनॉरि मियां समेत हजारों लोगों ने ईद उल अजहा की नमाज अदा की।

# चांद में धूम धाम से मनाया गया ईद उल अजहा बकरीद

चांद (कैमूर), प्रात: किरण संवाददाता

प्रखंड में ईद उल अजहा बकरीद बलिदान त्याग का महा त्योहार धूमधाम से मनाया गया। मुस्लिम भाइयों ने सुबह ईदगाह में जाकर नमाज अदा किया।नमाज अदा करते हुए मुस्लिम भाइयों ने देश के लिए अमन चैन की मांगी दुआ। सुबह साढ़े बजे मुस्लिम भाइयों ने उत्साह से लबरेज मजिस्द या ईदगाह में जाकर नमाज अदा किया। एक दूसरे से मिलकर बधाई दी। बलिदान एवं त्याग का महान त्योहार पर हिन्दूओं ने मुस्लिम भाइयों के साथ मिलकर बधाई दी।

सिरहिरा ईदगाह में सुबह साढ़े 6 बजे भारी संख्या में मुस्लिम भाइयों ने नमाज अदा किया। नमाज अदा करने के बाद बकरे की कुबार्नी दी गई। कुबार्नी के बाद सभी लोगों ने मिलकर प्रसाद ग्रहण किया। प्रखंड में सिरहिरा पतेरी

● ईदगाह में नमाज करते हुए मुस्लिम भाइयों मांगी अमन चैन की दुआ

चंदा करवंदिया लेदरी भटानी लोहदन हसरेव पतेशर कुडी आदि गांवों में समाजिक सद्भाव से बकरीद मनाया गया। कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं शांतिपूर्ण त्योहार संपन्न कराने के लिए पुलिस की व्यवस्था चाक चौबंद की गई थी। संवेदनशील जगहों पर दण्डाधिकारी पुलिस अधिकारी एवं पुलिस बल मुस्तैद थे। बीडीओ शशिभूषण साहू अंचलाधिकारी नागेन्द्र कुमार एवं थाना प्रभारी संजय कुमार पुलिस बल के साथ क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे थे। खबर लिखे जाने तक बकरीद त्योहार शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। मुखिया रेसाद खान ने कहा देश में तनाव पुर्ण माहौल में नमाज करते हुए देश में शांति सद्भाव अमन चैन की कामना की गई।

## पालीगंज में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल का हुई बैठक

**पालीगंज।** विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल का हुआ बैठक जिसमें धर्म प्रचार प्रसार के लिए विचार विमर्श किया गया, सभी लोगों को अपने धर्म के प्रति जागरूक होने के लिए बताया गया और मन्दिर मठ जैसे धर्मिक स्थाल को सुरक्षा के लिए हिन्दू युवाओं को जागरूक किया गया, जिसमें सभी हिन्दू युवाओं को बजरंग दल से जुड़ने के लिए बोला गया और हिन्दू हत्या तथा धर्मांतरण पर रोक लगाने के लिए राय रखा गया और यह हिन्दू जागरूक विस्तार अभियान 10 अगस्त से 3 अगस्त तक पूरे बिहार मे चलेगा, जिसमें दक्षिण बिहार के प्रांत संयोजक रजनीश जी, और दानापुर जिला के जिला सह मंत्री मुकेश जी, जिला के सामाजिक समरसता एवं पालक पुरुषोत्तम कुमार सिन्हा संदीप कुमार गुप्ता , प्रखंड संयोजक रौशन जी, प्रखंड उपाध्यक्ष धीरज जी, प्रखंड सह मंत्री कारण जी, प्रखंड सह संयोजक राहुल जी और विमलेश जी, मुन्ना, रौशन, प्रजापति, सचिन, सैकड़ों बजरंग दल कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पालीगंज पुलिस ने 2 शराब कारोबारी को किया गिरफ्तार, एक हुआ फरार



पालीगंज, प्रात: किरण संवाददाता

शनिवार की देर शाम थाना क्षेत्र के मिल्की गांव से पुलिस ने छापेमारी कर 499 लीटर अंग्रेजी शराब, 130 kg महुआ, 4 क्विंटल मीठा, दो बाइक व दो मोबाइल के साथ दो ब्यवसाइयो को गिरफ्तार कर लिया। वही एक ब्यवसाई भागने में सफल रहा। जानकारी के अनुसार पालीगंज थाना क्षेत्र के मिल्की गांव में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब होने की गुप्त सूचना शनिवार को पुलिस को मिला। जिस पर कार्यवाई करते हुए शनिवार की देर शाम पालीगंज पुलिस ने दल बल के साथ मिल्की गांव पहुंचकर छापेमारी किया।

जिसके दौरान मिल्की गांव निवासी शंकर प्रसाद व संजय चौधरी के घर से 499 लीटर अंग्रेजी शराब, 130 kg महुआ, 4 क्विंटल मीठा, दो बाइक व दो मोबाइल बरामद हुई है। जबकि मौके से छापेमारी के दौरान कारोबार

● 499 लीटर अंग्रेजी शराब, 130 kg महुआ, 4 क्विंटल मीठा, दो बाइक व दो मोबाइल बरामद

में लिप्त बीबीपुर गांव निवासी कुंदन कुमार व शंकर प्रसाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वही कारोबारी संजय चौधरी भागने में सफल रहा। ज्ञात हो की पालीगंज थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव निवासी कुंदन कुमार मिल्की गांव निवासी शंकर प्रसाद के भांजा है जो शंकर प्रसाद के साथ मिलकर शराब का कारोबार करता है। इस मामले में पालीगंज पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि कारोबारी कुंदन कुमार व शंकर प्रसाद को 499 लीटर अंग्रेजी शराब, 130kg महुआ, 4 क्विंटल मीठा, दो बाइक व दो मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। वही संजय चौधरी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# प्रशासन की देखरेख में शांति पूर्वक मना बकरीद

रामपुर, प्रात: किरण संवाददाता

**(कैमूर)।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को ईद उल अजहा बकरीद का त्योहार मुसलमानों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। मुस्लिम भाइयों ने सुबह ईदगाह में जाकर नमाज अदा की। परिवार के सदस्यों के साथ साथ लोगो ने एक दूसरे के गले मिले और मनाया बकरीद। जिला पदाधिकारी एवं जिला पुलिस पदाधिकारी के निर्देश में दर्जनों गांवों में शांति व्यवस्था के लेकर दंडाधिकारी नियुक्त किये गए थे।

सुबह में मस्जिदों में नमाज अदा की गई। उसके बाद सभी लोग एक दूसरे के गले लग पर्व की बधाई दी।सबार पंचायत सरपंच फकरुद्दीन अंसारी ने बताया कि पिछले साल कोविड-19 के गाइड लाइन का पालन करते हुऐ सभी लोगो ने अपने -अपने घरों में ही नमाज अदा कि इस साल ऐसी कोई पावंदी नही था हमलोग मस्जिद



में जमात के साथ नमाज अदा किये। सबार के कुर्बान मिया झाली के कुरैसी सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि इस साल बकरीद पर्व खुशी के साथ शांति पूर्ण रूप से मनाया गया कहि से किसी प्रकार दिकते नहीं हुई और किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं। प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय पाठक अंचल पदाधिकारी लवली कुमारी के साथ ही थानाध्यक्ष सुहैल अहमद व करमचत थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ सिंघम को सस्त्र बलों के साथ शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए क्षेत्र का परिभ्रमण करते हुए पाए गए।

# नृत्य अंतरंग आनंद की अभिव्यक्ति : काव्या मिश्रा

आरा, प्रात :किरण संवाददाता

मीडिया से वार्ता के दौरान मगध प्रमंडल की सुप्रसिद्ध युवा कत्थक नृत्यांगना सुश्री काव्या मिश्रा की मीडिया से साक्षात्कार हुई। काव्या मूलतः मगध प्रमंडल के सोनांचल क्षेत्र अरवल की रहने वाली है। बताते चलें की मात्र तीन वर्ष की आयु से नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही सुश्री काव्या ने कई सरकारी गैर सरकारी मंचों पर अपनी उत्कृष्ट कथक नृत्य का प्रदर्शन कर कई पुरस्कार अपने नाम कर चुकी हैं।

काव्या साक्षात्कार के दौरान बताती है मानव मन जब परमानंद के अतिरेक सिंधु में गोते लगा निमग्न हो जाता है तब मानव अंगों से नृत्य का प्रस्फुटन स्वतः होना प्रारंभ हो जाता है। दूसरे शब्दों में नृत्य अंतरंग संवेदनाओं की एक ऐसी रसमय अभिव्यक्ति है जिसका पान कर मानव मन झूम उठता है। यह कला देवी-देवताओं, दैत्य दानवों, मनुष्यों एवं पशु-पक्षियों को अति प्रिय है। भारतीय पुराणों में यह दुष्ट नाशक एवं ईश्वर प्राप्ति का साधन मानी गई है। अमृत मंथन के पश्चात जब दुष्ट राक्षसों को अमरत्व प्राप्त होने का



संकट उत्पन्न हुआ तब भगवान विष्णु ने मोहिनी का रूप धारण कर अपने लास्य नृत्य के द्वारा ही तीनों लोकों को राक्षसों से मुक्ति दिलाई थी। इसी प्रकार भगवान शंकर ने जब कुटिल बुद्धि दैत्य भस्मासुर की तपस्या से प्रसन्न होकर उसे वरदान दिया कि वह जिसके ऊपर हाथ रखेगा वह भस्म हो जाए! तब उस दुष्ट राक्षस ने स्वयं भगवान को ही भस्म करने के लिये कटिबद्ध हो उनका पीछा किया- एक बार फिर तीनों लोक संकट में पड़ गये थे तब फिर भगवान विष्णु ने मोहिनी का रूप धारण कर अपने मोहक सौंदर्यपूर्ण नृत्य से उसे अपनी ओर आकृष्ट कर उसका वध किया।

भारतीय संस्कृति एवं धर्म आरंभ से ही नृत्यकला से जुड़े रहे हैं। स्पष्ट ही है कि हम आरंभ से ही नृत्यकला को धर्म से जोड़ते आए हैं।

पत्थर के समान कठोर व दृढ़ प्रतिज्ञ मानव हृदय को भी मोम सदृश पिघलाने की शक्ति इस कला में है। यही इसका मनोवैज्ञानिक पक्ष है नृत्य मनोरंजक तो है ही धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष का साधन भी है। अगर ऐसा नहीं होता तो यह कला-धारा पुराणों-श्रुतियों से होती हुई आज तक अपने शास्त्रीय स्वरूप में धरोहर के रूप में हम तक प्रवाहित न होती। इस कला को हिन्दू देवी-देवताओं का प्रिय माना गया है। भगवान शंकर तो नटराज कहलाए- उनका पंचकृत्य से संबंधित नृत्य सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति एवं संहार का प्रतीक भी है। भगवान विष्णु के अवतारों में सर्वश्रेष्ठ एवं परिपूर्ण कृष्ण नृत्यावतार ही हैं। इसी कारण वे नटवर कृष्ण कहलाये। भारतीय संस्कृति एवं धर्म के इतिहास में कई ऐसे प्रमाण मिलते हैं कि जिससे सफल कलाओं में नृत्यकला की श्रेष्ठता सर्वमान्य प्रतीत होती है।

## काव्या को मिले कई सम्मान

बतादें कि काव्या को कथक नृत्य के लिए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, बेतिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, मग धर्म संसद/फिलौसोफिकल रिसर्च काउंसिल द्वारा नृत्य श्री सम्मान, दाऊदनगर अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव में कत्थक नृत्य ( शिव तांडव,गणेश वन्दना) की उत्कृष्ट प्रस्तुति देने हेतु चंद्रकांता धरावाहिक के सुप्रसिद्ध अभिनेता श्री अखिलेंद्र मिश्र (क्रूर सिंह) द्वारा सम्मानित।26 जनवरी 2020 गणतंत्र दिवस पर अरवल जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कत्थक नृत्य की प्रस्तुति देने हेतु DM (जिलाधिकारी, अरवल) द्वारा सम्मानित, 30 जनवरी 2020 को साहित्य कला परिषद अरवल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्वः विष्णु दत्त शर्मा सम्मान से सम्मानित। वर्ष 2019 में बिहार सरकार पर्यटन विभाग तथा जिला प्रशासन सारण द्वारा भिखारी ठाकुर सम्मान, वर्ष 2019 के विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेला में बिहार सरकार पर्यटन विभाग तथा जिला प्रशासन सारण द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कत्थक नृत्य में मां दुर्गा तथा गणेश वंदना की विशेष प्रस्तुति देने हेतु सम्मानित, अक्टूबर 2019 दिल्ली की सुप्रसिद्ध संस्था द्वारा डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम सम्मान, 7 जुलाई वर्ष 2019 में वैशाली वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह में शिव तांडव और कत्थक नृत्य की प्रस्तुति देने हेतु सम्मानित तथा 15अगस्त 2017 में रचना पाटिल (D.M वैशाली) द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम में कत्थक नृत्य की प्रस्तुति हेतु आदि अनेक सम्मान प्रमुख है। बताते चलें की सुश्री काव्या नृत्य के अलावा योग विद्या तथा अंग्रजी भाषा में पांच एक्सेंट का भी ज्ञान रखती हैं। बहुमुखी प्रतिभा की धनी सुश्री काव्या भविष्य में भारतीय प्रशासनिक विभाग में अधिकारी बन जन सेवा के साथ अपने नृत्य, योग तथा भाषा ज्ञान के माध्यम से भारतीय कला संस्कृति का परचम देश विदेश में लहराना चाहती हैं।

# प्रखंड विकास पदाधिकारी को दी गई भावभिन्न विदाई

मझौलिया, प्रात: किरण संवाददाता

रविवार के दिन प्रखंड के सभागार में प्रखड़ विकास पदाधिकारी बैजू कुमार मिश्र की भावभिन्न विदाई की गई ।इस दौरान प्रखंड उप प्रमुख नरेश यादव ने शॉल ओढ़ाकर और भेंट प्रस्तुत कर की विदाई। तत्पश्चात पंचायत के मुखिया पंचायत समिति सदस्य सहित प्रखंड कर्मी शॉल ओढ़ाकर और भेंट प्रस्तुत कर भाव भिन्न विदाई की ।

प्रखंड उप प्रमुख नरेश यादव ने बिदाई समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि विकास पदाधिकारी बैजू कुमार मिश्रा प्रशासक होते हुए एक अभिभावक के रूप में सभी जनप्रतिनिधियों को मार्गदर्शन देते रहते थे। पंचायत समिति सदस्य राजकुमार चैधरी ने अपने विदाई संबोधन में प्रखंड विकास पदाधिकरी बैजू कुमार मिश्रा के कुशल प्रशाशनिक नेतृत्व और कुशल नेतृत्व सभी जनप्रतिनिधियों के साथ इनका स्नेह और प्यार मार्गदर्शन बहुत ही सरल और अनुकरणीय



है। इनकी मार्गदर्शन में निर्बाध गति से अंतिम नागरिक तक विकास की किरणे सुगमता से पहुंच गई है।

वहीं प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी अभय कुमार का भी विदाई समारोह में सम्मानित किया गया। समान्नित करने वाले ने मुखिया संघ के अध्यक्ष सत्य प्रकाश पूर्व मुखिया सुरेन्द्र साह, मुखिया पति रिंकू श्रीवास्तव, एकबली राम,दीनानाथ साह, अलि यासगर सहित पंचायत के सचिव व प्रखंड कर्मियों भेट प्रस्तुत कर भाव भीनीत विदाई की। उस समय सब की आखे नम हो गई थी ।इस मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी रंजन कुमार सिंह कार्यक्रम का संचालन किया।

## सरस्वती शिशु मंदिर में प्रबंध कार्यकारिणी समिति की हुई बैठक

**रामगढ़ (कैमूर)।** शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर बंदीपुर रामगढ़ प्रबंध कारिणी समिति की बैठक हुई, बैठक की अध्यक्षता डॉक्टर सत्येंद्र कुमार विद्यार्थी जी के द्वारा की गई बैठक में सीबीएसई बोर्ड के द्वारा विद्यालय की मान्यता हेतु चर्चा की गई जमीन की उपलब्धता एवं अन्य व्यवस्था को पूर्ण कर लिया गया है एवं एनओसी के लिए यथाशीघ्र अप्लाई किया जाए विद्यालय के सचिव ने कहा कि विद्यालय की गरिमा समाज में बढ़ रही है इसके लिए और हमें सजग और सजग रहना चाहिए बैठक में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव रंजन दुबे,उपाध्यक्ष बैरिस्टर सिंह सह सचिव शिवाजी पांडे सचिव देवेंद्र नारायण सिंह सदस्य दीनानाथ सिंह रामजी गुप्ता आदि मौजूद थे बैठक में भैया बहनों की विकास के साथ-साथ अनुशासन एवं संस्कार पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 2023-24 से पहले विद्यालय का मान्यता सीबीएसई बोर्ड द्वारा मिल जाय।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली में इस साल आग लगने की 10 हजार से अधिक घटनाएं

नई दिल्ली। दिल्ली में साल 2022 के पहले छह महीनों में 10,350 से अधिक आग लगने की घटनाएं देखी गईं, जिसमें 60 लोगों की जान चली गई और 395 अन्य घायल हो गए। दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) ने यह जानकारी दी। डीएफएस नियंत्रण कक्ष में ऑपरेटरों के लिए यह साल अब तक का सबसे व्यस्त साल रहा है, जिन्होंने इस साल एक जनवरी से 30 जून के बीच 16,763 फोन कॉल का जवाब दिया। इन फोन कॉल में से 10,379 आग लगने की घटनाओं से संबंधित थीं, 1,548 कॉल पशुओं के बचाव के लिए, 1,805 कॉल पक्षियों के बचाव के लिए, इसके अलावा कुछ सौ अन्य कॉल जो नदी में डूबने के मामलों में किए गए थे। दमकल अधिकारियों ने कहा कि इस साल कारखानों के साथ-साथ जेजे क्लस्टरों में भी आग की कुछ बड़ी घटनाएं हुईं। इस साल एक अप्रैल से 30 जून के बीच आग लगने की सबसे अधिक घटनाएं दर्ज की गयीं। इस अवधि के दौरान चिलचिलाती गर्मी और लू ने इस स्थिति को भयावह बनाने में योगदान दिया। डीएफएस के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा कि एक जनवरी से 30 जून के बीच, अग्निशमन विभाग ने वाणिज्यिक उद्यमों में 340, उद्योगों में 239 और जेजे क्लस्टर में 89 अग्निशमन अभियान चलाए। मई माह में बाहरी दिल्ली के मुंडका इलाके में एक कारखाने में भीषण आग की घटना हुई थी, जो कि हाल के वर्षों में सबसे विनाशकारी आग की घटनाओं में से एक थी। इस घटना में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गयी और 16 लोग घायल हो गए थे। आग में जान गंवाने वाले लोगों के शरीर इस हद तक जल गए थे कि पुलिस को उनमें से कुछ लोगों की पहचान करने के लिए डीएनए प्रोफाइलिंग का सहारा लेना पड़ा। इस घटना के बाद पूर्वोत्तर दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में एक और घटना हुई, जब 19 मई को लगी आग में एक 42 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए।

### दिल्ली की जामा मस्जिद में बकरीद के मौके पर अदा की गई नमाज

नई दिल्ली। देशभर में बकरीद रविवार के दिन मनाई जा रही है। ईद की नमाज दिल्ली की जामा मस्जिद में सुबह 6 बजे अदा की गई, वहीं फतेहपुरी मस्जिद में 7:15 बजे और पार्लियामेंट स्थित मस्जिद में 8 बजे अदा होगी। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक हर साल दो बार ईद मनाई जाती है। एक ईद उल जुहा और दूसरा ईद उल फितर। ईद उल फितर को मीठी ईद भी कहा जाता है। इसे रमजान को खत्म करते हुए मनाया जाता है। मीठी ईद के करीब 70 दिनों बाद बकरीद मनाई जाती है। मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद बकरे की कुबार्नी देते हैं। वहीं ईद के मौके पर उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने देशवासियों को ईद की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा, पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाने वाला कुबार्नी का त्यौहार 'ईद-उल-जुहा' ईश्वर के प्रति परम भक्ति का प्रतीक है। यह लोगों को अपनी भावनाओं को साझा करने एवं एक दूसरे का ध्यान रखने तथा जरूरतमंद एवं गरीब लागों के प्रति संवेदना प्रकट करने का अवसर प्रदान करता है। सार्वजनिक जगहों पर कुबार्नी ना करने की अपील उन्होंने कहा कि मैं आशा करता हूँ कि यह त्यौहार समाज में एकता और भाईचारे की भावना को सुद्दढ़ करेगा और लोग एक दूसरे के और करीब आएंगे।

# सर्वोच्च पद पर मुर्मू का चयन पीएम मोदी का ऐतिहासिक निर्णय : आदेश

## दिल्ली देश का दिल है और यह हम सब के लिए बड़े गर्व की बात है: द्रौपदी मुर्मू

**संकल्प**

- आदेश गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा के सांसदों एवं विधायकों ने द्रौपदी मुर्मू से मिलकर उन्हें भारी मतों से जिताने का संकल्प लिया



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता की अगुवाई में दिल्ली के सांसदों एवं विधायकों ने एनडीए समर्थित राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट किया।

सभी ने श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा मिले मार्गदर्शन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली के प्रतिनिधियों से अपने लिए समर्थन मांगते हुए कहा कि राजधानी दिल्ली देश का दिल है और यह हम सब के लिए बड़े गर्व की बात है कि एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनाकर एनडीए ने अपनी नीति स्पष्ट कर दी है। आदिवासी महिला के रूप में मैंने कभी नहीं सोचा था कि इस पद का उम्मीदवार बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आजीवन मैंने महिला, गरीब, आदिवासियों के लिए काम किया है। जिंदगी में जो भी चुनौती आई है, उसे स्वीकार किया है और हमेशा अच्छा बनने का प्रयास किया है। मैं देश के लिए हमेशा काम करने के लिए तैयार थी, हूं और रहूंगी। मुलाकात के बाद श्री आदेश गुप्ता ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि दिल्ली भाजपा द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति उम्मीदवार के रूप में पूर्ण समर्थन करती है। उनसे हुई बातचीत काफी प्रेरणादायी है और वे एक कुशल व्यक्तित्व की धनी महिला हैं। श्री गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सबका साथ सबका विकास सबका सबका विश्वास और सबका प्रयास को चरितार्थ करते हुए समाज के जनजाति वर्ग से आने वाली महिला को देश के सर्वोच्च पद पर सर्वोच्च पद पर नामित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए दिल्ली भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करती है। आदेश गुप्ता ने कहा कि जीवन में आने वाली तमाम समस्याओं के बावजूद द्रौपदी मुर्मू समाजिक सेवा करने से पीछे नहीं हटी।

स्वतंत्र भारत के इतिहास में द्रौपदी मुर्मू के रूप में पहली बार किसी आदिवासी महिला को सर्वोच्च पद पर नामित करना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिया एक ऐतिहासिक निर्णय है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय को सार्थक करने के लिए आज दिल्ली भाजपा के सांसदों एवं विधायकों ने श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से मिलकर उन्हें भारी मतों से जिताने का संकल्प लिया। आदेश गुप्ता के साथ इस मौके पर केन्द्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी, सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन, नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, सांसद मनोज तिवारी, रमेश बिधूड़ी, प्रवेश साहिब सिंह एवं श्री गौतम गंभीर, भाजपा का राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा, प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, विधायक वीजेन्द्र गुप्ता, अनिल बाजपेयी, मोहन सिंह बिष्ट, जितेन्द्र महाजन, अजय महावर एवं अभय वर्मा मौजूद थे।

## ब्रह्माकुमारीज ने प्रकृति के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए लगाए पेड़




नोएडा, प्रात : किरण संवाददाता

नोएडा के सेक्टर 46 स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवाकेन्द्र द्वारा सेक्टर 40 के पार्क में संगठित योग के पश्चात कल्पतरुह का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बागवानी विभाग के उप निदेशक आनंद मोहन, आर. डब्ल्यू. ए. के अध्यक्ष श्री अश्विनी कुमार सहगल, उप अध्यक्ष के. एल. नरसिंहन, महासचिव रजनीश कुमार शर्मा, प्रभारी पूनम शर्मा सहित ब्रह्मयकुमारीज सेक्टर 46 सेवाकेन्द्र प्रभारी बी के कीर्ति और सेवाकेन्द्र के 50 से भी अधिक भाई बहने शामिल हुए। कल्पतरुह कार्यक्रम के अंतर्गत ब्रह्माकुमारीज ने देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में ये संकल्प लिया है की देश भर के सभी सेवाकेन्द्र मिलकर 75 दिनों में 40 लाख पेड़ लगाएंगे। इसी लक्ष्य से सेक्टर 40 में सब एकत्रित हुए और प्रकृति को सहयोग देते हुए हर सदस्य ने एक पेड़ लगाया।

साथ में ब्रह्माकुमारी कीर्ति ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि जैसे हम पेड़ को लगाते है और उसके बढ़ने का ध्यान रखते है ऐसे ही हम सब यदि अपने अपने अंदर भी आज एक अच्छाई का बीज डालें और नित ज्ञान-योग के माध्यम से उस अच्छाई को सींचे तो प्रकृति के साथ साथ एक सुंदर समाज का भी विकास हो जाएगा ।

## फुटपाथ पर सोने के लिए नहीं दी जगह तो पुरुष ने की महिला को मारने की कोशिश

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

एक महिला ने फुटपाथ पर सोने के लिए जगह छोड़ने से मना कर दिया, जिसके बाद 42 वर्षीय व्यक्ति ने उसे जान से मारने की कोशिश की। पुलिस ने शनिवार को उसे गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान पहाड़गंज क्षेत्र के पैदल पथ निवासी मनोज कुमार के रूप में हुई है।

पुलिस उपायुक्त अमृता गुगुलोथ ने बताया कि मंदिर मार्ग थाने में सूचना मिली थी कि लेडी हार्डिंग अस्पताल के गेट नंबर 3 के पास सिर में चोट लगने से एक महिला बेहोश पड़ी है, जिसके बाद पुलिस कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे। जब पुलिस वहां पहुंची तो संदिग्ध को मौके से भागते देखा गया। पुलिस स्टाफ ने संदिग्ध आरोपी का पीछा किया और उसे द कनॉट होटल के पास से पकड़ लिया। इस बीच, पुलिस की एक अन्य टीम ने महिला को चिकित्सा सहायता के लिए एलएचएमसी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया। चूंकि महिला बयान देने में असमर्थ थी, पुलिस ने घटना के समय वहां मौजूद अस्पताल के गार्डों से पूछताछ की। उन्होंने कहा कि उन्होंने एलएचएमसी अस्पताल की दीवार पर पत्थर फेंकने की तेज आवाज सुनी। उन्होंने अपने पर्यवेक्षक को सूचित किया और उन्होंने देखा कि आरोपी व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को फुटपाथ पर घसीट रहा है।

डीसीपी ने कहा, घायल के सिर से खून बह रहा था और आरोपी उसकी पिटाई भी कर रहा था। जब गार्डों ने हस्तक्षेप किया, तो वह भाग गया और उन्होंने उसे पकड़ लिया। इस बीच पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और आरोपी ने फिर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। इसी के तहत पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पूछताछ के दौरान मनोज कुमार ने अपना गुनाह कबूल कर बताया कि वह वहां सोने आया था और पीड़िता को वहां से जाने को कहा। अधिकारी ने कहा, जब पीड़िता ने मना किया तो आरोपी उग्र हो गया और उसके सिर पर बड़े पत्थर से प्रहार करने की कोशिश की।

### नाबालिग याचिककर्ता को दिल्ली हाई कोर्ट ने दी राहत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के लिए मेडिकल बोर्ड द्वारा अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ हाई कोर्ट पहुंचे नाबालिग याचिककर्ता को दिल्ली हाई कोर्ट ने राहत दी है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैट व न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता के चिकित्सा परीक्षण में समय-समय पर कई बदलाव देखने को मिले हैं, ऐसे में याची योग्य है या अयोग्य इस विवाद में पड़े बगैर आरआर अस्पताल नई दिल्ली को मेडिकल बोर्ड गठित करके दोबारा चिकित्सा परीक्षण करने का निर्देश दिया जाता है। बोर्ड में यूरोलाजी के एक विशेषज्ञ सर्जन को शामिल करने को भी कहा है। इसके साथ ही पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर याची इस परीक्षण में चिकित्सकीय रूप से योग्य पाया जाता है तो उसे चयन प्रक्रिया में शामिल होने दिया जाएगा। लेकिन, अगर उसे चिकित्सकीय रूप से इस परीक्षण में अयोग्य घोषित किया जाता है तो भविष्य में उसे कोई और मौका नहीं दिया जाएगा और बोर्ड की रिपोर्ट को अंतिम तौर पर विचार किया जाएगा।

## दिल्ली नगर निगम चुनाव का रास्ता साफ, चार महीनों में रिपोर्ट सौंपेगा परिसीमन आयोग

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




**चुनाव**

- चुनाव आयोग का कहना था कि केंद्र सरकार तीनों निगमों का एकीकरण करना चाहती है

राजधानी दिल्ली में नगर निगम चुनावों का रास्ता साफ होते हुए नजर आ रहा है। परिसीमन आयोग की रिपोर्ट चार महीने में गृह मंत्रालय को सौंपी जाएगी। रिपोर्ट के बाद दिल्ली नगर निगम चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी। गौरतलब है कि आज से ठीक 2 महीने पहले 9 मार्च को दिल्ली चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया था कि नगर निगम चुनावों की तारीखों का अभी ऐलान नहीं किया जाएगा। चुनाव आयोग का कहना था कि केंद्र सरकार तीनों निगमों का एकीकरण करना चाहती है।

272 से घटकर 250 हुए नगर निगम के वार्डों की संख्या आखिरकार 22 मई 2022 को दिल्ली की तीनों नगर निगम का एकीकरण कर दिया गया। एकीकरण से पहले नगर निगम में 272 वार्ड हुआ करते थे। अब घटाकर 250 वार्ड कर दिया गया। मौजूदा समय में दिल्ली नगर निगम के 250 वार्ड हैं। गृह मंत्रालय की ओर से गठित आयोग वार्ड के परिसीमन का काम करेगा। आयोग फैसला करेगा कि निगम में कितने आरक्षित वार्ड होंगे या नहीं और वार्डों की संख्या क्या रहेगी।

4 महीनों में सौंपी जाएगी परिसीमन आयोग की रिपोर्ट अगले 4 महीने में केंद्र सरकार को परिसीमन आयोग की रिपोर्ट सौंपी जायगी। दिल्ली के तीनों नगर निगमों की खराब आर्थिक स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार ने विधेयक लाकर एकीकरण करने का फैसला लिया था। तीनों निगमों के एकीकरण हो जाने पर बीजेपी और आम आदमी पार्टी की सरकार में जमकर बयानबाजी हुई थी।

### स्वालंबी भारत अभियान' को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने गति देने का लिया फैसला

**नई दिल्ली।** बेरोजगारी और परालंबन की चुनौती से निपटने के लिए शुरू किए स्वालंबी भारत अभियान' को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने गति देने का फैसला किया है। इसके लिए उसने पूरे देश में विशेष मुहिम चलाने की तैयारी की है। यह अंतरराष्ट्रीय युवा कौशल दिवस के अवसर पर 15 जुलाई से शुरू होकर अगले माह 21 अगस्त तक चलेगी। इस 38 दिवसीय विशेष कार्यक्रम में कालेज, महाविद्यालयों के साथ ग्राम पंचायत व सेवा बस्तियों तक को जोड़ा जाएगा। इसके तहत जरूरतमंदों व युवाओं को विशेष कौशल विकास कार्यक्रमों के साथ सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास होगा। स्टार्टअप विचारों को नई उड़ान देने की कोशिश होगी। विशेष बात कि इस मुहिम को सफल बनाने में 11 आनुषांगिक संगठनों के साथ 11 सम वैचारिक संगठन एक साथ आए हैं। इस अभियान में भाजपा, विश्व हिंदू परिषद (विहिप), विद्यार्थी परिषद, भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ, लघु उद्योग भारती जैसे आनुषांगिक संगठन सहभागी होंगे तो समन्वय का काम स्वदेशी जागरण मंच का होगा।

## श्री अरबिंदो कॉलेज ने किया युवा संसद का आयोजन

### कॉलेज राजनेताओं और राजनीति की नर्सरी होते है: सुमन

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

**प्रतिनिधि**

- दिल्ली विश्वविद्यालय के चुनिंदा महाविद्यालयों के अतिरिक्त 33 संस्थानों के 93 युवा प्रतिनिधियों ने भाग लिया

दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध श्री अरबिंदो कॉलेज में साल भर चलने वाले अपने गोल्डन जुबली समारोह श्रृंखला के अंतर्गत कॉलेज की आईक्यूएसी यूनिट के तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति संभावना एवं चुनौतियाँः विषय पर कॉलेज सेमिनार हॉल में एक भव्य युवा संसद का आयोजन किया गया।

जिसमें दिल्ली विश्वविद्यालय के चुनिंदा महाविद्यालयों के अतिरिक्त 33 संस्थानों के 93 युवा प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि प्रबंध समिति के चेयरमैन श्री देवेंद्र तोमर, कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर विपिन कुमार, आईक्यूएसी की संयोजक प्रोफेसर संगीता कौल, मीडिया संयोजक डॉ.हंसराज सुमन , डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, डॉ.हरीश कुमार, डॉ. सुमित मौर्य, प्रोफेसर मीता माथुर, प्रोफेसर प्रमोद कुमार के अलावा शिक्षकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कॉलेज प्राचार्य प्रो. विपिन कुमार ने युवाओं को अपने संबोधन में कहा कि असल में युवा संसद देश के शिक्षित युवाओं को भ्ष्टाचार मुक्त, लोकतान्त्रिक मूल्यों की रक्षा करते हुए साफ सुथरी राजनीति में युवाओं को आगे आने की प्रेरणा देने वाला ऐसा मंच है जो शुचिता पूर्ण राजनितिक माध्यमों और लोक हित को सर्वोपरि मूल्य मानता है। इसमें छात्र-छात्राएँ विभिन्न सांसदों की भूमिका निभाते हुए लोक प्रतिनिधियों के रूप में अपनी - अपनी तर्कपूर्ण बात रखते हुए वाद विवाद करते हैं। जिसमें विजेता प्रतिनिधियों को पुरस्कारों एवं प्रशस्ति पत्रों से सम्मानित किया जाता है। उन्होंने कहा कि देश को अंग्रेजी राज से तो मुक्ति मिल गई किन्तु आजादी के बाद के सपनों के भारत से जनता का स्वप्न भंग भी हो गया। जिन राजनितिक कर्णधारों से जनता अपने गुलामी मुक्त, सुनहरे भविष्य को आगे ले जाने कि अपेक्षा कर रही थी वे मात्र ब्रिटिश कानूनों के संरक्षक बन कर रह गए ।70 साल से हम उसी शोषण की परिवर्तित प्रणाली में पिसते रहे। सत्ता पर वंशवाद, क्षेत्रवाद, परिवारवाद के एकाधिकार ने लोकतंत्र में गरिमापूर्ण जीने की राह बाधित कर दी। सत्ता की कुर्सी पर राह दिखाने वाले की जगह वहाँ अवरुद्ध करने वाला बैठा रहा और जनता किंकर्तव्य विमूढ़ देखती रही। उन्होंने आगे बताया कि ऐसे में जब आज राष्ट्र अपनी स्वतंत्रता की स्वर्ण जयंती मना रहा हो युवा शिक्षितों को राजनीति में आने को प्रेरित करने वाला यह आयोजन उचित ही नहीं बल्कि एक मील का पत्थर साबित हो सकता है। इस आयोजन में विश्वविद्यालय एवं अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों से आये छात्र - छात्राओं ने विभिन्न सांसदों की भूमिका निभाते हुए वाद विवाद के रूप में संसद की बहसों की तरह जोरदार बहस की जो अत्यंत गंभीर किन्तु दिलचस्प रही। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य ने आये हुए छात्र प्रतिनिधियों एवं उपस्थित मुख्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि यह युवा संसद हमें सिखाती है कि जनता के हित को सर्वोपरि मानकर कैसे सच्ची राजनीति की जाए। उन्होंने कहा कि ये युवा ही हमारे देश के राजनैतिक भविष्य को सही दिशा दे सकते हैं।

यदि पढ़ा लिखा समाज आज यह समझ ले कि उसका हित एवं दायित्व उसके नैतिक कर्तव्यों में है तो निश्चित रूप से देश भ्ष्टाचार और वंशवाद से मुक्त हो जायेगा। उन्होंने भाग ले रहे छात्र छात्राओं की सराहना करते हुए उनसे वास्तविक राजनीति में आगे आने का आह्वान किया। युवा संसद के इस आयोजन में अरबिंदो कॉलेज के चेयरमैन श्री देवेंदर तोमर ने छात्रों की संसद की सराहना की। वे इन छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत वाद विवाद से अत्यधिक प्रसन्न हुए, उन्होंने इन युवा प्रतिनिधियों से बात की और उन्हें आगे बढ़ने को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि कॉलेज को भविष्य में युवाओं से संबंधित अन्य मुद्दों पर भी विचार- विमर्श करना चाहिए ।

## दिल्ली-एनसीआर में आज से शुरू होगा बारिश का सिलसिला

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली में कई दिनों से उमस वाली गर्मी से लोग परेशान हैं। शनिवार सुबह से ही एनसीआर में बादल छाए हुए हैं। लोग बारिश का इंतजार कर रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में आज बारिश हो सकती है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने कहा है कि बारिश की वजह से तापमान में कमी आएगी।

दिल्ली और आसपास के इलाकों में 10 जुलाई से बारिश का सिलसिला शुरू होगा। कबसे शुरू होगी बारिश नसीआर में शनिवार को आसमान में बादल छाने से गर्मी से थोड़ी राहत मिली। शनिवार को न्यूनतम तापमान 30.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने राष्ट्रीय राजधानी में अगले कुछ दिनों तक बादल छाए रहने और गरज के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान लगाया है। मौसम विभाग ने दिल्ली और पश्चिमी यूपी समेत पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ में 9-10 जुलाई को भारी बारिश की संभावना जताई है।

2 जुलाई तक के लिए येलो अलर्ट दिल्ली-एनसीआर को लेकर मौसम विभाग ने पहले बताया था कि 30 जून से बारिश दस्तक दे देगी और जून में हुई बारिश को प्री मॉनसून एक्टिविटी बताया गया था। अब बारिश नहीं होने को लेकर मौसम विभाग का कहना है कि इस बार मानसून रेखा के खिसकने कि वजह से दिल्ली वालों को अच्छी बारिश का इंतजार करना पड़ रहा है। शनिवार को मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर और उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में शाम तक बारिश की संभावना जताई थी। मौसम विभाग ने अब 12 जुलाई तक के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

**यात्रा** पालमपुर की जनता के बीच दोनों 'तिरंगा यात्रा' निकालेंगे

## सीएम केजरीवाल का भगवंत मान के साथ कल हिमाचल दौरा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



**जानकारी**

- आप हिमाचल चुनाव के लिए प्रदेश में अपने कार्यकताओं के साथ शहर शहर बदलाव यात्रा निकाल रही है
- देश के सबसे ईमानदार मुख्यमंत्रियों की जोड़ी का देवभूमि हिमाचल में हार्दिक स्वागत है

हिमाचल में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) पूरी ताकत झोंक रही है। आप मुखिया और अरविंद केजरीवाल हिमाचल में कई दौरा कर चुके हैं। अब फिर 12 जुलाई को दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप मुखिया अरविंद केजरीवाल हिमाचल दौरे पर रहेंगे, यहां इनके साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी रहेंगे।

दोनों सीएम पालमपुर में होने वाली आप की तिरंगा यात्रा में भी शामिल रहेंगे। सीएम अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान के हिमाचल दौरे को लेकर पालमपुर में प्रदेश प्रवक्ता पंकज पंडित ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप मुखिया अरविंद केजरीवाल 12 जुलाई को पालमपुर पहुंचेंगे। पालमपुर की जनता के बीच दोनों 'तिरंगा यात्रा' निकालेंगे। देवभूमि हिमाचल में दोनों का हार्दिक स्वागत हैपालमपुर की जनता के बीच दोनों 'तिरंगा यात्रा' निकालेंगे वहीं आप हिमाचल की तरफ से इस दौरे को लेकर ट्वीट कर लिखा- देश के सबसे ईमानदार मुख्यमंत्रियों की जोड़ी का देवभूमि हिमाचल में हार्दिक स्वागत है। आप की यह तिरंगा यात्रा पालमपुर के विशाल मेगा मार्ट से सुभाष चौक तक निकलेगी, जिसका समय मंगलवार 12 जुलाई का है। आप हिमाचल चुनाव के लिए प्रदेश में अपने कार्यकर्ताओं के साथ शहर शहर बदलाव यात्रा निकाल रही है, आप का कहना है कि हिमाचल में एक मौका केजरीवाल को दो।

हाल ही में आप प्रवक्ता पकंज पंडित ने कहा था कि 65 हजार करोड़ के कर्ज में हिमाचल डूबा हुआ है। एक तरफ कर्जदार भाजपा है दूसरी तरफ दिल्ली सरकार है जिसकी तारीफ कैग ने की है। हिमाचल में इस बार त्रिकोणीय मुकाबला इससे पहले भी सीएम केजरीवाल मंडी में तिरंगा यात्रा निकाल चुके हैं, इस बार हिमाचल में त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है। क्योंकि अभी तक प्रदेश में दो ही पार्टी कांग्रेस और बीजेपी का शासन रहा है, लेकिन इस बार प्रदेश में आप की एंट्री हो गई है। पड़ोसी राज्य पंजाब में आप को मिली ऐतिहासिक जीत भी वहां की जनता को अपनी तरफ खींच सकती है।

## कांस्टेबल ने नाबालिग लड़के को जड़ा थप्पड़ वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने लिया ये एक्शन

नई दिली, प्रात : किरण संवाददाता



राष्ट्रीय राजधानी में पुलिसकर्मी द्वारा एक नाबालिग लड़के को थप्पड़ मारने का वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने इस घटना का संज्ञान लिया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, हमने सफदरजंग एन्क्लेव में एक नाबालिग लड़के के साथ एक कांस्टेबल द्वारा दुर्व्यवहार की घटना का संज्ञान लिया है। वीडियो में पुलिसकर्मी को लड़कों के एक समूह के साथ झगड़ते हुए देखा जा सकता है और अचानक उन्होंने उनमें से एक को थप्पड़ मार दिया, जिसके बाद लड़के की नाक से खून भी बहने लगा। घटना दो दिन पहले की है। अधिकारी ने कही ये बात अधिकारी ने कहा, संबंधित अधिकारियों को तथ्यों का पता लगाने और उचित कार्रवाई करने को कहा गया है। एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि उन्हें जुलाई में एक वरिष्ठ नागरिक की शिकायत मिली थी कि कुछ लड़के स्केटबोर्ड चला रहे हैं। अधिकारी ने कहा, वरिष्ठ नागरिक ने यह भी शिकायत की कि इन लड़कों ने स्केटबोर्ड तेजी से चलाते हुए उन्हें दो बार टकरा गए थे। शिकायत के बाद की गई पुलिस की तैनाती शिकायत के बाद ऐसी घटनाओं पर नजर रखने के लिए एक पुलिस कांस्टेबल को वहां तैनात किया गया था। हालांकि, कांस्टेबल खुद एक तर्क में उलझ गए, इस दौरान उन्होंने एक नाबालिग लड़के को थप्पड़ मार दिया। अधिकारी ने कहा, हम मामले की जांच कर रहे हैं और अगर कांस्टेबल दोषी पाया जाता है, तो निश्चित रूप से उनके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। एक ट्विटर उपयोगकर्ता, (जिसने उक्त वीडियो पोस्ट किया था) ने दावा किया कि बी6 बाजार सफदरजंग एन्क्लेव में सिर्फ स्केटबोर्डिंग चलाने के लिए पुलिसकर्मी द्वारा लड़के पर हमला किया गया। हैरानी की बात यह है कि लड़के को पीटने के कुछ ही सेकेंड बाद आरोपी पुलिसकर्मी ने उसी वीडियो में इस हरकत से इनकार किया। लड़कों के समूह को उन्हें यह कहते हुए भी सुना जा सकता है कि उनके पास इस तरह किसी पर हाथ उठाने का कोई अधिकार नहीं है।

### बिल्डर अमित गोयल की हत्या में शामिल मुख्य 2 शूटर्स रोहतक से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बिल्डर की हत्या के मामले में 2 फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 2 जुलाई को अमित गोयल नाम के एक बिल्डर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद हत्यारे फरार हो गए थे। डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि जांच शुरू की गई और मुख्य शूटर्स को हरियाणा के रोहतक से पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि आरोपी एक गिरोह के हैं और उन्होंने अमित गोयल के साथ एक सौदे के माध्यम से एक प्रतिद्वंद्वी गिरोह के एक सदस्य को खत्म करने के लिए हथियार खरीदे थे, जो खुद एक शूटर था। और पहले उच्च श्रेणी के हथियारों की आपूर्ति के लिए पकड़ा गया था। डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि (आरोपी) अमित गोयल (पीड़ित) के साथ हथियारों के लिए 10 लाख रुपये का सौदा किया था, जिसे बाद में पूरा नहीं किया गया था। बदला लेने के लिए, उन्होंने उसकी हत्या कर दी। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था बता दें कि अज्ञात हमलावर ने 40 साल के बिल्डर अमित गोयल की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी एक कार में आए और मृतक बिल्डर पर ऑफिस के बाहर से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी।

## संक्षिप्त खबरें

### परिसीमन के बाद निगम और मजबूत होगी : दीपक गाबा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने राजधानी दिल्ली में नगर निगम चुनावों के लिए वैधानिक रूप से तैयारी शुरू कर दी है। और इसके लिए बाकायदा परिसीमन प्रक्रिया शुरू करने के लिए एक समिति का गठन भी कर दिया है। समिति के गठन से उन लोगो को जवाब भी मिल गया है जो यह प्रचार कर रहे थे की भाजपा निगम चुनाव से भाग रही है। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी शाहदरा जिला महामंत्री दीपक गाबा का। दीपक गाबा कहते हैं भाजपा कभी भी चुनाव से नहीं भागती बल्कि निगम का एकीकरण कर भाजपा ने स्थानीय निकाय को और मजबूत बनाने का निर्णय लिया है। और आप देख लेना निगम दिल्ली की सियासत में और मजबूत होकर उभरेगी जिसका सीधे तौर से जनता को लाभ होगा। निगम कर्मी वेतन को नहीं तरसेंगे, दिल्ली के विकास की रफ्तार को पंख लगेंगे। दीपक गाबा कहते हैं जब कुछ अच्छा और नया करना होता है तो उस प्रक्रिया में समय तो लगता ही है। और केंद्र सरकार ने उसी ओर सकारात्मक कदम बढ़ा दिए हैं समय रहते दिल्ली की जनता इसके परिणाम भी देखेगी। दीपक गाबा कहते हैं दिल्ली सरकार के आठ साल के कार्यकाल में निगम ही सबसे बड़ा मुद्दा रहा की केंद्र सरकार ये नहीं करती वो नहीं करती जबकि असलियत यह है कि केंद्र सरकार ने हमेशा निगम को फंड दिया जिसे अन्य मदों पर खर्च कर ठीकरा केंद्र सरकार पर फोड़ते रहे। लेकिन अब दिल्ली में नगर निगम और मजबूती से उभरेगी तो दिल्ली सरकार में बैठे लोगो को यह हजम नहीं हो रहा।

### नो प्लास्टिक यूज पर एक जागरुकता अभियान चलाया

नई दिल्ली। मंडोली रोड मार्केट एंड ट्रेडर्स एसोसिएशन द्वारा नो प्लास्टिक यूज पर एक जागरुकता अभियान चलाया गया जिसमें मुख्य रुप से देवाशीष विसवाल एस.डी.एम. शाहदरा प्रशांत यादव एस एच ओ थाना मानसरोवर पार्क मोतीलाल शर्मा मार्किट की अध्यक्षा बिन्नी वर्मा एवं मार्किट के पदाधिकारी गण सदस्य गण एवं दुकानदार उपस्थित रहे। मार्किट के संगठन मंत्री मुकेश पांचाल ने अपने यहां आज कोरोना वैक्सीन निशुल्क कैंप का आयोजन किया जिसमें को वैक्सीन कोविड शील्ड वैक्सीन निशुल्क क्षेत्र के लोगों को लगाई गई जिसमें मुख्य रूप से सुनील कुमार अमर कुमारगोयल सुभाष जैन चेतन एवं अन्य साथी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अनेक लोगो नें भी तीसरी डोज लगवाई यानी बूस्टर डोज लगवाई इस अवसर पर मुकेश पांचाल ने कहा क्षेत्र के लोगों का बढ़-चढ़कर के हिस्सा लेना अपने आप में एक सराहनीय कार्य है आगे भी यह वैक्सीन का कार्य चलता रहेगा इसमें डॉक्टर नरोत्तम प्रिया यादव सिविल डिफेंस शशीकांत दिक्षित दिनेश कुमार आदि भी उपस्थित रहे।

### झगड़ा रोकने के लिए लूट की फर्जी सूचना दी

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली के फतेहपुर बेरी में एक शख्स ने झगड़े को रोकने के लिए लूट की फर्जी सूचना दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो वहां बस स्टैंड पर वैन चालक आपस में झगड़ रहे थे। जिससे जाम की स्थिति बनी हुई थी और राहगीरों को दिक्कत हो रही थी। पुलिस ने शिकायत पर झगड़ा करने वाले सभी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस के अनुसार, शनिवार रात करीब 10 बजे फतेहपुर बेरी थाना पुलिस को एक सूचना मिली। सूचना देने वाले ने पुलिस को बताया कि कुछ लोगों ने उसकी कार का शीशा तोड़ दिया है और उसके चालक से 45 हजार रुपये लूट लिए हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो शिकायतकर्ता अपने चालक के साथ मौजूद मिला। वहां भीड़ जमा थी और चालक हंगामा कर रहे थे। आया नगर बस स्टैंड के पास शांति भंग हो रही थी। पूछताछ में पता चला कि हंगामा करने वाले सभी चालक हैं और लाडो सराय से आया नगर के बीच वैन चलाते हैं। नंबर लगाकर सवारी बैठाने को लेकर वे झगड़ा कर रहे थे।

### गला दबाकर लूटपाट करने वाले दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। द्वारका के डाबरी इलाके में गला दबाकर लूटपाट करने वाले दो घोषित बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी सतवीर और नसीम से चार मोबाइल, नकदी और चोरी की बाइक बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपियों से लूटपाट के सात मामलों को सुलझाने का दावा किया है। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि सात जुलाई को डाबड़ी इलाके में लूटपाट की सूचना मिली थी।

# हम जमीन पर उतर कर रहें हैं जनहित के काम : गौतम गंभीर

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



**संबोधन**

- मनोज तिवारी ने खेल महोत्सव का आयोजन कर युवाओं को अवसर दिया:गंभीर

भाई मनोज तिवारी हों या मैं हम जमीन पर उतरकर जनहित में कार्य कर रहे हैं और जन सेवा में जुटे हैं दूसरी और कई नेता ऐसे हैं जो केवल कागजों में ही अस्पताल बना देते हैं नालों की सफाई करा देते हैं। काम जीरो फीसदी भी नहीं होता और उसे वर्ल्ड लेवल का बता करोड़ों रुपए विज्ञापन पर बहा देते हैं। यह कहना था पूर्वी दिल्ली के सांसद गौतम गंभीर का।

गौतम गंभीर आज नन्द नगरी क्षेत्र में सांसद मनोज तिवारी द्वारा आयोजित सांसद खेल महोत्सव में विचार रख रहे थे। सांसद गौतम गंभीर ने उपस्थित लोगों को अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देशन में सभी सांसदों ने अपने अपने क्षेत्र में ऐसे किये है। सांसद मनोज तिवारी ने खेल महोत्सव का आयोजन कर युवाओं को अवसर दिया है जिसमें कई कई खिलाड़ी देश और दुनिया में दिल्ली का नाम रोशन करने वाले हो सकते हैं उन्होंने कहा कि हमें सुकून है कि हम और भाई मनोज तिवारी जमीन पर जनहित के काम कर रहे वर्ना दिल्ली में कई लोग स्कूल अस्पताल और कई बुलंद इमारतें ख्वाब में बनाते हैं तथा दिल्ली और देश को करोड़ों के विज्ञापन देकर सुनहरे सपने दिखाकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेकते हैं। मनोज तिवारी के साथ गौतम गंभीर एवं दिल्ली बार काउंसिल के उपाध्यक्ष अधिवक्ता दिनेश कुमार सिंह शाहदरा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता प्रवीण चौधरी मैदान पर पहुंचे इस अवसर पर दिल्ली कैंटोनमेंट जोन के उपाध्यक्ष मनीष सिंह कामेडियन दीपक सैनी अभिनेता वरुण सूरी विधायक जितेन्द्र महाजन जिला अध्यक्ष मास्टर विनोद कुमार पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश जैन,कोषाध्यक्ष मुकेश बंसल,मुकेश महेश्वरी, सुनील राठी विकास त्यागी उत्तर पूर्वी जिले के उपाध्यक्ष आनंद त्रिवेदी जिला महामंत्री जितेंद्र कंवर मनोज त्यागी मुकेश वंसल आशीष पुनिया आयोजन समिति के पदाधिकारी तेज प्रकाश अश्वनी शर्मा गंगाराम माहौर आरडी शर्मा कृष्णा चौबे वीरेंद्र खंडेलवाल संजीव उपाध्याय सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे इस अवसर पर मौजूद खिलाड़ियों एवं क्षेत्रीय निवासियों को संबोधित करते हुए मनोज तिवारी ने कहा कि गौतम गंभीर ने देश को विश्व कप जिताने में अभूतपूर्व योगदान दिया आज महोत्सव में रहकर युवा खेल प्रतिभाओं का हौसला बढ़ा रहे हैं मेरी कल्पना और मेरा प्रयास है कि हमारे इस खेल महोत्सव से कई गौतम गंभीर निकले और अपनी खेल प्रतिभा से दुनिया में दिल्ली और देश का नाम रोशन करें उन्होंने कहा कि हमारे इस कार्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति है तो पार्टी का ईमानदार सिद्धांत है और जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार अंत्योदय के सिद्धांत पर चलकर देश को आगे ले जाने का काम कर रही है तो हमारा संसदीय क्षेत्र भी उस में भागीदार और साझीदार रहे इस नेक नियत के साथ गली गली से प्रतिभाओं को निकालने का निरंतर मेरा प्रयास है।

### हर बाजार का जारी किया गूगल फार्म, मांगी जानकारी ताकि विकसित की जा सकें सुविधाएं

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने पांच बाजारों के लिए गूगल फार्म जारी कर व्यापारियों से फार्म भरवा कर सटीक जानकारी मांगी है। खारी बावली, कीर्तिनगर, सरोजिनी नगर, लाजपत नगर और कमला नगर को विश्वस्तरीय रिटेल मार्केट बनाने के लिए दिल्ली सरकार अब हर एक बाजार के लिए एक गूगल फॉर्म तैयार किया है। फार्म के जरिए मार्केट एसोसिएशन्स और दुकानदारों से कई महत्वपूर्ण जानकारियां जुटाई जाएंगी। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री के चेयरमैन बृजेश गोयल ने बताया कि इस प्रक्रिया से आर्किटेक्ट एजेंसी को व्यवसाय और बाजार की पुख्ता जानकारी मिलेगी जिससे वह अच्छे डिजाइन तैयार करवा सकेंगे। व्यापारियों को फॉर्म के जरिए बताना होगा कि वे किस एसोसिएशन से जुड़े हैं, व्यवसाय क्या है, उसका पता, मोबाइल, ईमेल, नाम क्या हैं। कितने लोग काम करते हैं इसमें कितनी महिलाएं, पुरूष हैं। जहां व्यापार है वह भवन कितने मंजिल का है, दुकानें कितनी और किस मंजिल पर हैं। रोजाना कितने लोगों की आवाजाही होती है और इसमें कितने महिला व पुरूष हैं। बृजेश गोयल ने बताया कि दिल्ली सरकार बाजारों की हर प्रक्रिया में व्यापारियों को साथ लेकर चल रही है जिससे कि उस बाजार का संपूर्ण विकास हो सके। बाजारों की जानकारी के आधार पर ही डिजाइन, शौचालय, महिलाओं के लिए सुविधाएं विकसित की जा सकेंगी।

# पांच साल से स्कूली ट्रांसपोर्ट के लिए वाहनों की खरीद नहीं हुई

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

- परिवहन विभाग के नियम के चलते नहीं हो पा रही खरीद
- लगातार घटती जा रही स्कूली कैब की संख्या, संगठनों ने उठाई मांग सरकार बदले नियम

राजधानी में बीते करीब पांच वर्षों से स्कूली ट्रांसपोर्ट के लिए निजी तौर पर नई गाड़ियों (कैब) की खरीद नहीं हो पा रही है। नई कैब की खरीद में स्पीड गवर्नेंस (गति नियंत्रण यंत्र) से जुड़ा नियम आड़े आ रहा है, इसको लेकर स्कूल ट्रांसपोर्ट से जुड़ी यूनियन मांग कर रही है कि सरकार नियमों में बदलाव करे या फिर छूट प्रदान करे। वहीं, सरकार चाहती है कि स्कूल ट्रांसपोर्ट भी सार्वजनिक परिवहन की तरह इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल करे, जिसको लेकर ट्रांसपोर्ट यूनियन के तमाम संदेह हैं। इसी दुविधा के बीच स्कूल से बच्चों को लाने में लगी कैब की संख्या कम हो रही है और स्कूलों का ट्रांसपोर्ट अभिभावकों को महंगा पड़ रहा है।

नियम के तहत स्कूलों में चलने वाले वाहनों की गति सीमा 40 किलोमीटर प्रतिघंटा पर निर्धारित की गई है। साथ ही उनमें कंपनी फिटेड स्पीड गवर्नेंस होना चाहिए। क्योंकि बाहर से लगवाए जाने वाले स्पीड गवर्नेंस में छेड़छाड़ कर फेरबदल करने की गुंजाइश रहती है। अब स्कूल कैब के लिए सीमित वाहनों की जरूरत होती है। इसलिए अधिकांश कंपनियां स्पीड गवर्नेंस नहीं लगाती हैं और अगर लगाकर बेचती भी हैं तो वो परिवहन में इस्तेमाल होने वाली बसों के हिसाब से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति सीमा का स्पीड गवर्नेंस लगा रही हैं। उससे कम गति का स्पीड गवर्नेंस लगाने को तैयार नहीं हैं। स्कूल कैब यूनियन ने बीते दिनों ट्रांसपोर्ट कमिश्नर के साथ बातचीत में भी यह मुद्दा उठाया था। उनका कहना है कि सरकार अपने स्तर पर ऑटोमोबाइल कंपनियों से बात करे या फिर बाहर से स्पीड गवर्नेंस लगाने की इजाजत दे। अगर बाहर से स्पीड गवर्नेंस लगाने की इजाजत दी जाती है तो उसके बाद सरकार उन्हें लिखित रूप में स्वीकृति प्रदान करे। स्कूली कैब के तौर पर नई गाड़ियों की खरीद न होने से लगातार वाहनों की संख्या घट रही है। स्कूल एकता ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष रामचंद्र कहते हैं कि तीन से चार साल पहले तक करीब 35 हजार कैब थीं, जिनमें इको, वैन जैसी गाड़ियां शामिल थीं। अब इनकी संख्या घटकर 30 से 32 हजार हो गई है। सरकार से मांग कर रहे हैं कि वो समाधान निकाले।

### निगम ने बैकलेन में विशेष सफाई अभियान चलाया

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा आरंभ किए विशेष स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली नगर निगम ने बैकलेन में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। उपराज्यपाल स्वयं ही इस पूरे स्वच्छता अभियान पर नजर बनाए हुए हैं। उपराज्यपाल ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि साफ सफाई का कार्य मुख्य सड़कों एवं कॉलोनियों के बाहर तक सीमित न होकर बैकलेन एवं गलियों में भी किया जाना चाहिए। इन्हीं आदेशों का पालन करते हुए नगर निगम सभी कॉलोनियों के बैकलेन में सफाई के लिए अभियान चला रहा है। अभियान में निगम के स्वच्छता, मेंटेनेंस, उद्यान एवं जन स्वास्थ्य विभाग मिलकर अपना योगदान दे रहे हैं। स्वच्छता विभाग बैकलेन में सफाई संबंधी कार्यों का प्रतिपादन कर रहा है। मेंटेनेंस विभाग बैकलेन में जमा कचरे, निर्माण और विध्वंस कचरे को हटा रहा है और उद्यान विभाग बैकलेन में उगी घास एवं खरपतवार को साफ कर रहा है। इस विशेष अभियान को निगम के सभी 12 क्षेत्रों में हफ्ते में 3 दिन चलाया जा रहा है। जिसमें दैनिक कार्य के बाद इस कार्य के लिए निर्धारित 3 दिनों में 2 से 3 घंटे बैकलेन की सफाई की जा रही है।

# निगम चुनावों से भाग रही है भाजपा : विनोद जायस

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी एकीकरण के नाम निगम को भंग कर नगर निगम चुनावों से पहले ही भाग चुकी है। अब परिसीमन के नाम पर चुनाव टाल रही है। यह कहना है भजन पुरा वार्ड से कांग्रेस नेता ठाकुर विनोद कुमार जायस का। विनोद जायस कहते है भाजपा को मालुम है पन्द्रह साल के कार्यकाल में निगम में उसने कुछ नहीं किया निगम चुनाव हुए तो उसकी हार तय है लिहाजा भाजपा निगम चुनावों को लम्बे समय तक टालने के मूड में है। विनोद जायस कहते हैं जिस परिसीमन की आड़ में भाजपा चुनाव टालना चाहती है वह फामुर्ला एकदम अव्यवहारिक है लिहाजा कोई भी व्यक्ति उसे कोर्ट में चुनौती दे देगा और चुनाव फिर लम्बे खिंच जायेगें। विनोद जायस कहते हैं ये कहाँ की तुक है आज दिल्ली की आबादी तीन करोड़ है और परिसीमन तकरीबन पौने दो करोड़ की आबादी पर होगा। यह परिसीमन आज की जन गणना के आधार पर होना चाहिए। विनोद जायस कहते हैं नगर निगम एकीकरण बिल के अनुसार दिल्ली में पहले के 272 वार्ड की संख्या को घटाकर अधिकतम 250 वार्ड बनाए जाएँगे और यह पूरी प्रक्रिया 2011 जनसंख्या के आधार पर होगी। जबकि उस वक्त दिल्ली की जनसंख्या करीब 1.67 करोड़ थी परंतु एक अनुमान मुताबिक आज राजधानी की जनसंख्या लगभग 3 करोड़ पहुँच चुकी है, इसलिए परिसीमन की पूरी प्रक्रिया ही गलत होगी। विनोद कहते हैं पहले एकीकरण किया गया, अब परिसीमन किया जा रहा है। उन्होने सवाल पूछा कि क्या तीन नगर निगम को एक करने से फंड की समस्या खत्म हो पाई? उन्होने कहा कि एमसीडी के कर्मचारी आज भी हड़ताल पर है, जनता गंदगी, जलभराव से परेशान है लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। विनोद नें कहा कहा कि निगमों के एकीकरण के फैसले का असली मकसद संभावित हार को टालना था क्योंकि दिल्ली की जनता भाजपा और केजरीवाल के भ्रष्टाचार से परेशान है।

### सरकार ने चोरी-छुपे बढ़ाए बिजली के दाम : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने सरकार पर चोरी छुपे बिजली के दाम बढ़ाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ दिल्ली सरकार ने बिजली सब्सिडी की योजना पर शर्तें लगा दी हैं और दूसरी तरफ अब पीपीएसी यानी पावर परचेज एडजस्टमेंट कॉस्ट के नाम पर दाम चार फीसदी तक बढ़ा दिए। उन्होंने बढ़ोतरी तुरंत वापस लेने की मांग की। बिधूड़ी ने कहा, बिजली की उचित समय पर खरीद की जिम्मेदारी कंपनियों की है। अगर कंपनियां इस जिम्मेदारी को पूरा नहीं करतीं तो फिर जनता से वसूली कैसे की जा सकती है? सर्दियों में बिजली कम दरों पर खरीदी जाती है, अगर इसी सिद्धांत का पालन किया जाए तो उस समय बिजली सस्ती की जानी चाहिए। बिधूड़ी ने कहा कि सरकार इस मामले में मूकदर्शक बनी हुई है जिसका मतलब है कि बिजली के ज्यादा रेट सरकार की सहमति से लिए जा रहे हैं। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली में फिक्स्ड चार्ज पूरे देश के मुकाबले सबसे ज्यादा हैं।

# निर्माण स्थलों के पंजीकरण के लिए विशेष अभियान चलाएंगे : गोपाल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली सरकार निर्माण और विध्वंस (सी एंड डी) पोर्टल पर निमार्णाधीन स्थलों के पंजीकरण के लिए एक विशेष अभियान चलाएगी। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने रविवार को कहा कि 15 से 30 जुलाई तक पोर्टल पर विशेष अभियान चलाने के आदेश जारी किए गए हैं। आगामी 15 से 30 जुलाई के बीच सीएंडडी पोर्टल पर पंजीकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। अब तक 600 परियोजना स्थलों ने पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। डीपीसीसी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि सभी परियोजना स्थल वहां पंजीकृत हों।

उन्होंने कहा, इसके अलावा, जो एजेंसियां भवन योजना की मंजूरी के लिए जिम्मेदार हैं उन्हें यह सुनिश्चित करने की भी आवश्यकता है कि परियोजना प्रस्तावक खुद को पंजीकृत करवाएं। उन्होंने बताया कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) को सभी के स्व-लेखापरीक्षा की लक्षित और प्राप्त मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश भी जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा, डीपीसीसी को वेब पोर्टल पर परियोजना प्रस्तावकों को अनिवार्य रूप से पंजीकृत करने, धूल नियंत्रण नियमों के अनुपालन की स्व-लेखापरीक्षा और पोर्टल पर स्व-घोषणा प्रपत्रों को पखवाड़े के आधार पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया है। सीएंडटी पोर्टल को पिछले साल अक्टूबर में लॉन्च किया गया था और पोर्टल पर 500 वर्ग मीटर से अधिक के सभी निर्माण स्थलों का स्व-पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया था। यह पोर्टल डीपीसीसी के सभी अधिकारियों को साइट निरीक्षण करने, ऑनलाइन रिपोर्ट जमा करने और उद्गहण तथा संग्रह करने की सुविधा भी देता है।

श्री राय ने कहा, स्व-मूल्यांकन पोर्टल पिछले साल अक्टूबर में लॉन्च किया गया था क्योंकि सभी निर्माण और विध्वंस स्थलों का दौरा करना और धूल नियंत्रण मानदंडों के अनुपालन की निगरानी करना मुश्किल था। इसीलिए परियोजना के प्रस्तावकों को अनिवार्य रूप से वेब पोर्टल पर पंजीकरण करने, धूल नियंत्रण नियमों के अनुपालन की स्व-लेखा परीक्षा और पखवाड़े के आधार पर पोर्टल पर स्व-घोषणा पत्र अपलोड करने के लिए कहा गया था। इसके साथ ही निर्माण स्थल पर रिमोट कनेक्टिविटी के साथ वीडियो फेंसिंग का भी प्रावधान करना होगा।

# लगातार बढ़ता जा रहा है दिल्ली पर कर्ज : राजेन्द्र

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

वरिष्ठ अधिवक्ता तथा शाहदरा जिला भाजपा के नेता राजेन्द्र पाल का कहना है दिल्ली पर लगातार कर्ज बढ़ता जा रहा है और मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल दावा करते हैं दिल्ली का बजट सरप्लस है। यह मात्र भ्रम फैलाया जा रहा है।

राजेन्द्र पाल कहते हैं केजरीवाल यह झूठा भ्रम फैला रहे है कि दिल्ली सरकार ने पिछले 7 वर्षों में 1 रुपये का भी लोन नही लिया जबकि वास्तविकता यह है कि वर्ष 2022 तक दिल्ली के उपर कई हजार करोड़ रुपये कर्ज बढ़ गया है। सीएजी रिपोर्ट बताती है कि दिल्ली कर्ज में डूबती जा रही है जबकि पिछली परम्परा अनुसार दिल्ली का बजट तो प्रत्येक वर्ष बढ़ता रहता है और केजरीवाल अपनी नाकामियों, विफलताओं को छिपाने के लिए गुजरात में जाकर झूठ बोल रहे है कि दिल्ली के पास सरप्लस बजट है। राजेन्द्र पाल ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने अपनी नाकामियों को छिपाने सत्र में रिपोर्ट पर कोई चर्चा नही की गई जबकि रिपोर्ट का सारांश बताता है कि रिपोर्ट में बताने की जगह छिपाने का काम ज्यादा किया गया है।

# नाकामियों को छिपाने के लिए करते हैं केजरीवाल जुमलेबाजी : विनीत

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

- महंगाई से दिल्लीवालों का ध्यान भ्रमित करने के लिए दिल्ली में भारत का सबसे बढ़ा काफेस्टिवल लगाने की घोषणा कर रहे है

शाहदरा जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता विनीत जैन जो की कई औधोगिक संस्थाओं से भी जुड़े हैं का कहना है दिल्ली सरकार के मुखिया और कुछ मंत्री दिल्ली सरकार की नाकामियों को छिपाने के लिए अनाप शनाप घोषणाये करते है।

विनीत जैन कहते हैं कई बार तो ऐसी घोषणाये की जाती हैं जिनका कोई सर पैर ही नहीं होता। विनीत जैन कहते हैं केजरीवाल राजधानी में बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई पर नियंत्रण पाने में अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए दिन-प्रतिदिन नई घोषणाऐं करके लोगो को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार दिल्ली स्कील यूनिवर्सिटी सिम्पलेक्स और इंडिया विजन फाउडेशन के निर्माण श्रमिकों, राजमिस्त्रियों को सिर्फ 15 दिनों में विशेष ट्रेनिंग देकर कुशल कारीगर बनाने की घोषणा करके राजनीतिकरण कर रही है।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार भविष्य की योजनाओं के लिए घोषणाऐं करने के साथ-साथ रोजमर्रा की वस्तुओं, पेट्रोल, डीजल और गैस सिलेंडर की बढ़ती दरों पर नियंत्रण करने की योजना बनाई जानी चाहिए। विनीत जैन नें कहा ने कहा कि दिल्ली स्कील यूनिवर्सिटी 15-15 दिनों विशेष ट्रेनिंग के तहत सिम्पलेक्स और इंडिया विजन फाउडेशन के साथ कैसे कुशल कारीगर बन सकता है जबकि किसी भी ट्रेड में स्मार्ट वर्कर और कुशल कारीगर बनाने के लिए कम से कम 6 महीने का समय लगता है, तो फिर 15 दिन में 40 प्रतिशत प्रोडक्टिविटी बढ़ाने वाला, 25 प्रतिशत क्वालिटी बढ़ाने वाला और 50 प्रतिशत मेटेरियम वेस्टेज को बचाने वाला कुशल कारीगर कैसे बन सकता है? उन्होंने कहा कि जब केजरीवाल सरकार ने वेजेस फिक्स किए हुए है तब कैसे किसी श्रमिक की 8 हजार रुपये प्रतिमाह आय बढ़ सकती है। विनीत जैन ने कहा कि केजरीवाल वास्तविकताओं से परे दिल्लीवासियों को सिर्फ सपने दिखाने का काम करते है, केजरीवाल का यह वक्तव्य कि 5 लाख स्केवयर फीट के प्रोजेक्ट पर यह 15 दिन में ट्रेनिंग लेकर कुशल कारीगर बनकर औसतन 2 करोड़ रुपये की बचत करेंगे, एक जुमला साबित होगा।

उन्होंने कहा कि महंगाई की मार झेल रहे दिल्लीवासियों के लिए अरविन्द केजरीवाल द्वारा 28 जनवरी से 26 फरवरी 2028 तक दिल्ली शापिंग फेस्टिवल की घोषणा करना उनकी भावनाओं को ठेस पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल महंगाई से दिल्लीवालों का ध्यान भ्रमित करने के लिए दिल्ली में भारत का सबसे बढ़ा काफेस्टिवल लगाने की घोषणा कर रहे है।

### छेड़खानी के आरोप में ससुर को मिली एक साल की कैद रद्द

नई दिल्ली। बेटे की पत्नी के साथ छेड़खानी के मामले में निचली अदालत द्वारा बुजुर्ग को सुनाई गई एक साल की साधारण कैद की सजा को सत्र अदालत ने रद्द कर दिया है। अदालत ने कहा कि निचली अदालत ने अहम साक्ष्यों को नजरअंदाज कर बुजुर्ग को सजा सुनाई, जोकि पूरी तरह गलत है। साकेत स्थित प्रिंसीपल जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरौत्तम कौशल की अदालत ने बुजुर्ग की सजा को रद्द करते हुए कहा कि यह मामला पूरी तरह बदले की प्रवृति का था। परंतु संबंधित निचली अदालत ने उन तथ्यों की अनदेखी कर दी, जोकि मामले को सही दिशा में ले जाते। महिला ने अपने ससुर पर तब छेड़खानी के आरोप लगाए जब ससुर बहू-बेटे के खिलाफ पहले ही कानूनी कदम उठा चुका था।

**अनुभव** | विश्वविद्यालय में छात्रों के पहले बैच के साथ हमारा अनुभव शानदार रहा है : प्रो . नेहारिका वोहरा

# दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विवि ने डिग्री और डिप्लोमा में 40 से अधिक पाठ्यक्रमों की पेशकश की

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक वर्ष 2022-2023 के लिए डिप्लोमा एवं डिग्री में 40 से अधिक कार्यक्रमों की पेशकश की है। इस साल विश्वविद्यालय में महिलाओं के लिए एक विशेष योजना शुरू होगी। विश्वविद्यालय ने उद्घाटन बैच के छात्रों के साथ पहला शैक्षणिक वर्ष सफलता पूर्वक पूरा कर लिया है। इस सफलता में छात्रों द्वारा दी गई प्रतिक्रिया का योगदान रहा है।

डी.एस.ई.यू. की कुलपति प्रो. डॉ. नेहारिका वोहरा ने इस शैक्षणिक वर्ष की योजनाओं पर कहा कि हमारा डी.एस.ई.यू. में छात्रों के पहले बैच के साथ एक समृद्ध अनुभव रहा है। दूसरे बैच का स्वागत के लिए हम उत्सुक हैं। हमने छात्रों के प्रायोगिक ज्ञान, इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट के अवसरों का सहयोग करने और छात्रों के सीखने के लिए एक बाधा मुक्त माहौल बनाने के लिए 60 से अधिक उद्योग भागीदारों को साथ जोड़ा है। उन्होंने कहा कि हमारी उद्योग भागीदारी डी.एस.ई.यू. में पढ़ाये जा रहे कार्यक्रमों को सुविधाजनक बना रही है और छात्रों को उनके सीखने के अनुभव को बेहतर बनाने व संसाधनों तक पहुंचने के साधन प्रदान करने में अतिरिक्त सहायता कर रही है। एक उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि हमारे डेटा एनालिटिक्स प्रोग्राम को छात्रों को नवीनतम तकनीकों को सीखाने के लिए डिजाइन किया गया है। जब कुछ छात्रों ने इन सॉफ्टवेयरों तक पहुंचने के लिए लैपटॉप नहीं होने की चिंता जताई, तो विश्वविद्यालय ने डेटा एनालिटिक्स प्रोग्राम के 15 से अधिक छात्रों को सीखने में सहायता करने के लिए सेकेंड-हैंड रीफर्बिश्ड एवं रिपेयर्ड लैपटॉप प्रदान किए। ये ज्यादातर पहली पीढ़ी के शिक्षार्थी हैं और इसी कारण हमारे लिए यह सुनिश्चित करना और भी आवश्यक हो जाता है कि संसाधनों की कमी के कारण उनकी शिक्षा प्रतिबंधित न हो। छात्रों को शुल्क-माफी और छात्रवृत्ति प्राप्त करने में सहायता करने के लिए विश्वविद्यालय के पास एक समर्पित टीम है। चल रहे शैक्षणिक वर्ष की समीक्षा के लिए पिछले वर्ष विश्वविद्यालय ने अपने कैंपस निर्देशक एवं नेतृत्व टीम के साथ छात्रों के नियमित इंटरैक्टिव सत्र भी किये।

विश्वविद्यालय के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए डी.एस.ई.यू. के रजिस्ट्रार अश्विनी कंसल ने कहा कि विश्वविद्यालय सभी योग्य उम्मीदवारों के नौकरी उन्मुख डिग्री हासिल करने के अधिकार को महत्वपूर्ण समझता है। हम डी.एस.ई.यू. में समाज के सभी वर्गों से आने वाले छात्रों के लिए अधिक अवसर प्रदान करने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। कई आय आधारित छात्रवृत्तियां, 10 से अधिक संस्थागत छात्रवृत्ति के साथ-साथ बाहरी छात्रवृत्तियां भी हैं, जिनका छात्र लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि डी.एस.ई.यू. ने 300 से अधिक संस्थागत छात्रवृत्ति (डी.एस.ई.यू. टॉपर्स छात्रवृत्ति) एवं 110 से अधिक बाहरी छात्रवृत्तियां शुरू की हैं, जिनमें से कुछ हमारे उद्योग भागीदारों द्वारा समर्थित हैं, जैसे- के. सी. महिंद्रा छात्रवृत्ति, टाटा पावर स्कॉलरशिप, जय कृष्ण छात्रवृत्ति, आदि, की शैक्षणिक वर्ष 2021 में प्रवेश लेने वाले छात्रों को प्राप्त हुई हैं।

इसके साथ ही, विश्वविद्यालय, उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा दी गई मेरिट - कम - मीन्स छात्रवृत्ति (100 फीसद, 50 फीसद और 25 फीसद) के लिए डी.एस.ई.यू के डिग्री कार्यक्रमों से योग्य लगभग 370 छात्रों लगभग के आवेदन में उनकी सहायता कर रहा है और डिप्लोमा कार्यक्रमों से लगभग 67 छात्रों के लिए डी.एस.ई.यू. दिल्ली सरकार के कल्याण विभाग के ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से पोस्ट मैट्रिक मेरिट छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए छात्रों का सहयोग कर रहा है।

### चांदनी चौक की 129 साल पुरानी संस्था के निर्विरोध चुने गए प्रधान सहित सभी पदाधिकारी

नई दिल्ली। दिल्ली के व्यापारिक इलाके चांदनी चौक के व्यापारियों की सबसे पुरानी संस्थाओं में एक दिल्ली हिंदुस्तानी मर्केंटाइल्स एसोसिएशन के चुनाव निर्विरोध संपन्न हो गए। आगामी द्विवार्षिक सत्र के निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों में मुकेश सचदेवा प्रधान, भीमसेन ढींगरा वरिष्ठ उपप्रधान, सुमन अनेजा उपप्रधान और महामंत्री श्रीभगवान बंसल बनाए गए हैं। चुनाव अधिकारी ने बताया कि कार्यकारणी की 31 सीटों के लिए 32 फार्म आए हैं और अगर जरूरत हुई तो इनका चुनाव करवाा जाएगा। हालांकि इससे पहले नौ पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। संस्था के हर दो साल में चुनाव होते हैं लेकिन कोरोना के चलते इस बार चार साल बाद चुनाव हो रहे हैं। निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों में मंत्री अनिल सैनी, उपमंत्री रामप्रकाश बंसल, कोषाध्यक्ष रमेश गर्ग, संगठन मंत्री गणपत आहूजा, ग्रुप लीडर राजेश मल्होत्रा और प्रचार मंत्री भरत जैन प्रमुख हैं। महामंत्री श्रीभगवान बंसल ने बताया कि संस्था 129 वर्ष से प्रत्येक वर्ष अधिवेशन का आयोजन कर रही है और इस साल यह अधिकवेशन 27 जुलाई को होगा।

# दिल्ली में बंद हो रहीं शराब की दुकानें, महंगे ब्रांड की मांग घटी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

राजधानी में लगातार शराब की दुकानों की संख्या कम होती जा रही है। सीलिंग, विरोध और घाटे के बीच दुकानों के बंद होने का सिलसिला जारी है। वहीं, एक अगस्त से राजधानी में नई आबकारी नीति लागू होनी है, जिसके मद्देनजर दुकानदार सीमित मात्रा में स्टॉक की मांग कर रहे है। क्योंकि हर कोई चाहता है कि नई नीति लागू होने से पहले स्टॉक पूरी तरह से खत्म रहे, जिससे आगे चलकर कोई परेशानी न हो। इस कारण से कई हिस्सों में अंग्रेजी शराब के महंगे ब्रांड की कमी है।

बीते वर्ष 17 नवंबर को आबकारी नीति लागू की गई थी, जिसके तहत प्रत्येक वार्ड में अनिवार्य तौर पर तीन शराब की दुकानें खोलने के लक्ष्य रखा गया था। एक समान रूप से शराब की उपलब्धता सुनिश्चित कराने और कालाबाजारी को रोकने के लिए यह नियम बनाया गया था। इसके तहत राजधानी के कुल 272 वार्डों में 849 दुकानें खोले जाने का लक्ष्य रखा गया लेकिन यह लक्ष्य कभी हासिल नहीं हुआ। उल्टे राजधानी के 32 जोन में वेंडर द्वारा खोली गईं दुकानों को नक्शे के विपरीत व अन्य कमियों की वजह से सील किया गया। उधर, राजधानी के बड़े हिस्से में शराब की दुकानों को लेकर स्थानीय लोगों का विरोध रहा। कुछ जगहों पर लोगों ने आरोप लगाए कि आवासीय, धार्मिक व शैक्षिक संस्थान के पास शराब की दुकान खोली गई है, जिसको लेकर कई बार मारपीट तक की नौबत आ गई। इन सभी कारणों के चलते दुकानों तेजी से बंद हुई। मई तक राजधानी में महज 464 दुकानें संचालित थी, जिनकी संख्या अब घटकर 400 तक पहुंच गई है। सरकार ने पांच मई को आबकारी नीति को मंजूरी दी थी। इसके बाद उपराज्यपाल की स्वीकृति मिलने का इंतजार था। सरकार की तैयार एक जून से नई नीति को लागू करने की थी लेकिन उससे पहले सरकार ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए जारी की गई आबकारी को दो महीने (31 जुलाई) तक के लिए बढ़ा दिया था।

## संक्षिप्त खबरें

### शांति व हर्षोल्लास के साथ बकरीद सम्पन्न

रामगढ़वा। मुस्लिम धर्मावलंबियों का प्रमुख पर्व ईद उल जोहा अर्थात बकरीद पूरे प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो गया। इस दौरान रामगढ़वा प्रखंड के रामगढ़वा, आमोदेई, बेला, अधकपरिया, चड़वा, मंझरिया, पनटोका आदि ईदगाहों में बकरीद की विशेष दो रकअत नमाज अदा की।वही नमाज के दौरान तकरीर करते हुए मुफ़्ती इस्लाम, मुफ़्ती जियाउल हक ने कहा कि हजरत इब्राहीम व उनके पुत्र की याद में मनायी जाती है, जहाँ अल्लाह के हुक्म के मुताबिक अपने सबसे प्यारे चीज की कुबार्नी दी जाती है। कुबार्नी के गोश्त को तीन भागों में बांटा जाता है ताकि पर्व का आनन्द गरीब भी लें। इस दौरान बकरीद के पहले दिन पूरे क्षेत्र में करीब दो हजार से अधिक खस्सी व बकरे की कुबार्नी दी गयी। वही पर्व को शांति पुरनै सम्पन्न कराने के लिए रामगढ़वा सीओ मणिभूषण कुमार, थानाध्यक्ष इंद्रजीत पासवान व राजस्व अधिकारी सतीश कुमार सघन गश्ती कर रहे थे।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बकरीद

चकिया। चकिया अनुमंडल के विभिन्न ईदगाहो में भारी संख्या में मुसलमान भाइयों ने ईद उल अजहा की नमाज अदा की और अमन चैन बहाल रहे, लोग खुशहाल रहे इसके वास्ते ऊपरवाले से दुआ की। बकरीद के इस खास मौके पर चकिया के सभी वर्गो के बुद्धिजीवी लोगो ने शिरकत कर मुसलमान भाइयों को मुबारकबाद दी और शांति का पैगाम दिया। देश में शांति बहाल रहे, आवाम खुशहाल रहे और देश समृद्धि के रास्ते पर चलता रहे ,लोगो के बीच भाईचारा कायम रहे, इसके लिए दुवा की गई । बताते चले बकरीद के मौके पर ईद उल अजहा के नमाज के लिए अनुमंडल प्रशासन ने चाक चौबंद व्यवस्था की थी और किसी भी प्रकार के कुव्यवस्था से निपटने के लिए हर चौराहे पर पुलिस बल की भारी तैनाती की गई थी। वही अनुमंडल से लेकर प्रखण्ड के अधिकारियों ने लोगो को बकरीद की मुबारकबाद दी और भाईचारे के लिए दुवा की। वही डीएसपी चकिया संजय कुमार और चकिया थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर धन्नजय कुमार ने कानून व्यवस्था को इस खास मौके पर दुरुस्त रखने की बात कही और बकरीद की मुबारकबाद दी।

### सांसद एव अनुसूचित जनजाति प्रदेश एव गया महानगर ने आपसी भाइचारा का परिचय



गया । गया जिलाध्यक्ष महानगर जदयू गया राजू बरनवाल , गया लोकसभा के लोकप्रिय सांसद विजय मांझी, पूर्व जिलाध्यक्ष शौकत अली एवं जनता-दल यू. के सम्मानित साथियों के द्वारा गया के गाँधी-मैदान में सुबह के नमाज के बाद मुस्लिम भाइयों को गुलाब का फूल देकर ईद उल जोहा (बकरीद) पर्व के लिए मुबारकबाद दियें हैइसके साथ ही उन्होंने कहा कि ये पावन त्योहार हमें एक न्यायपूर्ण, सौहार्दपूर्ण मधुर और समावेशी समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करेगा और साथ ही उम्मीद जताते हैं कि बकरीद का ये मौका हमारे बीच भाईचारे और करुणा की भावना को और भी बढ़ाएगा। बकरीद के मौके पर सांसद ने कहा- ईद मुबारक ! बधाई. यह त्योहार हमें मानव जाति की भलाई के लिए सामूहिक कल्याण और समृद्धि की भावना को आगे बढ़ाने की दिशा में काम करने के लिए हमसबों को प्रेरित करेगा।

# राजस्व एवं भूमिसुधार मंत्री के आवास पर मिले उपमुख्यमंत्री

## राजनीतिक गलियारों में चर्चा का बाजार गर्म



**मुलाकात**

- डिप्टी सीएम को घर पहुंचने पर मंत्री रामसूरत राय ने गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया

मुजफ्फरपुर ,प्रात :किरण संवाददाता

राजस्व विभाग में तीस जून को बड़े पैमाने पर हुए तबादले को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा रद्द कर दिए जाने के बाद बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री रामसूरत राय सीएम नीतीश कुमार से नाराज चल रहे हैं। उन्होने भविष्य में जनता दरबार नहीं लगाने और जनता की कोई शिकायत नहीं सुनने की भी घोषणा कर दी है। रामसूरत राय की नाराजगी का आलम यह है कि उन्होंने पद छोड़ने तक की पेशकश कर दी है।

सीएम ऑफिस के एक निर्णय से खफा रामसूरत राय यह भी कहने से गुरेज नहीं करते कि उनके विभाग में माफिया का राज है। वे सीएम के कान भर रहे हैं। रामसूरत राय ने जनता दरबार लगाकर लोगों के मुलाकात करने का अपना कार्यक्रम भी स्थगित कर दिया है। पटना छोड़कर इन दिनो वे अपने मुजफ्फरपुर के गरहां गांव स्थित आवास पर आराम कर रहे हैं। सीएम और रामसूरत कुमार के बीच पनपी तल्खी के बीच आज सूबे के उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद रामसूरत कुमार के घर जाकर मिले। वे वहां आधा घंटा रुके। डिप्टी सीएम को घर पहुंचने पर मंत्री रामसूरत राय ने गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया।

इस दौरान मंत्री जी के भाई, परिजन समेत कई लोग मौजूद रहे। डिप्टी सीएम दरभंगा जाने के क्रम में रामसूरत राय के घर पहुंच गए। मंत्री जी के निकटतम सूत्र से मिली जानकारी के मुताबिक डिप्टी सीएम के स्वागत में हंसलाल राय, राम बाबू राय, भरत राय, प्रखंड प्रमुख साजन कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजीव बिहारी समेत कई लोग मौजूद थे। सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि मंत्री तारकिशोर प्रसाद ने अपने कैबिनेट सहयोगी से थोड़ी देर के लिए अकेले में भी मुलाकात की। लेकिन क्या बात हुई इसकी जानकारी नहीं दी गयी है। वैसे जानकारी मिली है कि दरभगा जाने के क्रम मे मुजफ्फरपुर के गरहां में उप-मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद का स्वागत करते हुए बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री राम सूरत कुमार उन्हें बगल में स्थित अपने आवास पर ले गये थे। मौके पर - पूर्व मंडल अध्यक्ष संजीव बिहारी, वसंत कुमार कुशवाहा, मिथलेश कुमार, हंसलाल राय, राम बाबू राय ,भरत राय,प्रखंड प्रमुख साजन कुमार, राजेन्द्र पासवान, सुरज मुखिया, सोनू कुमार, अभिषेक कुमार, गुड्डू कुमार, सकलदिप ठाकुर ,राजू कुमार, आदि उपस्थित थे। वैसे कुछ लोग इन दोनों नेताओं की मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बता रहे हैं क्योंकि मुजफ्फरपुर से दरभंगा जाने के रास्ते फोरलेन सड़क किनारे ही गरहां में रामसूरत कुमार का आवास है।

# सीमांचल बना भ्रष्ट पदाधिकारी व भ्रष्टाचारी अभियंताओं का अड्डा: राज

पूर्णिया, प्रात : किरण संवादाता



- सरकार के गलत नीतियों के कारण भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है : डॉक्टर आलोक

राजद के जिला प्रवक्ता एवं बिहार से भ्रष्टाचार मिटाओ आंदोलन की अगुवाई कर रहे डॉक्टर आलोक राज ने एक बयान जारी कर कहा कि बिहार में भ्रष्टाचार की बहार हो गई है, किसी भी विभाग की बात करें सभी जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला है। भ्रष्टाचारियों का मनोबल इतना ऊपर है कि उन्हें किसी बात भय और डर नहीं है, और खास करके सीमांचल में पदस्थापित पदाधिकारियों में तो भय और डर का माहौल है समाप्त हो चुका है। यह लोग अपने आप को भारत के संविधान से ऊपर मानते हैं।

आश्चर्य होगा कि भ्रष्टाचार में जो लोग इनका सहयोग नहीं करते हैं उन्हें यह लोग मानसिक रूप से लेकर आर्थिक रूप तक परेशान करते हैं और प्रताड़ित भी करते हैं। उन्होंने कहा कि सीमांचल भ्रष्टाचारियों पदाधिकारी और अभियंताओं के लिए सबसे अच्छा क्षेत्र बनता जा रहा है। भ्रष्टाचार में लिप्त पदाधिकारी एवं अभियंता जो यहां पदस्थापित है भ्रष्टाचार को अंजाम देकर हर माह करोड़ों रुपए की कमाई कर रहे है। ऐसे कई पदाधिकारियों की सूची तो मेरे पास उपलब्ध है, समय आने पर मैं ऐसे पदाधिकारियों का नाम भी सार्वजनिक करूंगा और उनकी संपत्ति का ब्यौरा भी सार्वजनिक करूंगा। श्री राज ने कहा कि सरकार के गलत नीतियों के कारण भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है सबसे पहले सरकार को उस नीति में सुधार करनी होगी। सीमांचल में पदस्थापित खास करके कार्य विभाग से जुड़े पदाधिकारियों एवं अभियंताओं की संपत्ति की जांच स्पेशल विजिलेंस यूनिट से कराने का काम करें, साफ जाहिर हो जाएगा कि यह पदाधिकारी किस तरह भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में निचले स्तर से लेकर विभाग के ऊपरी स्तर तक के पदाधिकारी सम्मिलित हैं, और ऐसा नहीं है कि ऊपरी पदाधिकारी को इस बात की जानकारी नहीं है, जानकारी सबको है और सब को अपनी भ्रष्टाचार में हिस्सेदारी से मतलब है और सीमांचल के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को भी इस बात की जानकारी है। कुछ लोगों ने तो आवाज भी उठाई है लेकिन सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है इससे निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का मनोबल भी छोटा होता जा रहा है और भ्रष्टाचारियों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को मालूम होना चाहिए कि कोई सी भी व्यक्ति की पहुंच कितनी भी ऊपर क्यों ना हो लेकिन भारतीय संविधान से ऊपर नहीं हो सकती कुछ क्षण के लिए वह अपने आप को मजबूत समझ सकते हैं, लेकिन एक ना एक दिन उन्हें इस भ्रष्टाचार करने का परिणाम जरूर भुगतना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार अगर सचमुच भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करना चाहती है तो, मैं कई भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सबूत तक दे सकता हूं। इन लोगों ने अपने पद का दुरुपयोग कर सरकार को किस तरह करोड़ों रुपए का चूना लगाया है और भ्रष्टाचार कर अवैध रूप से करोड़ों रुपए की कमाई किए हैं। आलोक राज ने कहा कि मैं जल्द ही ऐसे पदाधिकारियों का नाम एवं ब्यौरा बिहार के मुख्यमंत्री, बिहार के स्पेशल बिजनेस यूनिट के पदाधिकारी से मिलकर लिखित रूप से दूंगा, अगर उसके बाद भी इन भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो न्यायालय में जाकर इनके खिलाफ लोकहित याचिका दायर कर भ्रष्टाचार का खुलासा करूंगा।

# जाप सुप्रीमो ने की रामगढ़वा सीओ व थानाध्यक्ष से मुलाकात



रामगढ़वां, प्रात : किरण संवादाता

जन अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने नेपाल से लौटने के उपरांत रामगढ़वा थाना में पहुंचे जहां रामगढ़वा सीओ मणिभूषण कुमार राय व थानाध्यक्ष इंद्रजीत पासवान से मुलाकात कर क्षेत्र का हाल चाल जाना। इस दरम्यान थाना को देख कर बोले कि यहां पुलिस का अपना भवन नही है तो काम कैसे चलता होगा, जब सभी सिपाही व अधिकारी थाना के अगले बगल किराए में रहते है। उन्होंने रामगढ़वा सीओ से आग्रह किया कि जब समाज के रक्षक बेघर है तो सुरक्षा कौन करेगा ? इस पर रामगढ़वा सीओ ने बताया कि एनएच के किनारे जमीन की खोज की जा रही है, बहुत जल्द ही जमीन मिल जाएगा। वही इस दौरान पप्पू यादव ने रामगढ़वा थाना क्षेत्रों के भौगोलिक हाल जाना। पूर्व सांसद के साथ जाप के जिलाध्यक्ष, प्रदेश महासचिव धीरज सिंह, पूर्व शिक्षक रामाश्रय सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# त्याग बलिदान के पर्व ईद-उल-अजहा हर्षोल्लास से मनाया गया

बोचहां, प्रात : किरण संवादाता



- कुबार्नी का त्योहार ईद-उल-अजहा पूरे जिले में

अकीदतमंदों ने हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर ईदगाहों, मस्जिदों में नमाज अदा की गई। शहर व गांव के ईदगाहों-मस्जिदों पर सुबह से ही नए नए कपड़े पहन कर सर पर इमामा बांधे हुए कपड़ों पर अतर लगाए हुए नमाजियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था।

एतवारपुर ताज शाही जामा मस्जिद में इमाम खतीब मौलाना फखरे आलम ने बकरीद के मौके से इस्लामी पहलुओं पर रोशनी डाली। कहा कि मुसलमानों की दो ही ईद है- ईद-उल-फित्र और ये ईद-उल-अजहा। ईद त्याग और बलिदान का पैगाम देता है। मुट्ठी भर लोग मुल्क में फिरकापरस्ती और सांप्रदायिकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। इसे हमें और पूरे देशवासियों को समझने की जरूरत है, ताकि सांप्रदायिकता फैलाने वाले की हर कोशिश नाकाम हो जाए। इस पर्व के मौके पर हिंदू मुसलमान एक होकर भाईचारा को मजबूत बनाए और एक मिसाल कायम करें। शाही जामा मस्जिद में मौलाना फखरे आलम ने बकरीद की नमाज पढ़ाई। मौलाना ने अपने खुतबे में लोगों को अमन, भाईचारा और साफ-सफाई के साथ बकरीद मनाने पर जोर दिया। मौके पर प्रखंड उपप्रमुख आसिफ नदीम फरीदी, अफरोज आलम, फिरोज आलम, शमशुल हक, अब्दुल्लाह, मोहम्मद सब्दुल,मोहम्मद जसीम,इसराइल अंसारी,आशिक अली,परवेज आलम,मोहम्मद समीर , असफाक,मुस्ताक, रियाजुल सहित अन्य ने ईद उल अजहा की नमाज अदा की देशवासियों के लिए अमन चैन की दुआ मांगी एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना अध्यक्ष अरविंद प्रसाद के नेतृत्व में भरी संख्या में पुलिस गश्त कर रही थी।

# आईओसीएल के अध्यक्ष का डीएम ने किया भव्य स्वागत

मोतिहारी, प्रात :किरण संवाददाता

गांधी के कर्म भूमि पर आए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष श्रीकांत माधव का भव्य स्वागत पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक द्वारा किया गया। प्रातः में अतिथि गृह, मोतिहारी से गांधी संग्रहालय, मोतिहारी तक स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ उन्होंने साइकिल रैली में भाग लिया।

गांधी संग्रहालय, मोतिहारी में स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा 1 जुलाई से 15 जुलाई 2022 तक संपन्न कराने संबंधी शपथ कार्यक्रम में उन्होंने भाग लिया। इसके बाद गांधी संग्रहालय मोतिहारी में उन्होंने पौधारोपण भी किया। भ्रमण के दौरान रोइंग क्लब पहुंचकर मोतीझील में नौका विहार का भी उन्होंने आनंद उठाया। कचहरी चौक, मोतिहारी के



पास स्थित नवनिर्मित प्रेक्षागृह एवं खेल भवन के निरीक्षण के क्रम में बेहतर निर्माण कार्य की उन्होंने सराहना की।

इस अवसर पर श्री निखिल दीप माथुर, मुख्य महाप्रबंधक, रिटेल सेल्स बिहार, विभाष कुमार, कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख, बिहार, अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मोतिहारी सदर के अलावे अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# रक्सौल में अनुसूचित जाति लाभार्थी सम्मेलन में मंत्री समेत कई सम्मिलित

रक्सौल, प्रात : किरण संवाददाता

स्थानीय शहर स्थित वाई. एस रिसॉर्ट के सभागार में रविवार को भाजपा संगठन जिला रक्सौल द्वारा अनुसूचित जाति लाभार्थी सम्मेलन का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के खान एव भूतत्व मंत्री जनक राम इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार द्वारा अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के लोगों के लिए कई कार्यकम शुरू किया गया।

दलित समाज को आर्थिक एवं शैक्षणिक रुप से मजबूत बनाने का काम माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। वही सांसद सह बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा ही दलितों की सच्ची हितैषी है। मोदी सरकार में दलितों को दिए जाने वाला आर्थिक




लाभ उनके खाता में सीधे पहुंच जा रहा है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की भ्रष्टाचार की नीतियों की भर्त्सना करते हुए सांसद डॉ. जायसवाल ने कहा कि सबसे अधिक दलित वर्ग की भागीदारी नरेंद्र मोदी के सरकार में है। विशिष्ट अतिथि पातेपुर विधायक लखींद्र पासवान ने कहा कि भाजपा का निर्माण ही दलित वर्ग के साथ हर वर्ग के कल्याण के लिए हुआ है। भाजपा ने राष्ट्रपति पद पर अनुसूचितजाति एवं जनजाति वर्ग का प्रतिनिधित्व देने का ऐतिहासिक कार्य किया है। रक्सौल भाजपा विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नारा सबका साथ सबका विकास, जो इस पार्टी में स्पष्ट देखने को मिल रहा है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष वरुण सिंह व संचालन अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनिल राम ने किया।

इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अजीत चौधरी, पूर्व विधान पार्षद बबलू गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष अध्यक्ष प्रमोद शंकर सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश के नेता अनिल राम, संजय महतो, मनोरंजन चौधरी , गणेश यादव, धृव पसाद, ज्योति नारायण चौधरी, प्रदीप श्राफ, अरविंद सिंह, अजय पटेल, शंभु दास, रामजीवन बैठा, दशयी पासवान, शिवशंकर पासवान, राजकुमार बैठा, मोती बैठा, मुन्नी चौधरी व नयाब आलम सहित सैकड़ों लाभार्थी उपस्थित थे।

### सौहार्दपूर्ण वातावरण में ईद उल अजहा हुआ संपन्न

**धमदाहा।** अनुमंडल अंतर्गत बकरीद का पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग सुबह 7 बजे से नमाज पढ़ने के लिए ईदगाह पर कतार में बैठकर नमाज अदा किए नवाज के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, राजीव कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी, विजय चंद्र प्रभारी थानाध्यक्ष, दिनेश कुमार के द्वारा सभी ईदगाह पर पुलिस बल के साथ गश्ती करते करते नजर आए। कुकरान, तरौनी, रंगपुरा, नीरपुर, डकैता बकरीद का नमाज अदा किए गए। सौहार्दपूर्ण वातावरण में लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर एक दूसरे को बकरीद पर्व का बधाई दिया। अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि बकरीद पर्व के दौरान लोगों शांतिपूर्ण वातावरण के लिए पुलिस बल एवं दंडाधिकारी को प्रत्येक गांव पर नियुक्त किया गया था एवं उड़नदस्ता 3 में प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय चंद्र एवं प्रभारी थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार के साथ ट्रेन मस्ती कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे क्षेत्र में शांतिपूर्ण वातावरण में सुबह 7:00 बजे से 9:00 बजे तक बकरीद का नमाज अदा किया गया।

# 'मेरा गाँव-मेरा बैंक' कार्यक्रम के तहत रात्रि-चौपाल का हुआ आयोजन

बोचहां , प्रात : किरण संवादाता

स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय,मुजफ्फरपुर द्वारा सनाठी,रामपुर जयपाल पंचायत में 'मेरा गाँव-मेरा बैंक' कार्यक्रम के तहत रात्रि-चौपाल सह किसान संपर्क कार्यक्रम एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन कियि गया।

भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय,मुजफ्फरपुर द्वारा स्थानीय बोचहां शाखा के सहयोग से रामपुर जयपाल पंचायत के सनाठी गाँव में 'मेरा गाँव-मेरा बैंक' कार्यक्रम के तहत रात्रि चौपाल एवं किसान संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसबीआई एलएचओ,पटना से आए उप महाप्रबंधक, एबीयू श्री अभिजीत पांगरेकर ने किया। उक्त अवसर पर क्षेत्रिय प्रबन्धक श्री प्रशांत कुमार झा, गणिकांत पासवान, मुख्य प्रबंधक श्री



निरंजन कुमार पांडेय,बोचहां शाखा प्रबंधक श्री राम कुमार राम एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान उप महाप्रबंधक ने किसानों को संबोधित करते हुए योनो कृषि, डेयरी लोन, ट्रैक्टर लोन, एग्री गोल्ड लोन आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए एसबीआई ने योनो कृषि ऐप शुरू किया है जिसमें योनो खाता,योनो बचत,योनो मित्र,योनो मंडी जैसी सेवाएँ दी गई हैं जिनसे किसान लाभान्वित होंगे। इससे किसानों को कृषि ऋण उत्पादों, कृषि उपकरणों को खरीदने,फसल बीमा उत्पाद,कृषि गोल्ड लोन सहित कई सारी सुविधाएं प्रदान करता है।आप नजदीकी शाखा से भी डेयरी लोन,ट्रेक्टर लोन आदि ले सकते हैं। किसानों की समृद्धि से देश की समृद्धि है और भारतीय स्टेट बैंक गाँव और किसानों को बैंकिंग के हर प्रकार की सुविधा देने हेतु प्रतिबद्ध है। रात्रि चौपाल में गाँव के किसानों ने भी अपनी बात रखीं और खेती और बैंकिंग संबंधी अपनी आवश्यकताओं और परेशानियों के बारे में बताया। क्षेत्रीय प्रबंधक श्री प्रशांत कुमार झा और शाखा प्रबन्धक राम कुमार राम ने भी किसानों को संबोधित किया।

# श्रावणी मेला के लिए शहर में बनाई गई नई यातायात व्यवस्था

मुजफ्फरपुर, प्रात : किरण संवाददाता

- हर सप्ताह शनिवार से सोमवार तक रहेगा लागू

जिला प्रशासन ने श्रावणी मेला के लिए शहर में नई यातायात व्यवस्था लागू किया है। मुजफ्फरपुर शहरी क्षेत्र में रामदयालु नगर आर०डी०एस० कॉलेज-अघोरिया बाजार चौराहा-आमगोला पुल- हरिसमा चौक, जिला स्कूल मैदान होते हुए हाथी चौक ,अमर सिनेमा रोड होते हुए छोटी कल्याणी चौक, माखन साह चौक के रास्ते गरीबनाथ मंदिर जाने का काँवरिया पथ निर्धारित किया गया है एवं छाता बाजार से निकासी का मार्ग रहेगा।

यातायात नियंत्रण के दृष्टिकोण से शहर में प्रवेश करने वाले मार्ग रामदयालु नगर, कच्ची-पक्की चौक, गोबरसही चौक, भगवानपुर पुल, बैरिया गोलम्बर, जिरो माईल, मिठनपुरा चौक तथा बनारस बैंक चौक से अति आवश्यक सेवा को छोड़कर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः निषेध रहेगा।

सरैयागंज टॉवर से गांधी चौक, छाता चौक, माखन साह चौक एवं पुरानी बाजार चौक तक सपूर्ण क्षेत्र रिक्शा एवं चार पहिया वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उपरोक्त यातायात व्यवस्था श्रावण माह के प्रत्येक शनिवार के अपराह्न 02:00 बजे से सोमवार के अपराह्न 02:00 बजे तक प्रभावी रहेगा। कॉवरियागण से संबंधित वाहन के पार्किंग की व्यवस्था लंगट सिंह कॉलेज, इमलीचट्टी सरकारी बस स्टैण्ड एवं, बी.बी कॉलेजिएट स्कूल में की गई है। मुजफ्फरपुर की ओर से पटना आने-जाने वाली सभी प्रकार के वाहन श्रावण माह के प्रत्येक शनिवार के अपराहन 02:00 बजे से सोमवार के अपराहन 02:00 बजे तक भगवानपुर चौक से रेवा रोड एन. एच-722 सरैया के रास्ते लालगंज होते हुए हाजीपुर-पटना के लिए परिचालित होगा। समस्तीपुर मार्ग से आने वाली वाहन एन0एच0-28 से काजीइण्डा महुआ - हाजीपुर के रास्ते से परिचालित होगा। समस्तीपुर मार्ग से मोतीहारी जाने वाले सभी वाहन एन0एच0-28 से भगवानपुर होते हुए चाँदनी चौक के रास्ते परिचालित होंगे।

### विधायक ने मुखिया संघ अध्यक्ष उपाध्यक्ष को किया सम्मानित

**चकिया।** स्थानीय व्यापार मंडल परिसर में रविवार मुखिया संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के सम्मान हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक श्यामबाबू प्यादव के द्वारा की गई। कार्यक्रम में जिला मुखिया संघ के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष शशिभूषण सिंह तथा उपाध्यक्ष अजय कुमार यादव का सम्मान विधायक ने पुष्पमाला पहनाकर किया। वहीं मौके पर मौजूद व्यापार मंडल के अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने संघ के दोनों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। इस मौके पर संघ के सदस्यों ने अपने संबोधन में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों पर विश्वास जताते हुए उनके द्वारा संघ को मजबूत करने की बात कही। इस मौके पर मुखिया कमलेश सिंह, गुड्डू सिंह, गौरी शंकर प्रसाद, राकेश पाठक, अजित यादव, पैक्स अध्यक्ष मुन्ना सिंह, चंदन सिंह, राजेश्वर सिंह, विनोद सिंह, बिंदिया जी, संजय कुशवाहा, राणा प्रताप सिंह,सोनू कुमार ,हरिशंकर सिंह, लक्ष्मण सिंह सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग मौजूद थे।

# छापेमारी में 15 लीटर देशी शराब के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार

पूर्णिया, प्रात : किरण संवाददाता

बड़हरा थाना पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र में शराबबंदी कानून का अनुपालन करवाने लगातार प्रयास किया जा रहा है। बड़हरा थाना में पदस्थ एलटीएफ प्रभारी विष्णुकांत के अगुआई में पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी कर शराब के धंधेवाजों को गिरप्तार किया जा रहा है। गुरुवार अपराह्न एवं संध्या के समय एलटीएफ प्रभारी विष्णुकांत के अगुआई में बड़हरा पुलिस द्वारा दो अलग अलग स्थानों में छापेमारी कर 15 लीटर देसी शराब के साथ दो व्यक्ति को गिरप्तार किया गया है। गस्ती के क्रम में एलटीएफ प्रभारी विष्णुकांत को सूचना मिली कि हरिराही गांव निवासी मनोज मरैया पिता गणेश मरैया अपने घर मे शराब रखता एवं बेचता है। सूचना



के सत्यापन के लिए पुलिस बल के हरिराही गांव मनोज मरैया के घर निकट पहुंचते ही पुलिस को आया देख मनोज मरैया भागने लगा जिसे पुलिस बल द्वारा खदेड़ कर पकड़ते हुए मनोज मरैया के घर मे विधिवत तलासी के क्रम में दो गैलन में 10 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। शराब बरामदगी के साथ ही मनोज मरैया को विधिवत गिरप्तार कर लिया गया। हरिराही गांव में छापेमारी के क्रम में ही एलटीएफ प्रभारी को गुप्त सूचना मिली कि बड़हरा कोठी निवासी पवन कुमार पिता प्रेमचंद्र साह द्वारा अपने दुकान माँ शारदे टेलीकॉम बड़हरा कोठी में शराब बेचा जाता है। हरिराही गांव में करवाई पूरा कर पुलिसबल के पवन कुमार के माँ शारदे टेलीकॉम दुकान के निकट पहुंचते ही पवन कुमार दुकान से निकलकर भागने लगा जिसे पुलिस बल ने पकड़ कर भागने का कारण पूछा तो वह कोई संतोषजनक जबाब नही दे पाया। तबतक पुलिस की करवाई को देख दुकान के निकट काफी लोग जमा हो गए। जमा लोगो मे से दो स्वतंत्र साक्षियों के समक्ष दुकान में विधिवत तलासी के क्रम में काउंटर के नीचे बेग में पोलोथिन में छुपाकर रखा गया लगभग 5 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। शराब बरामदगी के साथ ही पवन कुमार को विधिवत गिरप्तार कर लिया गया।

### राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बने अनुराग व पवन व्यावसायिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनोनीत

**चिरैया।** प्रखंड राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद पर अनुराग कुमार का मनोनयन किया गया है। वही पवन कुमार को प्रखंड व्यावसायिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। इस संबंध में रविवार को शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पूर्वी चंपारण रमाकांत राय एवं व्यावसायिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुमन कुमार ने मनोनयन पत्र जारी करते हुए कहा है कि अध्यक्ष द्वय संगठन को मजबूत और धारदार बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभायेंगे। मालूम हो कि अनुराग कुमार शिकारगंज थाना क्षेत्र के भागवतपुर भतुअहिया गांव के निवासी है व रूपहारा पंचायत से पंचायत समिति सदस्य भी है। वही पवन कुमार शिकारगंज थाना क्षेत्र के हरनरैना गांव के निवासी है। इधर प्रखंड अध्यक्ष पद पर मनोनयन को लेकर दोनों नवनियुक्त अध्यक्ष को राजद नेता अच्छेलाल प्रसाद यादव, रामबालक यादव व नंदलाल यादव सहित दर्जनों राजद नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी है।

सम्पादकीय

# दृढ़ इच्छाशक्ति दिखाएं भारत

इंडोनेशिया के बाली में जी-20 सम्मेलन के दौरान चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात में एलएसी पर चीनी अतिक्रमण खत्म करने का विदेश मंत्री एस जयशंकर का दबाव कितना रंग लाता है, कहना जल्दबाजी होगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि जी-20 सम्मेलन के दौरान वास्तविक नियंत्रण से जुड़े विवाद पर विमर्श की पहल निश्चय ही सकारात्मक वातावरण बनाने में सहायक होगी। कहा जा रहा है कि एलएसी से जुड़े कई इलाकों से सेना की वापसी के लिये भारत ने चीन पर दबाव बनाया है। साथ ही दोनों विदेश मंत्रियों की बातचीत में स्वीकारा गया कि द्विपक्षीय संबंध संवेदनशीलता और आपसी हितों पर आधारित ही होने चाहिए। ऐसे में उम्मीद जगी है कि विदेश मंत्रियों की मुलाकात के बाद लद्दाख सीमा विवाद सुलझाने की दिशा में सैन्य वार्ताओं के अगले दौर का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा। निस्संदेह, बातचीत के जरिये सीमा विवाद से जुड़े सभी मुद्दों का समाधान निकाला जाना चाहिए। जो अब तक हुए द्विपक्षीय समझौतों के आलोक में आगे बढ़ने की राह प्रशस्त करे। साथ ही अब तक जिन मुद्दों पर सहमति बनी थी, अब उससे आगे बढ़ा जाये। इस बात को चीन भी स्वीकारता है कि एलएसी पर शांति स्थापित करने में दोनों देश सक्षम हैं, दोनों में इसको लेकर इच्छा भी है। साथ ही यह भी कि किसी तीसरे पक्ष द्वारा इसमें दखल की कोई गुंजाइश भी नहीं है। बहरहाल, चीन को एक स्पष्ट संकेत तो भारत की ओर से मिल ही गया कि लद्दाख में पूर्व स्थिति बहाल किये बिना दोनों देशों के संबंध सामान्य नहीं हो सकते। जरूरत इस बात की भी है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा से जुड़े तमाम विवादों का यथाशीघ्र समाधान निकाला जाये। इसके लिये सैन्य कमांडरों की वार्ता से इतर विदेश मंत्रालय के स्तर पर वार्ता का दौर जारी रहना चाहिए। उल्लेखनीय है कि इस साल चीनी विदेश मंत्री वांग यी से विदेश मंत्री एस जयशंकर की यह दूसरी मुलाकात है। पहली मुलाकात मार्च 2022 में तब हुई थी जब वांग यी भारत के दौरे पर आये थे।

बहरहाल, देश के नेतृत्व को वास्तविक नियंत्रण रेखा से जुड़े तमाम विवादों की वास्तविकता से जनमानस को अवगत कराना चाहिए। विदेशी सूचना माध्यमों में तथा देश के विपक्षी राजनीतिक दलों द्वारा गाहे-बगाहे एलएसी में चीनी अतिक्रमण का मुद्दा उठाया जाता रहा है। खासकर विपक्षी कांग्रेस एलएसी के मुद्दे पर खासी आक्रामक रही है और राजग सरकार पर सीमाओं को अक्षुण्ण रखने में विफल होने के आरोप लगाती रही है। अब तक देश का केंद्रीय नेतृत्व कहता रहा है कि चीनी सेना ने भारतीय इलाकों का कोई अतिक्रमण नहीं किया है। विपक्ष द्वारा कहा जाता रहा है कि देश के जनमानस को वास्तविकता का भान होना चाहिए। विपक्षी नेता सवाल पूछते रहे हैं कि यदि अतिक्रमण नहीं हुआ है तो वार्ता का आधार क्या है? निस्संदेह, स्थिति की वास्तविकता का भान न होने से संशय की आशंका रहती है। विडंबना यह भी है कि आजादी के बाद चीन से लगी सीमा का ठीक-ठीक अंकन नहीं हो सका है। दूसरे, यह इलाका भौगोलिक रूप से इतना जटिल है कि स्थायी सीमांकन के मानकों का पालन करना मुश्किल हो जाता है। निस्संदेह, साम्राज्यवादी चीन निरंतर जमीन हड़पने की नीति का अनुसरण करता आया है। हम 1962 का जख्म नहीं भूले हैं। भारत ही नहीं, चीन का दर्जनभर पड़ोसियों से सीमा विवाद जारी है। आर्थिक व सैन्य ताकत हासिल करके चीन विश्व की नंबर एक शक्ति बनने का ख्वाब देखता रहता है। इसी ताकत के नशे में अपने पड़ोसी देशों में अतिक्रमण करके अपने साम्राज्यवादी मंसूबों का पोषण करता है। बहरहाल, एलएसी पर शांति बहाली के लिए जरूरी है कि लंबित मुद्दों का निस्तारण यथाशीघ्र हो। साथ ही दोनों देशों में बातचीत का क्रम जारी रहना चाहिए। जिसके लिये जरूरी है कि पूर्व में हुई सहमतियों पर आगे बढ़ते हुए द्विपक्षीय समझौतों व प्रोटोकॉल को लागू किया जाये। निस्संदेह बातचीत का यह क्रम तो जारी रहना ही चाहिए। चीन का कारोबार व वार साथ-साथ नहीं चल सकता।

# भारतमित्र शिंजो आबे

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या पर संसार के नेताओं ने जैसी मार्मिक प्रतिक्रियाएं की हैं, वैसी कम ही की जाती हैं। भारत ने तो शनिवार को राष्ट्रीय शोक दिवस घोषित किया है। अब तक कई विदेशी राष्ट्रपतियों और प्रधानमंत्रियों की हत्या की खबरें आती रही हैं लेकिन आबे की हत्या पर भारत की प्रतिक्रिया असाधारण है। इसके कई कारण हैं। आबे ऐसे पहले जापानी प्रधानमंत्री हैं, जो भारत चार बार आए हैं। उनके दादा प्रधानमंत्री नोबुशुके किशी 1957 में प्रधानमंत्री नेहरू के निमंत्रण पर भारत आए थे। आबे ने ही पहली बार सुदूर पूर्व या पूर्व एशिया क्षेत्र को भारत-प्रशांत क्षेत्र कहा था। यह बात उन्होंने अपनी 2007 की भारत-यात्रा के दौरान हमारी संसद में भाषण देते हुए कही थी। जब वे दुबारा प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने ही पहल करके इस नई और मौलिक धारणा को अमली जामा पहनाया। अमेरिका, भारत, जापान और आस्ट्रेलिया का जो चौगुटा बना है, वह उन्हीं की देन है। भारत और जापान के व्यापारिक, सामरिक और सांस्कृतिक संबंध जितने प्रगाढ़ आबे के शासनकाल में बने हैं, पहले कभी नहीं बने। भारत और जापान के रिश्ते कभी तनावपूर्ण नहीं रहे लेकिन घनिष्टता के बीच एक दीवार थी, उसको पोला करने का श्रेय आबे और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को भी है। शीतयुद्ध काल के दौरान जापान तो अमेरिकी गुट का सक्रिय सदस्य रहा है और भारत को सोवियत गुट का अनौपचारिक साथी माना जाता था। इस संकरी गली से हमारे द्विपक्षीय संबंधों को शिंजो आबे ने ही बाहर निकाला। जापान के साथ भारत के संबंध घनिष्ट होते जा रहे हैं। जापानी कंपनियों का भारत में निवेश तीव्र गति से बढ़ रहा है। जापान की मदद से ही भारत की सबसे तेज चलने वाली रेल बन रही है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और आबे के बीच व्यक्तिगत संबंध इतने आत्मीय हो गए थे कि दोनों एक-दूसरे के देशों और शहरों में भी कई बार आए और गए। यों भी आबे जापानी प्रधानमंत्रियों में अभूतपूर्व और विलक्षण थे। उनके दादा प्रधानमंत्री थे तो उनके पिता विदेश मंत्री रहे हैं। वे स्वयं दो बार प्रधानमंत्री चुने गए। उन्होंने पहली बार 2006 से 2007 तक और दूसरी बार 2012 से 2020 तक प्रधानमंत्री पद को सुशोभित किया था। इतने लंबे समय तक कोई जापानी नेता इस पद पर नहीं रह सका। उनका सबसे बड़ा योगदान जापान को सच्चा स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र बनाने की इच्छा में था। द्वितीय महायुद्ध की ज्यादतियों के कारण जापानी संविधान पर मित्र-राष्ट्रों ने जो सैन्य-बंधन लगाए थे, उन्हें तुड़वाने की सबसे ताकतवर गुहार आबे ने ही लगाई थी। इस काम में उन्हें पूरी सफलता नहीं मिल पाई लेकिन अन्य राष्ट्रों के साथ सैन्य-सहयोग के कई नए आयाम उन्होंने पहली बार खोल दिए। वे 1904 में बिगड़े जापान-रूसी संबंधों को भी सुधारना चाहते थे। उन्होंने चीन की आक्रामकता के विरुद्ध जबर्दस्त मोचेबंदी की लेकिन उसके साथ ही वे चीन और जापान के आपसी संबंधों को मर्यादित बनाए रखने में सफल रहे। ऐसे भारत के परम मित्र को हार्दिक श्रद्धांजलि!

प्रेरक प्रसंग

# अवसर का महत्व

एक कलाकार की प्रदर्शनी देखने के लिए सैकड़ों व्यक्ति पहुंचे। एक लड़की भी उस प्रदर्शनी को देखने आई। उसने देखा सब चित्रों के अंत में एक ऐसे मनुष्य का भी चित्र टंगा है, जिसके मुंह को बालों से ढक दिया गया है और जिसके पैरों पर पंख लगे थे। चित्र के नीचे बड़े अक्षरों से लिखा था 'अवसर'। लड़की ने चुपचाप बैठे कलाकार से पूछ ही लिया, 'श्रीमान जी यह चित्र किसका है?' 'अवसर का।' कलाकार ने संक्षिप्त-सा उत्तर दिया। 'आपने इसका मुंह क्यों ढक दिया है?' लड़की ने दुबारा प्रश्न किया। इस बार कलाकार ने विस्तार से बताया, 'अवसर हर मनुष्य के जीवन में आता है और उसे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है, किंतु साधारण मनुष्य उसे पहचानते नहीं हैं इसलिए वे जहां थे वहीं पड़े रह जाते हैं। पर जो अवसर को पहचान लेता है वही जीवन में कुछ काम कर जाता है।' 'और इसके पैरों में पंखों का क्या रहस्य है?' लड़की ने उत्सुकता से पूछा। कलाकार बोला' 'यह जो अवसर आज चला गया वह फिर कल कभी नहीं आता।' लड़की इस मर्म को समझ अपनी उन्नति के लिए जुट गई।

# जॉनसन की विदाई दुनिया के शासकों के लिए सबक

**ब्रिटेन की सरकार पहले कोरोना महामारी के दौरान शराब पार्टी को लेकर फंसी थी और अब वह एक सैक्स स्कैंडल को लेकर फंसी है। कोरोना महामारी के दौरान पाबंदियों के बावजूद प्रधानमंत्री आवास में दारू पार्टियां की जाती रहीं, जिसमें खुद बोरिस जानसन भी शामिल होते रहे। अश्लील, भोगवादी एवं दारू पार्टियों के मदहोश में उन्मुक्त बोरिस एवं उनकी पार्टी के नेता भूल गये कि वे जिन जिम्मेदार पदों पर आसीन हैं, वहां बैठकर यह सब करना कितना गलत, अनैतिक एवं स्वच्छंद है। 30 जून को ब्रिटेन के समाचार पत्र द सन ने एक रिपोर्ट छापी जिसमें दावा किया गया था कि सत्ताधारी कंजरवेटिव पार्टी के सांसद क्रिस पिंचर ने लंदन के एक प्राइवेट क्लब में दो मर्दों को आपत्तिजनक तरीके से छुआ। हाल ही के वर्षों में पिंचर के कथित यौन दुर्व्यवहार से जुड़े अनेक मामले सामने आए।**





**ललित गर्ग**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की विदाई का कारण स्वच्छन्द, भ्रष्ट एवं अनैतिक राजनीति बना। समूची दुनिया के शासनकत्ताओं को एक सन्देश है बोरिस का इस बेकद्री से बेआबरू होकर विदा होना। किस तरह कांड-दर-कांड का सिलसिला चला और जॉनसन ने 2019 के चुनावों में जो राजनीतिक प्रतिष्ठा अर्जित की थी, वह धीरे-धीरे राजनीतिक अहंकार एवं अनैतिक कृत्यों के कारण गायब होती गई। उन्हें जो व्यापक जनादेश मिला था, उसका फायदा वह नहीं उठा पाए, क्योंकि जो अनुशासन, चरित्र की प्रतिष्ठा, संयम एवं मूल्यों का सृजन उनके प्रशासन में होना चाहिए था, वह कमोबेश नदारद रहा। जिस तेजतर्रार तेवर के साथ जॉनसन ने ब्रेग्जिट अभियान को अपने हाथों में लिया था और उसके बाद 2019 के आम चुनाव में जीत हासिल की थी, उस तेवर को वह बरकरार नहीं रख पाए। इसी वजह से विगत कुछ महीनों से उनकी कंजर्वेटिव पार्टी को लगातार झटके लगते आ रहे थे और नौबत यहां तक आ गई कि अनेक मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया। अपनी सरकार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों और डिप्टी चीफ व्हिप के पद पर नियुक्त किए क्रिस पिंचर पर लगे आरोपों के चलते बोरिस जॉनसन को इस्तीफा देने पर मजबूर होना पड़ा है। विपक्ष के लगातार बढ़ते दबाव और कंजरवेटिव पार्टी में उनके खिलाफ उठती आवाजों के बीच उनके वित्त मंत्री ऋषि सुनक सहित 50 मंत्रियों और सांसदों के इस्तीफे के बाद जॉनसन को अपना पद छोड़ना ही पड़ा। हाऊस ऑफ कॉमन्स में मोबाइल फोन में अश्लील वीडियो देखने को लेकर कंजरवेटिव पार्टी के एक सांसद को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा था।

ब्रिटेन की सरकार पहले कोरोना महामारी के दौरान शराब पार्टी को लेकर फंसी थी और अब वह एक सैक्स स्कैंडल को लेकर फंसी है। कोरोना महामारी के दौरान पाबंदियों के बावजूद प्रधानमंत्री आवास में दारू पार्टियां की जाती रहीं, जिसमें खुद बोरिस जानसन भी शामिल होते रहे। अश्लील, भोगवादी एवं दारू पार्टियों के मदहोश में उन्मुक्त बोरिस एवं उनकी पार्टी के नेता भूल गये कि वे जिन जिम्मेदार पदों पर आसीन हैं, वहां बैठकर यह सब करना कितना गलत, अनैतिक एवं स्वच्छंद है। 30 जून को ब्रिटेन के समाचार पत्र द सन ने एक रिपोर्ट छापी जिसमें दावा किया गया था कि सत्ताधारी कंजरवेटिव पार्टी के सांसद क्रिस पिंचर ने लंदन के एक प्राइवेट क्लब में दो मर्दों को आपत्तिजनक तरीके से छुआ। हाल ही के वर्षों में पिंचर के कथित यौन दुर्व्यवहार से जुड़े अनेक मामले सामने आए। यह खुलासे होने के बाद पिंचर ने सरकार के सचेतक पद से इस्तीफा देकर जांच में सहयोग का वादा किया। दुनिया की सभी शासन-कत्ताओं से वहां के नागरिक अपेक्षा करते हैं कि उनके शासक ईमानदार हों, चरित्रसम्पन्न हों, नशामुक्त हों एवं अपने पद की गरिमा को कायम रखने वाले हों। ब्रिटेन के नागरिक भी यही उम्मीद करते रहे कि सरकार एक सही, योग्य, जिम्मेदार और गम्भीर तरीके से काम करे। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा था, वहां की सरकार सही ढंग से काम नहीं कर रही थी। राजनीतिक क्षेत्रों में इन बातों की चर्चा लम्बे समय से गमार्यी रही। भारतीय उद्योगपति नारायणमूर्ति के दामाद ऋषि सुनक ने बोरिस जॉनसन के माफी मांगने के बावजूद इस्तीफा क्यों दिया? ऋषि सुनक ने कहा है कि जो कुछ हुआ उसके खिलाफ यह जरूरी था। ब्रिटेन में ही नहीं, हमारे भारत में भी ऐसे ही कुछ कारणों से पिछले दिनों महाराष्ट्र में ठाकरे को मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़नी पड़ी। चरित्र, नैतिकता एवं राजनीतिक मूल्यों के साथ जुड़ी जागृति ही राजनीति में सच्चाई का रंग भरती है अन्यथा आदर्श, उद्देश्य और सिद्धान्तों को भूलकर सफलता की सीढ़ियों पर चढ़ने वाला और भी बहुत कुछ नीचे छोड़ जाता है, जिसके लिये मंजिल की अन्तिम सीढ़ी पर पहुंचकर अफसोस करना पड़ता है। जॉनसन के खिलाफ शिकायतों की लंबी सूची है।

जब कोरोना की लहर चल रही थी, देश में लॉकडाउन लगा था, तब प्रधानमंत्री के आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट में पार्टी या उत्सव का आयोजन हो रहा था, जब ब्रिटेन की जनता जिन्दगी और मौत के बीच रोशनी तलाश रही थी, तब उनके नेताओं के झुंड ऐश कर रहे थे, यौनाचार एवं नशे में डूबे थे और उनकी इन पार्टियों को पार्टीगेट स्कैंडल नाम दिया गया। आरोप लगा, तो शुरू में जॉनसन ने पार्टी के आयोजन से ही इनकार कर दिया, लेकिन बाद में उन्होंने गलती मान ली और जुमार्ना भी चुकाया। बात केवल बोरिस की नहीं है, बात दुनिया पर शासन करने वाले शीर्ष नेताओं के चरित्र की है। जिन्दगी की सोच का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह ही है कि चरित्र जितना ऊंचा और सुदृढ़ होगा, सफलताएं उतनी ही सुदृढ़ और दीर्घकालिक होंगी। बिना चरित्र न जिन्दगी है, न राजनीतिक सफलताएं और न समाज के बीच गौरव से सिर उठाकर सबके साथ चलने का साहस। राजनीति में संयम एवं चरित्र की प्रतिष्ठा जरूरी है। संयम का अर्थ त्याग नहीं है। संयम का अर्थ है चरित्र की प्रतिष्ठापना।

जॉनसन की कंजर्वेटिव पार्टी के लोग भी कहने लगे हैं कि जब पिंचर के खिलाफ पहले ही शिकायतें थीं तो उनको नियुक्त ही क्यों किया गया? बोरिस जॉनसन ने पिंचर की नियुक्ति को गलती बताते हुए पीड़ित लोगों से माफी भी मांगी। सरकार ने जिस तरीके से लोगों को हैंडल किया है लोग उस पर भरोसा करने को तैयार नहीं हैं। हर विवाद पर सरकार के जवाब बदलते रहे हैं। जॉनसन के आलोचक नेतृत्व बदलने के लिए मांग कर रहे हैं। ऐसा क्यों हुआ? क्योंकि नैतिक एवं चारित्रिक मूल्यों की उपेक्षा हुई, जबकि नैतिकता अपने आप में एक शक्ति है जो व्यक्ति की अपनी रचना होती है एवं उसी का सम्मान होता है। संसार उसी को प्रणाम करता है जो भीड़ में से अपना सिर ऊंचा उठाने की हिम्मत करता है, जो अपने अस्तित्व का भान कराता है। नैतिकता की आज जितनी कीमत है, उतनी ही सदैव रही है। जिस व्यक्ति के पास अपना कोई मौलिक विचार एवं उच्च चरित्र है तो संसार उसके लिए रास्ता छोड़ कर एक तरफ हट जाता है और उसे आगे बढ़ने देता है। मूल्यों को जीते हुए तथा काम के नये तरीके खोज निकालने वाला व्यक्ति ही देश एवं दुनिया की सबसे बड़ी रचनात्मक शक्ति होता है। अब ब्रिटेन की राजनीति में बड़ा बदलाव आने की संभावना है, इसमें लेबर पार्टी का जो उभार आ रहा है, हो सकता है कि उसके नेता चुनाव जीत जाएं। सत्ता स्थानांतरित होती दिख रही है। दो दशक से कंजर्वेटिव ने सत्ता पर कब्जा किया हुआ था, लेकिन अब सत्ता लेबर की ओर जाती दिख रही है। कंजर्वेटिव के अंदर जो विभाजन हैं, वे बढ़ते नजर आ रहे हैं। जॉनसन अगले प्रधानमंत्री के चुने जाने तक प्रधानमंत्री रहना चाहते हैं, लेकिन सवाल है कि क्या उनकी पार्टी उन्हें यह मौका देगी? तय है, आने वाले दिनों में कंजर्वेटिव पार्टी के बीच विवाद बढ़ेगा। और इन सब स्थितियों का कारण राजनीति में मूल्यों का अवमूल्यन है। ब्रिटेन ही नहीं, दुनिया में शासन करने वाली नेतृत्व शक्तियों को जॉनसन से सबक लेना होगा, सीख लेनी होगी कि राजनीति के लिये चरित्र, संयम, मूल्य बहुत जरूरी है। इस घटनाक्रम से राजनीतिज्ञों के लिये एक सोच उभरती है कि दायें जाये चाहे बायें, लेकिन श्रेष्ठ एवं आदर्श चरित्र के बिना सब सूना है।

# प्रभावी जनसंख्या नीति की दरकार

**विशेषज्ञों की मानें तो जनसंख्या की यह तीव्र वृद्धि आर्थिक विकास के मार्ग को अवरुद्ध कर रहा है और कई तरह की समस्याएं खड़ी हो रही है। भारत में जनसंख्या में तीव्र वृद्धि के कारण बेरोजगारी, खाद्य समस्या, कुपोषण, प्रति व्यक्ति निम्न आय, निर्धनता में वृद्धि, मकानों की समस्याएं, कीमतों में वृद्धि, कृषि विकास में बाधा, बचत तथा पूंजी निर्माण में कमी, जनोपयोगी सेवाओं पर अधिक व्यय, अपराधों में वृद्धि तथा शहरी समस्याओं में वृद्धि जैसी ढेर सारी समस्याएं उत्पन हुई हैं। इनमें सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी की है। देश में पूंजीगत साधनों की कमी के कारण रोजगार मिलने में कठिनाई उत्पन हो रही है।**





**अरविंद जयतिलक**
**लेखक एवं स्तम्भकार हैं**

देश में तीव्र जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण के लिए एक बार फिर ठोस एवं प्रभावी जनसंख्या नीति पर विमर्श तेज हुआ है। बढ़ती जनसंख्या के सापेक्ष संसाधनों की कमी एवं गहराती सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों से भी रेखांकित हुआ है कि अनुकूलतम जनसंख्या के बिना विकास के अपेक्षित लक्ष्य को हासिल नहीं किया जा सकता। अच्छी बात है कि असम समेत देश के कई राज्यों ने तीव्र जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। देश का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश भी प्रदेश की नई जनसंख्या नीति 2021-30 जारी करने का एलान कर चुका है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में आखिरी बार वर्ष 2000 में जनसंख्या नीति को आकार दिया गया जो 2016 तक के लक्ष्यों के आधार पर तय की गयी थी। लेकिन उस जनसंख्या नीति का अपेक्षित परिणाम देखने को नहीं मिला और आबादी बढ़ती गयी। उत्तर प्रदेश सरकार की मानें तो 2021-30 की नई जनसंख्या नीति में आबादी पर नियंत्रण के लिए समुदाय आधारित अभियान और कार्यक्रम चलाए जाएंगे। चूंकि जनसंख्या वृद्धि के लिए मुख्य रुप से गरीबी और अशिक्षा जिम्मेदार है ऐसे में अगर समुदायों के बीच समुदाय केंद्रित जागरुकता कार्यक्रम चलाए जाते हैं तो निःसंदेह उसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं। उचित होगा कि देश के अन्य राज्य भी उत्तर प्रदेश की तर्ज पर नई जनसंख्या नीति को अमल में लाएं ताकि देश की बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण लगाकर विकास के लक्ष्य को आसानी से हासिल किया जा सके। आंकड़ों पर नजर डालें तो जनसंख्या के लिहाज से भारत का विश्व में दूसरा स्थान है।

30 अप्रैल 2013 को जारी जनगणना 2011 के अंतिम आंकड़ों के अनुसार देश की जनसंख्या 121.07 थी जो आज बढ़कर 135 करोड़ से अधिक हो गयी है। अगर इस पर नियंत्रण नहीं लगा तो 2031 तक देश की जनसंख्या डेढ़ अरब के पार होगी। गौर करें तो विगत पांच दशकों में जनसंख्या में निरंतर तीव्र वृद्धि के कारण जनसंख्या विस्फोट की स्थिति उत्पन हो गयी है। विशेषज्ञों की मानें तो जनसंख्या की यह तीव्र वृद्धि आर्थिक विकास के मार्ग को अवरुद्ध कर रहा है और कई तरह की समस्याएं खड़ी हो रही है। भारत में जनसंख्या में तीव्र वृद्धि के कारण बेरोजगारी, खाद्य समस्या, कुपोषण, प्रति व्यक्ति निम्न आय, निर्धनता में वृद्धि, मकानों की समस्याएं, कीमतों में वृद्धि, कृषि विकास में बाधा, बचत तथा पूंजी निर्माण में कमी, जनोपयोगी सेवाओं पर अधिक व्यय, अपराधों में वृद्धि तथा शहरी समस्याओं में वृद्धि जैसी ढेर सारी समस्याएं उत्पन हुई हैं। इनमें सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी की है। देश में पूंजीगत साधनों की कमी के कारण रोजगार मिलने में कठिनाई उत्पन हो रही है। आंकड़ों के मुताबिक मौजूदा समय में बेरोजगारी की दर 6 फीसद से अधिक है। यह हालात तब है जब देश में बेरोजगारी से निपटने के लिए ढेर सारे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इनमें राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम, समन्वित विकास कार्यक्रम, जवाहर रोजगार योजना, स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना, संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) सर्वाधिक रुप से महत्वपूर्ण हैं। सीआईआई की इंडिया स्किल रिपोर्ट बताती है कि भारत में हर साल तकरीबन सवा करोड़ शिक्षित युवा तैयार होते हैं। ये नौजवान रोजगार के लिए सरकारी और प्राइवेट क्षेत्र में अपनी किस्मत आजमाते हैं। लेकिन सिर्फ 37 फीसद ही कामयाब हो पाते हैं। गौर करें तो रोजगार न मिलने के दो कारण हैं। एक, यह कि सरकारी क्षेत्र में नौकरियां लगातार सिकुड़ रही हैं वहीं दूसरी ओर प्राइवेट क्षेत्र में उन्हीं लोगों को रोजगार मिल रहा है जिन्हें कारोबारी प्रशिक्षण हासिल है। सबसे अधिक बेरोजगारी ग्रामीण क्षेत्रों में है। लेकिन अगर गांव के पढ़े-लिखे नौजवानों को बागवानी, पशुपालन, वृक्षारोपण, कृषि यंत्रों की मरम्मत के संबंध में आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाए तो बेरोजगारी से निपटने में मदद मिलेगी।

तीव्र जनसंख्या वृद्धि के कारण प्रति व्यक्ति खाद्यान्न की उपलब्धता कम पड़ रही है जिससे लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है और उनकी कार्यकुशलता घट रही है। तीव्र जनसंख्या वृद्धि के कारण कुपोषण की समस्या भी लगातार सघन हो रही है। यूनाइटेड नेशन के फुड एग्रीकल्चर आर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट से उद्घाटित हो चुका है कि भारत में पिछले एक दशक में भूखमरी की समस्या से जुझने वालों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। इफको की रिपोर्ट में भी कहा जा चुका है कि कुपोषण की वजह से देश के लोगों का शरीर कई तरह की बीमारियों का घर बनता जा रहा है। गौर करें तो कुपोषण वास्तव में घरेलू खाद्य असुरक्षा का सीधा परिणाम है। लोगों तक खाद्य की पहुंच सुनिश्चित करके ही कुपोषण को मिटाया जा सकता है। भारत में कुपोषण का सर्वाधिक संकट महिलाओं को झेलना पड़ रहा है। हर वर्ष लाखों गर्भवती महिलाएं उचित पोषण के अभाव में दम तोड़ रही हैं। दक्षिण एशिया में भारत कुपोषण के मामले में सबसे बुरी स्थिति में है। गत वर्ष पहले एसीएफ की रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ था कि भारत में कुपोषण जितनी बडी समस्या है वैसे पूरे दक्षिण एशिया में और कहीं देखने को नहीं मिलता। यह दशार्ता है कि आर्थिक नियोजन के साढ़े छः दशक वर्ष पूर्ण होने के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था किस तरह निर्धनता के दुष्कचक्र में फंसी हुई है। तीव्र जनसंख्या वृद्धि के कारण भारत में मकानों की समस्या भी लगातार गहरा रही है। आजादी के साढ़े छः दशक बाद भी आज देश में करोड़ों लोग ऐसे हैं जो सुविधाहीन झुग्गी-झोपड़ियों में जीवन गुजारने को विवश हैं। गौर करें तो 2011 की जनगणना के अनुसार देश के ग्रामीण इलाकों में बेघरों की संख्या तीन करोड़ के आसपास है। कुछ ऐसा ही हाल शहरों का भी है। गत वर्ष पहले अर्थव्यवस्था और वातावरण पर आधारित केंद्रित वैश्विक आयोग की रिपोर्ट में कहा गया था कि वर्ष 2031 तक भारत की शहरी आबादी 60 करोड़ हो जाएगी। मतलब साफ है कि जनसंख्या वृद्धि पर रोक नहीं लगा तो आवासों की समस्या और गहराएगी। जनसंख्या में तीव्र वृद्धि का कृषि पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। परिवार के सदस्यों में वृद्धि से भूमि का उप-विभाजन और विखंडन बढ़ता जा रहा है। इससे खेतों का आकार छोटा तथा अनार्थिक होता जा रहा है। इसका कुपरिणाम यह है कि देश में भूमिहीन किसानों की संख्या बढ़ रही है। साथ ही कृषि में छिपी हुई बेरोजगारी भी बढ़ रही है। जनसंख्या में तीव्र वृद्धि से बचत तथा पूंजी निर्माण में भी कमी आ रही है। भारत की जनसंख्या में 36 फीसद बच्चे हैं। नतीजा कमाने वाले लोगों को अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा बच्चों के पालन-पोषण पर खर्च करना पड़ रहा है। इससे बचत घट रही है और पूंजी निर्माण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पूंजी की कमी के कारण विकास योजनाओं को पूर्ण करने में कठिनाई उत्पन हो रही है। जनसंख्या में तीव्र वृद्धि के कारण सरकार को बिजली, परिवहन, चिकित्सा, जल-आपूर्ति, भवन निर्माण इत्यादि जनोपयोगी सेवाओं पर अधिक व्यय करना पड़ रहा है जिससे अन्य क्षेत्र प्रभावित हो रहे हैं। दो राय नहीं कि राष्ट्र के विकास में जनसंख्या की महती भूमिका भी है। विश्व के सभी संसाधनों में सर्वाधिक शक्तिशाली तथा सर्वप्रमुख संसाधन मानव संसाधन ही है।

# डिफेंस सेक्टर में महिलाओं की सशक्त दस्तक, अच्छे संकेत'

संजीव ठाकुर

वर्तमान में भारत की विशाल जनसंख्या में 45% भागीदारी महिलाओं की है। महिलाओं को अभी उनके हक का अधिकार एवं भागीदारी सुनिश्चित नहीं हो पा रही है, ऐसे में डिफरेंस सर्विसेस में महिलाओं की भर्ती एक अच्छे संकेत के रूप में सामने आ रही है' आज के समय में महिलाएं सभी क्षेत्रों में साहस, शौर्य और ऊर्जा का बेहतरीन प्रदर्शन करते आ रही हैं, महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर काम में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। अब इसमें सशस्त्र बलों यानी डिफेंस सर्विस भी अछूता नहीं रहा सबसे बड़ी बात स्वतंत्र भारत की दूसरी रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण बनी थी इसके पूर्व श्रीमती इंदिरा गांधी प्रथम रक्षा मंत्री रही थी' अब कोई भी क्षेत्र ऐसा अछूता नहीं रहा जहां महिलाओं ने अपनी सशक्त दस्तक ई पहचान ना कराई हो, यह तो पूर्व से ही कहा गया है यदि आप एक पुरुष को शिक्षित करते हैं तो सिर्फ एक पुरुष शिक्षक होता है किंतु यदि आप किसी महिला को सर्वांगीण शिक्षा देते हैं तो आने वाली संपूर्ण पीढ़ी को शिक्षित कर रहे हैं। नारी शक्ति को अब ज्यादा दिनों तक देश की प्रगति विकास के योगदान से परे नहीं रखा जा सकता है' परिवार की धुरी महिलाएं होती है परिवार से घर बनता है धर से समाज और समाज और संपूर्ण समाज से एक सशक्त राष्ट्र की बुनियाद रखी जाती है।

इस तरह देश की बुनियाद ही स्त्री सशक्तिकरण है' महिलाएं अच्छी तरह समझती हैं कि घर से लेकर देश की सीमा तक उन्हें व्यवहार कर देश के विकास और उसकी रक्षा में उन्हें किस तरह योगदान देना है। महिलाओं के बिना देश की प्रगति एवं विकास की कल्पना सर्वथा बेमानी है' सशक्त माताएं सशक्त राष्ट्र का निर्माण करती हैं' और सीमा रक्षा बलों में महिलाओं की भागीदारी इसका एक बड़ा उदाहरण और प्रतिफल है इन उदाहरणों में से प्रथम लेफ्टिनेंट सुनीता अरोड़ा ,प्रथम एयर मार्शल पद्मावती बंदोपाध्याय ,कैप्टन मिताली मधुमिता ,भारत में आए अमेरिकी राष्ट्रपति को गार्ड ऑफ ऑनर देने वाली प्रथम विंग कमांडर पूजा ठाकुर ऐसे अधिकारियों के नाम है जिन्होंने रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है एवं महिलाओं के प्रति सारी अवधारणाओं को गलत साबित कर एक सशक्त छवि को निरूपित किया है' महिलाओं की शारीरिक बनावट तथा उनके शारीरिक विन्यास को देखते हुए प्रतिरक्षा सेवा में उनकी भूमिका बहुत कम रही है,हम मां दुर्गा भवानी की पूजा करते हैं और महिलाओं को कमजोर समझते हैं। किंतु उनकी शक्ति को उनकी भागीदारी को अंततः स्वीकार किया गया और 1992 में पहली बार भारतीय सेना में महिलाओं के लिए द्वार खोले गए एवं 25 महिला कैंडिडेट को ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी गया में ट्रेनिंग दी गई इसके पूर्व सिर्फ चिकित्सा सेवा में महिलाओं को नियुक्त किया जाता रहा है। सेना में इनकी भागीदारी होते हुए भी इन्हें पुरुषों के समान अधिकार नहीं दिए गए थे, महिलाएं रक्षा सेवा में विधिक, शिक्षा, इंजीनियरिंग, इंटेलिजेंस तथा ऐयर सिग्नल कोर में अपनी सेवाएं देती रही हैं।

महिलाओं को केवल शॉर्ट सर्विस कमिशन जाने की 14 साल तक के लिए कमीशन किया जाता रहा जबकि पूरे समय के लिए केवल पुरुषों को ही सेना में भर्ती किया जाता था' 2008 में उच्च न्यायालय के निर्देश पर महिलाओं को परमानेंट कमिशन पर रखा जाने लगा। यह नारी सशक्तिकरण के लिए एक सशक्त मील का पत्थर साबित हुआ' सेना की सैन्य प्रमुखों की समिति ने सशस्त्र बलों में महिलाओं की नियुक्ति पर स्थाई कमीशन की सिफारिश तो की किंतु इन्हें लड़ाकू सैनिकों की भूमिका देने से इनकार कर दिया उसके पीछे यह दलील दी गई की महिलाओं को लड़ाई के मैदान में भेजना उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए ठीक नहीं एवं देश की संस्कृति के अनुसार महिलाओं को दुश्मन से लड़ने भेजना अथवा दुश्मन द्वारा पकड़े जाने पर उचित नहीं होगा। इसलिए महिलाओं को फ्रंटलाइन में नियुक्त किया जाना उचित नहीं होगा किंतु बाद में कुछ संशोधन किए जाने के पश्चात महिला अधिकारी कॉम्बैट जोन में पदस्थ की जाने लगी किंतु समाज का नजरिया महिलाओं के संदर्भ में बदलने लगा एवं 2016 में सशस्त्र बलों के कॉम्बैट क्षेत्र में महिलाओं को नियुक्ति देने की बात स्वीकार की गई इसमें दुनिया में कुछ देश ही हैं जिन्होंने महिलाओं को वार फ्रंट पर नियुक्त किया है। पूर्व के थल सेना प्रमुख बिपिन रावत ने भी कहा था कि हम महिला और पुरुष को समान रूप से देखना चाहते एवं इसके लिए जल थल और वायु सेना एक रूपरेखा तैयार कर रही है जिसके सुखद परिणाम भी होंगे,सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी मजबूत रूप से सामने आएगी एवं पुरुषों की भांति देश की रक्षा तथा दुश्मनों से लोहा लेने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगीं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### थाना समाधान दिवस में एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

नहटौर। शनिवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना नहटौर के प्रांगण में थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनसमस्याओं को सुना गया तथा जनशिकायतों के अतिशीघ्र एवं गुणवत्तापरक निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान उप जिलाधिकारी धामपुर, क्षेत्राधिकारी धामपुर व प्रभारी निरीक्षक थाना नहटौर मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में पिता की हुई मृत्यु

बिजनौर। पिता के साथ सड़क दुर्घटना का शिकार हुई विवाहिता पुत्री ने भी इलाज के दौरान दम तोड दिया। मृतका के दो छोटे छोटे बच्चे हैं। उल्लेखनीय है कि बेगावाला क्षेत्र के ग्राम चंदपुरा निवासी अलीमुद्दीन उर्फ अलमू 55 वर्ष की बेटी रेशमा की शादी बसी किरतपुर में हुई है। रेशमा की जेठानी महजबी बीमार है। वह यहां बैराज रोड पर स्थित अस्पताल में भर्ती है। शुक्रवार की सुबह अलमू महजबी की खबर के लिये बाइक से अस्पताल जा रहा था। उसके साथ उसकी बेटी रेशमा भी थी। जैसे ही वह अस्पताल के नजदीक पहुचा पीछे से आ रहे ट्रक ने अलमू की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे अलमू की मौके पर ही मौत हो गयी थी जबकि उसकी बेटी रेशमा गंभीर रूप से घायल हो गयी थी। रेशमा को जिला अस्पताल से मेरठ के लिये रैफर कर दिया गया था जहां मेरठ में उपचार के दौरान रेशमा ने भी दम तोड दिया मृतका रेशमा के दो छोटे छोटे बच्चे हैं। रेशमा के ससुराल वालों की आर्थिक स्थिति कमजोर है। उधर उसके पिता की भी मृत्यु हो गयी अब रेशमा के बच्चों की परवरिश कौन करेगा यह सवाल लोगों की जुबा पर है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

गजरौला। कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए जिनको निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर किया। सूचना पर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। हसनपुर के मोहल्ला लालबाग निवासी परवेज व शराफत दिल्ली में काम करते हैं। दोनों रविवार तड़के बाइक से ईद के चलते अपने घर लौट रहे थे। नेशनल हाईवे पर गांव ख्यालीपुर ढाल के पास पीछे से आ रही तेजगति कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। आरोपी चालक कार समेत फरार हो गया। राहगीरों ने घायलों को पास ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। शराफत की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया। एसएसआई प्रेमपाल सिंह ने मामले में तहरीर मिलने पर जांच एवं कार्रवाई करने की बात कही।

### पुलिस ने दो लोगों का शांति भंग की आशंका में चालान किया

अफजलगढ़। गांव पुराना कालागढ़ में कहासुनी होने के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दो लोगों को शांति भंग की आशंका में चालान किया। शुक्रवार को किसी बात को लेकर आपसे कहासुनी के मामले में पुलिस ने गांव पुराना कालागढ़ निवासी अनील कुमार पुत्र शिव कुमार तथा दिलावर पुत्र शेर सिंह को कहासुनी के मामले में पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शांति भंग की आशंका में चालान कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया।

# जनपद में हर्षोल्लास, भाईचारे व आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया ईद का पर्व

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता



- ईदगाह पर नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद
- गले मिलकर ईद की बधाई दी, देश में अमनो अमान की दुआ मांगी

ईद उल अजहा का त्यौहार जनपद भर में बड़े ही हर्षोल्लास, भाईचारे व सौहार्द के साथ मनाया गया। ईदगाह पर ईद की नमाज सुबह 7.30 बजे अदा की गयी। ईद की नमाज इस बार शहर काजी के हज पर जाने के कारण उनके स्थान पर ईद की नमाज मुफ्ती वक्कार ने अदा करायी। ईद की नमाज के साथ साथ देश में अमनो अमान शांति व खुशहाली की भी दुआ करायी गयी। इस अवसर पर ईदगाह पर पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, बिजनौर चेयरपर्सन पति शमशाद अंसारी, सपा के विधायक प्रत्याशी रहे डा0 नीरज चैधरी के अलावा कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे तथा उनके साथ पुलिस बल मौजूद रहा। इसके साथ ही अन्य पार्टियों के नेता भी मौजूद रहे। वहीं अफजलगढ़ संवाददाता के अनुसार क्षेत्र में आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाया गया ईदगाह पर ईद की नमाज शांतिपूर्वक मौलाना मुख्तार अहमद ने तकरीर कर अदा कराई जिसमें हजारों नमाजियों ने सवेरे साढे सात बजे पहुंचकर ईदगाह में ईद की नमाज पढ़ी और देश की खुशहाली व अमन शांति के लिए दुआं की जबकि जामा मस्जिद में मुफ्ती नईम अहमद, बेल वाली मस्जिद में मुफ्ती सईदुर्रहमान ने नमाज अदा कराई रविवार को सवेरे नगर की ईदगाह पर लगभग 6 हजार नमाजी पहुँचे ओर तकरीर सुनी और ईद की नमाज अदा की इस मौके पर हिन्दू भाईयो की ओर से मुस्लिम भाईयो का स्वागत किया गया और गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी गई वही नगर पालिका चेयरपर्सन शहाना सलीम अंसारी की ओर से ईदगाह पर समुचित साफ-सफाई व पानी की उचित व्यवस्था की गई और ईदगाह गेट पर सजावट के साथ साथ नमाजियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था भी कराई। ईदगाह व जामा मस्जिद के बाहर पूर्व विधायक अफजलगढ़ शेख सुलेमान,चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एडवोकेट,पूर्व चेयरमैन जावेद विकार,शेख इरशाद हुसैन,समीम अहमद अंसारी भट्टे वाले,सभासद कलवा कुरैशी, नफीस अहमद, जहीर खान एडवोकेट,खलील अहमद पप्पू पठान,डाक्टर शाहिद हुसैन, मास्टर समीम अंसारी,वसीम अंसारी,शेख मौहम्मद जैद, दिलशाद अंसारी मेडिकल वाले, परवेज विकार, मुफ्ती जहीर अहमद, जाकिर उर्फ टायसन, कासिम अंसारी,अजमल खान, मेहर आलम एडवोकेट, इसरार कस्सार, अफजाल अंसारी एडवोकेट,कासिफ अंसारी, जावेद सैफी तथा रिजवान अंसारी आदि ने नमाजियों से गले मिलकर ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी वही सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाल मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा इस मौके पर ईओ कौशल कुमार के अलावा एसएसआई दिनेश कुमार,कस्बा इंचार्ज अनोखेलाल गंगवार,एसआई विनीत कुमार, संजीव अग्रवाल,बृजमोहन सिंह,सफाई नायक रोहिताश पंवार, रोबिन अग्रवाल,साबिर अली तथा लेखपाल बेनीराम सिंह आदि सहित रहें गांव मेघपुर, सुआवाला, शेरगढ़ ,मनोहरवाली तथा मानियावाला आदि ईदगाहो पर नमाज शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। नजीबाबाद संवाददाता के अनुसार क्षेत्र में ईद उल अजहा का पर्व बडे ही खुशमाहौल में मनाया गय। बड़ों के साथ साथ बच्चों ने भी ईद के पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया। छोटे छोटे बच्चे भी ईदगाह पर सुबह ही नये नये कपडे पहनकर ईद की नमाज करने पहुंचे तथा वहां बडों के साथ उन्होंने भी ईद की नमाज अदा की। धामपुर संवादादाता के अनुसार धामपुर में ईद का त्यौहार खुशनुमा मौसम में सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। मुस्लिमों के साथ साथ हिन्दू भाईयों ने भी ईद की शुभकामनायें दीं तथा गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। पूरे जनपद में कहीं से भी किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना की जानकारी नहीं है।

## भीषण गर्मी के दौरान रिमझिम बारिश से मौसम सुहाना -किसानों के चेहरे खिले

नजीबाबाद, प्रात: किरण संवाददाता





लगातार गर्मी से जूझ रहे लोगों को उस समय राहत मिली जब सुबह से हुई रिमझिम बारिश ने मौसम का मिजाज बदल कर रख दिया, बता दे कि भीषण गर्मी के दौरान शनिवार की सुबह हुई रिमझिम बारिश ने मौसम का मिजाज बदल कर रख दिया जिससे लोगों ने राहत की सांस ली इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी भाकियू नेता संदीप सिंह भुल्लर एडवोकेट ने जानकारी देते हुए बताया कि कई दिन से किसान बारिश के लिए दुआएं कर रहे थे और शनिवार की सुबह हुई रिमझिम बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे उन्होंने आगे बताया की छोटे किसानों के लिए यह बारिश अमृत बनकर बरसी है क्योंकि छोटे किसानो के अपने खेतों में धान की रोपाई हेतु साधन नहीं होते इस बारिश से छोटे किसान अपनी धान की रोपाई जोर शोर से कर पाएंगे और यह बारिश धान की खेती के साथ-साथ गन्ने की खेती व जंगलों में सरकार के द्वारा पेड़ों की रोपाई भी जोरो से की जाएगी जंगल में पेड़ों की रोपाई को इस बारिश से बहुत बड़ा फायदा मिलेगा आगे भाकियू नेता एडवोकेट संदीप सिंह भुल्लर ने जानकारी देते हुए बताया की इस बारिश से जंगली जानवर किसानों के खेतो की और नही आएगे और जंगली जानवरों का जंगलों से बाहर आना कम हो जाएंगा जिसका मुख्य कारण है की जंगल में बरसात न होने से जंगली जानवर जंगलों से निकलकर पानी की तलाश में सड़को व खेतो में आ जाते हे जिससे किसान को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है वही सड़को पर भी जानवरों के आने से सड़क हादसे होने लगते हे इस बारिश से जंगलों में बने तालाबों में पानी भर जाएगा जिससे जंगली जानवर किसानों के खेत में आने कम हो जाएंगे और सड़क हादसे में भी कमी आयेगी इसके अलावा गर्मी से जूझ रहे किसानो को गर्मी से भी राहत मिली।

### शरारती तत्वों ने उखाड़ा महाराणा प्रताप का बोर्ड

**हसनपुर।** कोतवाली में असामाजिक तत्वों ने महाराणा प्रताप का बोर्ड उखाड़ कर फेंक दिया। रविवार सुबह जब खड़गवंशी समुदाय के लोगों की इसकी जानकारी हुई तो रोष फैल गया।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों को समझा कर शांत कराया और बोर्ड को दोबारा लगवाया।मामला कोतवाली क्षेत्र धोरिया एतमाली गांव का है। यहां गांव के बाहर गंगा बांध के निकट महाराणा प्रताप का बोर्ड लगा हुआ है। रविवार सुबह लोगों ने देखा कि बोर्ड उखड़ा पड़ा है। थोड़ी देर में यह खबर गांव में फैल गई और खड़गवंशी समुदाय के लोग इकठ्ठा हो गए। आशंका जताई कि किसी शरारती तत्व ने रात में बोर्ड को उखाड़कर फेंका है। बकरीद की नमाज के मद्देनजर ईदगाह व मस्जिदों पर तैनात पुलिस को सूचना मिली तो मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। बताया जा रहा है कि खड़गवंशी समुदाय के लोगों ने गांव के कई शरारती युवकों के नाम बताए हैं।थानाध्यक्ष अरविंद त्यागी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता की।

## बारिश के बाद सड़कों में भरा पानी पालिका के दावों की खुली पोल

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता



मौसम ने फिर करवट बदल ली और बादल जमकर बरसे। बारिश से एक ओर जहां मौसम सुहावना हो गया, वहीं नगर पालिका के दावों की पोल भी खुल गई। बारिश के बाद शहर की सड़कें जलमग्न हो गई। इससे दुकानदार और लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बारिश से तालाब बनी सड़कों पर पानी दुकानों में पानी घुस गया।

हालांकि बारिश के बाद उमस और चिपचिपी गर्मी से लोगों ने राहत महसूस की। रविवार दोपहर करीबन डेढ़ बजे आसमान में काले काले बादल उमड़ आए। बारिश और बीच बीच में बूंदाबांदी से शहर का मुख्य बाजार, कोतवाली, आजाद रोड, कैलसा बाईपास, जामा मस्जिद, नगर पालिका, कोतवाली गेट सहित आदि इलाकों में पानी सड़कों पर भर गया। सड़कें तालाब और नदी जैसी बनी नजर आईं। कई दुकानों में पानी घुस गया। दुकानदार नाले-नालियों को साफ कर खुद ही पानी निकालने का प्रयत्न करने लगे। दुकानदार और राहगीरों में पालिका के खिलाफ आक्रोश दिखा। दुकानदारों के मुताबिक आधे शहर का पानी कोट बाजार से गुजरता है। जिसकी वजह से हल्की बारिश में जलभराव हो जाता है। पानी अधिक होता है और नाला छोटा है। साथ ही नाले में गंदगी भी रहती है, जिस कारण निकासी नहीं हो पाती। तमाम स्थानों पर कार और बाइकों के पहिया पानी में डूबे नजर आए। बाइक की साइलेंसर में पानी घुसने से भी लोग परेशान है। बारिश के चलते मौसम सुहावना हो गया। चिपचिपी और उमस भरी गर्मी से लोगों ने राहत महसूस की। ठंडा मौसम होने पर लोगों ने मौसम का लुत्फ उठाया।

### फसल की सिंचाई करने गए किसान की करंट से मौत

**गजरौला।** खेत पर सिंचाई करने गए किसान की करंट लगने के मौत हो गई।आसपास के लोगों ने इसकी सूचना परिजनों का दी। मौके पर पहुचें परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से किसान को सीएसची पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।सीएचसी अधीक्षक ने इसकी सूचना पुलिस को दी। अस्पताल पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। इसके बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। किसान की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मामला थाना क्षेत्र के फौंदपुर गांव का है। यहां का रमेश चंद (60 वर्ष) खेती करता था। वह रविवार सुबह खेत पर फसल की सिंचाई करने गया था। ट्यूबवेल स्टार्ट करने के दौरान मोटर में उतरे हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कार्यवाहक थाना अध्यक्ष प्रेमपाल सिंह ने बताया कि किसान की मौत की जानकारी है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर गई थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस द्वारा दो शातिर चोरों डेढ़ लाख रुपए के जेवरात व 32 हजार रुपये की नकदी सहित किया गिरफ्तार

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता



पुलिस द्वारा दो शातिर चोरों को चोरी के डेढ़ लाख रुपए के जेवरात व 32 हजार रुपये की नकदी सहित गिरफ्तार किया गया। उनके पास से अवैध शस्त्रों का जखीरा बरामद किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसर संजीव कुमार व नवनीत कुमार निवासीगण ग्राम दौलतपुर थाना मंडावर जनपद बिजनौर द्वारा 5/6 जुलाई 22 की रात्रि में उनके घर से अज्ञात चोरो द्वारा नकगी व जेवरात चोरी हो जाने संबंन्ध में थाना मांडावर पर मु0अ0सं0 160/22 व मु0अ0सं0 161/22 धारा 380 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया गया था।

इसके परीपेक्ष में पुलिस अधीक्षक जनपद बिजनौर द्वारा उक्त चोरी की घटनाओं के संज्ञान लेकर शीघ्र अनावरण हेतु थाना मंडावर पुलिस को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना मण्डावर पुलिस द्वारा मुखकिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान ग्राम नाईवाला के तिराहे से गत शनिवार की रात्रि में अभियुक्तगणों सुशील पुत्र नरदेव सिंह निवासी कस्बा स्योहारा फैजुल्लापुर स्टेशन के पास थाना स्योहारा जनपद बिजनौर व खेवेन्द्र पुत्र वीर सिंह निवासी मौ0 इस्लामनगर कस्बा व थाना नूरपुर जनपद बिजनौर को 01 अवैध तमन्चा 12 बोर मय 03 जिन्दा कारतूस व 01 अवैध तमन्चा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारूतूस सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगणों की निशानदेही पर जेवरात पीली धातु के (01 जोडी कुण्डल, 02 नथ, 01 अंगुठी, एक जोडी बाली, 01 अंगूठी व सफेद धातु की (एक जोडी पाजेब, 01 चैन, 06 सिक्के, 04 बिछुवे, 01 अंगुठी, एक कडा, एक जोडी पाजेब, 04 बिछवे, एक अंगूठी) कुल कीमत करीब 1.5 लाख रुपए व नकदी 32 हजार रुपए बरामद की गयीं। अवैध शस्त्रों की बरामदगी के समंन्ध में थाना मंडावर पर मु0अ0सं0 169/22 धारा 3/25 आयुध अधि0 नाम सुशील व मु0अ0सं0 170/22 धारा 3/25 आयुध अधि0नियम खेवेन्द्र उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

उक्त दोनो घटनाओ में संलिप्त अभि0गण सूरज पुत्र बाबूराम, सोहित, सोहिल पुत्रगण सूरज निवासीगण ग्राम चूचैला कला थाना धनोरा जनपद अमरोहा फरार है जिनकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

## अभद्र व्यवहार को लेकर किसानों ने दिया ज्ञापन



मंडावर, प्रात: किरण संवाददाता

शनिवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा मंडावर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली चंदक चैकी के इंचार्ज श्रीपाल द्वारा किसानों के साथ अभद्र व्यवहार करने व चैकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव में हुई चोरियों का खुलासा ना करने का आरोप लगाते हुए। संबंधित ज्ञापन थानाध्यक्ष संजय कुमार को सौंपा। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने थानाध्यक्ष संजय कुमार मड़ावर को ज्ञापन देते कि की चंदक चैकी इंचार्ज किसानों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। साथ क्षेत्र में हो रही अनेक चोरियों पर अंकुश न लगने व पूर्व में हुई चोरियों का अब तक खुलासा न करने की बात कही। ज्ञापन में चोरियों का जल्द खुलासा नहीं होने पर व चैकी इंचार्ज व्यवहार में सुधार नहीं होने पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा 12 जुलाई को आंदोलन करने की चेतावनी दी गई। ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष अंकित कुमार धर्मेंद्र राठी कपिल कुमार पूर्व ब्लाक अध्यक्ष विजय पाल सिंह ओंकार सिंह गुलशन जतिन सोहित आदि मौजूद रहे।

### शिव भक्तों को महाकाल भक्त मंडल ने दी श्रद्धांजलि

**नजीबाबाद।** श्री अमरनाथ में पवित्र गुफा के निकट बादल फटने के कारण श्रद्धालुओं की असामयिक मृत्यु बेहद दुखद है। महाकाल भक्त मंडल के सदस्यों ने सभी मृतक श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि दी तथा बाबा बफार्नी से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की और भगवान भोलेनाथ से यह भी प्रार्थना की गई मृतकों के परिजनों को यह असीम दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। महाकाल भक्त मंडल के सदस्यों द्वारा घायल श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की व लापता श्रद्धालुओं की कुशलता के लिए भी प्रार्थना की गई। यह जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। पूरे देश की संवेदनाएं पीड़ित परिजनों के साथ है। शोक सभा में पंडित चेतन शर्मा, सौरभ कुमार, अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, आदित्य अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, प्रदीप कुमार, देवेंद्र प्रजापति, रजत महेंद्रा, राजा माहेश्वरी, सागर, आयुष चंद्रा, पुलकित विश्नोई, हर्ष शर्मा, तरुण प्रजापति, शानू, चित्रांश अग्रवाल, हिमांशु तायल, गौरव अग्रवाल एडवोकेट, अर्पित महेंद्र, अक्षय अग्रवाल, यश विश्वकर्मा, रजत अग्रवाल, हरिओम भारद्वाज, ऋषभ, विपिन कश्यप, तुषार अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, निशांत शर्मा, अनमोल गुप्ता, धीरज अग्रवाल, दीपक गुप्ता व दिनेश प्रजापति आदि रहे।

## देशभक्त विद्यार्थियों का संगठन है अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद: हंस चैधरी

नजीबाबाद, प्रात: किरण संवाददाता



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहू जैन डिग्री कालेज के पूर्व प्राचार्य डॉ लक्ष्मण सिंह बिष्ट एवं संचालन लवी कुमार नगर सह मंत्री ने किया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि अनुपम महेश्वरी एमडीएस इंटर कॉलेज नजीबाबाद, एवं श्री नागेन्द्र सिंह संगठन महामंत्री बिहार राज्य,हंस चैधरी प्रान्तीय मंत्री एबीवीपी, प्रांतीय संयोजक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अभिषेक त्यागी, नगर मंत्री विनायक गुप्ता, ब्लाक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता चैधरी ईशम सिंह , ब्रजेश सिंह विभाग संगठन मंत्री विश्व हिंदू परिषद, स्वामी विवेकानंद जी एवं विद्या की देवी सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रांतीय मंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चैधरी ने कहा कि राष्ट्रीयता की भावना को लेकर देश हित सर्वोपरि रखते हुए विद्यार्थियों के लिए कार्य करना विद्यार्थी परिषद का कार्य है अपने संबोधन में साहू जैन डिग्री कॉलेज के पूर्व प्रताप प्राचार्य डॉ एल एस बिष्ट ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के माध्यम से ही अनेक अनुशासित देशभक्त कार्यकर्ता निकलकर समाज का मार्गदर्शन करने का कार्य करते हैं के निर्माण में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का महत्वपूर्ण स्थान है नई शिक्षा नीति को निर्धारित एवं लागू कराने में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का महत्वपूर्ण योगदान है इक्कीसवीं सदी का युद्ध भारत का युग है निरंतर विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है भारत को विश्व गुरु के रूप में खड़े होने जा रहा है मैं सभी छात्र छात्राओं से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जोड़कर राष्ट्र भक्ति भावना से देश की सेवा करने का आह्वान किया अपने सम्बोधन में श्री नागेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रतिवर्ष आगे बढ़ने वाले छात्र छात्राओं को सार्वजनिक मंच पर सम्मानित करने का कार्यक्रम किया जाता है इससे उसका एवं उसके परिजनों गुरुजनो का सम्मान होता है जीवन में आगे बढ़ने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि कश्मीर से धारा तीन सौ सत्तर हटाने में बड़ा योगदान रहा कार्यक्रम में ललित राजपूत, पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा पंकज शर्मा, आशीष त्यागी, मलखान सिंह,कोमल सिंह,नीरज सिंह,द्ववित गुप्ता, राजीव अग्रवाल, बिट्टू भटनागर,लवी अग्रवाल, कुलदीप राजपूत, बलराज त्यागी, राहुल तिवारी, अंकित राजपूत, अतुल त्यागी, करुणा शर्मा, विक्रम सिंह चैहान, नवनीत चतुर्वेदी, उदय चैधरी, सानिया, खुशबू, गर्म, महिमा, कनिका, अलीना, आदि का विशेष सहयोग रहा।

# जनपद भर मे शांति से अदा की गई ईद-उल-अजहा की नमाज

प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। जिलेभर की मस्जिदों और ईदगाहों पर ईद-उल-अजहा की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। कुबार्नी का जज्बा लेकर अल्लाह की बारगाह में उठे हाथों ने मुल्क में अमन-चैन और कौम की सलामती के लिए दुआ मांगी। नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहे। वहीं, पुलिस-प्रशासनिक अफसरों ने भी दिन निकलते ही अलर्ट मोड में रहकर अधीनस्थों से हालात का फीडबैक लिया। सुबह आठ बजे तक सभी स्थानों पर नमाज निपटने का इनपुट मिलने पर राहत की सांस ली। कुबार्नी के मद्देनजर फिलहाल जिलेभर में पुलिस टीमों का मूवमेंट जारी है। संवेदनशील व मिश्रित आबादी से जुड़े इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। एहतियातन सिविल पुलिस संग पीएसी जवानों की तैनाती भी की गई है।अमरोहा शहर ईदगाह पर मुफ्ती सैय्यद मोहम्मद अफ्फान मंसूरपुरी ने ईद-उल अजहा की नमाज पढ़ाई। इसके पहले उन्होंने कुबार्नी से जुड़ी

**दुआ**

- मुल्क की सलामती के लिए मागीं दुआ

इस्लामी तारीख भी बयान की।कहा कि आपकी कुबार्नी से किसी भी हमवतन को कोई तकलीफ नहीं पहुंचनी चाहिए, इस बात का पूरा ख्याल रखा जाए, कुबार्नी का असल मकसद भी तभी पूरा हो पाएगा।दाऊद सराय रोड स्थित मदरसा जामिया नूरिया अशरफुल उलूम में मुफ्ती तैय्यब अली कादरी नईमी ने नमाज पढ़ाई। उन्होंने, नमाजियों के बीच कुबार्नी को लेकर सरकारी गाइडलाइन का पालन करने पर जोर दिया। शिया जामा मस्जिद ने इमाम जुमा वल जमात मौलाना डा. सैय्यद मोहम्मद सियादत नकवी ने नमाजे ईद-उल-अजहा अदा कराई। मदरसा शाही चबूतरा में मुफ्ती शाहिद हुसैन अजमली, व मस्जिद दरगाह शाह विलायत में मौलाना तौहीद रजा ने नमाज पढ़ाकर लोगों से भाईचारे के साथ त्योहार को मनाने की अपील की। नौगावां सादात स्थित ईदगाह पर मुफ्ती अब्दुर्रहमान कासमी व यहां की शिया जामा मस्जिद में मौलाना मसरूर अब्बास ने नमाज की इमामत की। जोया में रजा ईदगाह कारी हामिद हुसैन व अमरोहा रोड स्थित पुरानी ईदगाह पर मौलाना मोहम्मद आलम ने नमाज पढ़ाई। नमाज के बाद जिलेभर में कुबार्नी का सिलसिला शुरू हो गया। लोगों ने अल्लाह की राह में जोश और जज्बे के साथ कुबार्नी पेश की। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस टीमों का मूवमेंट जारी है। पुलिस-प्रशासनिक अफसर संवेदनशील व मिश्रित आबादी से जुड़े इलाकों की हर गतिविधि पर

### सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन रहा अलर्ट मोड पर



**गजरौला।** ईदगाहों व मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।नमाज के बाद मुल्क व कौम की तरक्की की दुआ की गई। एक-दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद देते हुए नमाजी ईदगाहों व मस्जिदों से घरों की ओर रवाना हुए। इसके बाद कुबार्नी का सिलसिला शुरू हुआ। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर है।शहर में चौपला स्थित जामा मस्जिद में मौलाना जिकरुहसन ने नमाज पढ़ाई। सुबह सात बजे नमाज शुरू होने का समय था लेकिन साढ़े छह बजे से ही नमाजियों का मस्जिद में पहुंचना शुरू हो गया। मोहल्ला चौहानपुरी स्थित मस्जिद में मौलाना सदाकत अली ने नमाज पढ़ाई। दोनों ही मस्जिदों में में नमाज का एक ही समय था। सैकड़ों की संख्या में लोगों ने नमाज पढ़ी। नमाज के बाद तकरीर हुई। नियमानुसार कुबार्नी किए जाने पर जोर दिया गया। अंत में मुल्क व कौम की तरक्की की दुआ की गई। इसके अलावा शहर की अन्य मस्जिदों में भी ईद की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। क्षेत्र के गांव मोहरकापट्टी स्थित ईदगाह में सुबह आठ बजे नमाज हुई। नमाज के बाद कुबार्नी का सिलसिला शुरू हुआ। नमाज के दौरान मस्जिदों के आसपास पुलिस तैनात रही। आला अधिकारी भी अपडेट लेते रहे। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस टीमें गश्त करती रही हैं।

### मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शांतिपूर्वक संपन्न की ईद की नमाज



**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र में ईद उल अजहा की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई। ईदगाह व मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज पढ़ी। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।नगर में ईदगाह पर रविवार सुबह सात बजे शहर इमाम मुफ्ती मेहराजुद्दीन ने ईद उल अजहा की नमाज पढ़ाई। नमाज के बाद मुल्क में अमन व शांति की दुआ की गई। शहर इमाम ने अपील करते हुए कहा कि कुबार्नी के दौरान दूसरे धर्म के लोगों की भावनाओं का ख्याल रखें। कुबार्नी खुले में न करें। प्रतिबंधित पशु की कुबार्नी भी न करें। इस दौरान शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की ईदगाह व मस्जिदों पर भारी संख्या में पुलिस तैनात रही। इसके बाद कुबार्नी का सिलसिला शुरू हुआ, जो अगले तीन दिन तक जारी रहेगा। फिलहाल लोग गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दे रहे हैं। एसडीएम सुधीर कुमार ने बताया कि तहसील क्षेत्र की सभी ईदगाह व मस्जिदों में शांतिपूर्वक नमाज संपन्न हुई है।

## आईआईए बिजनौर द्वारा गुड को एक जिला एक उत्पाद में जोड़ने का प्रयास

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता

इंडियन इंडस्ट्रीज असोसिएशन (आईआईए) अध्यक्ष अशोक अग्रवाल अध्यक्षता में नए सत्र 2022-23 के लिए नवनियुक्त पदाधिकारियों का संवाद परिचय एवं दायित्व कार्यक्रम का आयोजन। आईआईए भवन, लखनऊ में संपन्न हुआ मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम उत्तर प्रदेश राकेश सचान इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बिजनौर से विकास कुमार अग्रवाल डिविजनल सेक्रेटरी मुरादाबाद मण्डल के नेतृत्व में बिजनौर चैप्टर इंडियन इंडस्ट्रीज असोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारियों चैप्टर चेयरमैन सौरभ माथुर, सचिव दीपक कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सचिन जैन, वॉइस चेयरमैन धर्मेंद्र कुमार, डॉ रामेंद्र, अनिल दुबे आदि ने लखनऊ कार्यक्रम में भाग लिया, और बिजनौर की इंडस्ट्रीज से सम्बंधित समस्यों के निवारण हेतु चर्चा की इस अवसर पर बिजनौर चैप्टर टीम ने मंडलीय सचिव विकास कुमार अग्रवाल के साथ मंत्री के साथ चर्चा वार्ता कर एक ज्ञापन भी सौपा जिसमें बिजनौर में गुड़ को एक जिला एक उत्पाद में सहउत्पाद शामिल किए जाने का अनुरोध था। जिससे जिले में गुड को बढावा मिले और सभी गुड व्यापारियों के लिए एक्सपोर्ट आदि के नए अवसर प्राप्त हो, मंत्री ने जिले में लगी इण्डस्ट्रीज की समस्याओं पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से बैठक कराते हुए हल कराने हेतु अश्वासन दिया और बतया की एमएसएमई नीति में कुल सरकारी खरीद का 25 प्रतिशत भाग प्रदेश के सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों से खरीदने का प्रावधान है। जिससे प्रदेश में एमएसएमई के विकास के लिए लागू किया जाएगा चैप्टर चेयेरमैन सौरभ माथुर और सचिव दीपक अग्रवाल ने बताया कि गुड को बिजनौर से एक जिला एक उत्पाद में गुड को सहउत्पाद के लिए पूर्व में यह प्रस्ताव जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से शासन को भेजा जा चुका है। फिलहाल काष्ठकला को ओडीओपी में को लिया हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### वृहद गंगा आरती की सफलता में रोट्रैक्ट भी जुड़ा

पटना सिटी। गुरु पूर्णिमा 13 जुलाई पर गायघाट सेवा समिति द्वारा आयोजित गंगा पूजन एवं भव्य महाआरती के सफल आयोजन के लिए रोट्रैक्ट क्लब ऑफ पटना सिटी तथा गायघाट सेवा समिति के द्वारा संयुक्त रूप से गायघाट आयोजन स्थल के पास सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर गायघाट सेवा समिति के अध्यक्ष गंगाधर गिरी, संयोजक डॉ अजय प्रकाश, मीडिया प्रभारी मुकेश ठाकुर, छोटू गिरी, अजीत कुमार, मनोज शर्मा, अमित पाण्डेय, दीपक कुमार, मोहन प्रसाद, बजरंगी कुमार, रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी के पूर्व अध्यक्ष रवि शंकर प्रीत, रोट्रैक्ट क्लब ऑफ पटना सिटी के अध्यक्ष प्राजुल गुप्ता, रव्यांशु प्रीत, शुभांगिनी गुप्ता, हिमांशु राज, आकाश मिश्रा के साथ अन्य शामिल हुए।

### लूटपाट व हत्या के प्रयास में दो गिरफ्तार

पटना सिटी। मालसलामी थाना की पुलिस ने लूटपाट के मामले में एक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि पीरदमरिया में शुभम कुमार के साथ तीन की संख्या में रहे बदमाशों ने पर्स और मोबाइल लूटा था। उसी मामले में फंटू पटेल को गिरफ्तार किया गया है। सजे पास से लूटा गया मोबाइल बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि रिकाबगंज मुहल्ला निवासी पंकज कुमार की हत्या के प्रयास में दीदारगंज मुहल्ला निवासी करण कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

### भाविप का स्थापना दिवस मनाया

पटना सिटी। भारत विकास परिषद की पटना पूर्वी शाखा के द्वारा कैरियर कम्प्यूटर सेंटर नाला पर 60वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता अध्यक्ष राजकिशोर चौरसिया और पूर्व अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार थे। दोनों ने भारत विकास परिषद की स्थापना एवं इसके क्रियाकलाप पर प्रकाश डाला। पटना पूर्वी शाखा ने स्वास्थ्य जागरुकता सप्ताह मनाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर निर्धन एवं जरूरतमंदों के बीच निःशुल्क मल्टी विटामिन दवाओं का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सचिव रवि कुमार, संगठन मंत्री राजकिशोर कश्यप, मोहन बिहारी चौबे, सीताराम महतो, कन्हैया आदि शामिल थे।


# तख्तश्री पटना साहिब की कीमती सामान धरोहर जांच को 3 सदस्यीय समिति गठित

## अध्यक्ष ने ढिल्लन, गुरशरण व रविंद्र को जिम्मा सौंपी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के तत्कालीन महासचिव महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन के द्वारा दरबार साहिब (जन्मस्थान) के धरोहरों और खासकर डॉ गुरुबिंदर सिंह सामरा के द्वारा सोना, चांदी, हीरा, जवाहरात के सामान भेंट किए गए सामान और अन्य धरोहरों की जांच कराने की मांग की गई थी। इस मामले में पत्र मिलने के दूसरे ही दिन पटना साहिब पहुंचते अध्यक्ष अवतार सिंह हित ने तीन सदस्यों की जांच समिति गठित कर दी है।

इसमें जांच की मांग करने वाले महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन के अलावा गुरशरण सिंह और रविन्द्र सिंह को भी शामिल किया गया है। साथ ही तख्तश्री पटना साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह को इसमें मदद करने का आग्रह किया गया है। इसकी रिपोर्ट भी पत्र मिलने के एक सप्ताह के अंदर मांगी गई है। 10 जुलाई को टीपीएस/एस/4448/22 के द्वारा श्री हित ने कहा है कि तख्तश्री पटना साहिब के संविधान और उपनियमों के अनुच्छेद 38 के संदर्भ में और हमारे पूर्व




महासचिव सह सदस्य महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन से प्राप्त पत्र के मद्देनजर अधोहस्ताक्षरी ने जांच कर रिपोर्ट करने के लिए एक समिति गठित करने का निर्णय लिया है। श्री ढिल्लन व दो अन्य सदस्य इस पत्र की प्राप्ति के एक सप्ताह के अंदर कुछ शर्तों के साथ जांच कर लिस्ट बनाएंगे। हर वस्तु की गुणवत्ता का सत्यापन कर दरबार साहिब में मूल्यवान वस्तुओं की सूची तैयार करेंगे। समिति गुणवत्ता जांच को लेकर किसी बाहरी व्यक्ति (निर्यात) की सहायता प्राप्त करने के लिए अधिकृत हैं। दरबार साहिब में ऐतिहासिक लेखों की सूची भी तैयार करेंगे।

श्री ढिल्लन से अनुरोध किया गया है कि अधोहस्ताक्षरी और जत्थेदार जी को उपनियमों की अनुसूची संख्या एक का हिस्सा बनाने के लिए उपनियमों और तख्त में संविधान के प्रावधान के अनुसार सूची पेश करने का अनुरोध किया गया है। समिति को पत्र मिलने के एक सप्ताह में रिपोर्ट करने को कहा गया है। विदित हो कि तत्कालीन महासचिव और जिला जज के द्वारा मनोनीत सदस्य महेंद्रपाल सिंह ढिल्लों ने महासचिव के नाम सौंपे पत्र में दरबार साहिब के जन्म स्थान में रखे बेशकीमती धरोहरों की सूची बनवाने और हाल के महीने में संगतों के द्वारा दी गई सोना, चांदी, हीरा, जवाहरात, कीमती नग आदि की सूची बनाने की मांग की है। इसमें उन्होंने कहा था कि पटना साहिब के जन्म स्थान में अनेक पुरातन बेकीमती वस्तुएं व। ऐतिहासिक धरोहर आदि रखी हुई हैं। इसके अलावा 11 अप्रैल, 22 की रात तख्त साहिब जी के दीवान से लाइव टीवी चैनल के द्वारा जानकारी प्राप्त हुई थी कि डॉ गुरुबिंदर सिंह सामरा के द्वारा भी अनेक बेशकीमती वस्तुएं, जिसकी लागत करीब 5 करोड़ है, भेंटा प्रदान की गई थी। इन सब सामान की गुणवत्ता की जांच और बेशकीमती धरोहर की सूची बनवाने की मांग की गई थी। तीन सदस्य समिति गठित कर दी है, जिसमें मांग करने वाले महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन को भी शामिल किया गया है। विदित हो कि 25 जुलाई, 21 को कमेटी के पदधारियों की हुई मध्यावधि चुनाव में पद गंवाने के बाद भी काफी दिनों तक श्री ढिल्लन के द्वारा चुने गए महासचिव इंद्रजीत सिंह को प्रभार नहीं सौंपा जा रहा था। अचानक उनके द्वारा चैंबर का ताला खोल एक-दो लोगों के द्वारा झोला में कुछ भेजा गया था। इसे लेकर तब काफी विवाद हुआ था और चौक थाना की पुलिस को भी हस्तक्षेप करना पड़ा था। हालांकि इसके बाद श्री ढिल्लन ने प्रभार सौंपा था।

# ईद-उल-अजहा अथमलगोला मे अकीदतमंदों ने हर्षोउल्लास के साथ मनाया



बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता

कुबार्नी का त्योहार ईद-उल-अजहा अथमलगोला मे अकीदतमंदों ने हर्षोउल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर क्षेत्र के सबनिमा, अहिजन सहित विभिन्न ईदगाहों, मस्जिदों में नमाज अदा की गई। गांव के ईदगाहों-मस्जिदों पर सुबह से ही नए नए कपड़े पहन कर सर पर इमामा बांधे हुए कपड़ों पर अतर लगाए हुए नमाजियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। पर्व के बारे में मो जाबिर ने बताया कि पर्व-त्योहार आपस में भाईचारगी, मेल मिलाप को बढ़ाता है। गिले शिकवे दूर करता है। हर धर्म का यही संदेश होता है। धर्म-मजहब को मनाने वाले हैं तो यह समझें कि पैदा करने वाले ईश्वर-अल्लाह ही हैं। सब कुछ उन्हीं की मर्जी से चलती है। इस्लामिक मान्यता के अनुसार हजरत इब्राहिम अपने पुत्र हजरत इस्माइल को इसी दिन खुदा के हुक्म पर खुदा कि राह में कुर्बान करने जा रहे थे, तो अल्लाह ने उसके पुत्र को जीवनदान दे दिया जिसकी याद में यह पर्व मनाया जाता है। मुस्लिम समुदाय में बकरीद के इस पर्व को मनाने का विशेष कारण है। यह पर्व हजरथ इब्राहिम की कुबार्नी की याद में मुसलमानों द्वारा मनाया जाता है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मस्जिदों के आस-पास अंचलाधिकारी भास्कर कुमार मंडल और थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हुए थे। ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित हो जाए। नमाज के दौरान हर जगह पर पुलिस सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। ताकि किसी भी तरह से आस्था के साथ कोई खिलवाड़ न हो।

# भिखारी ठाकुर को मिले भारत रत्न, पाठ्य पुस्तक में शामिल हो उनकी रचनाएँ

छपरा, प्रात : किरण संवाददाता

जन जागरण के महान सन्देश वाहक, कवि, नाटककार, संगीतकार, गीतकार, अभिनेता और भोजपुरी के शेक्सपियर कहे जाने वाले महान अमर लोक कलाकार भिखारी ठाकुर की 51 वीं पुण्यतिथि रविवार को समारोहपूर्वक मनाया गया। शहर के भिखारी ठाकुर चौक पर स्थित भिखारी ठाकुर के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लोगों ने भोजपुरी के योद्धा को याद किया। जननायक कपूर्री सेना एवं संयुक्त नाई एकता महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में इस मौके पर कार्यक्रम आयोजित उनके अनुयायियों ने उन्हें भारत रत्न देने की माँग कीं। इस अवसर पर राजकिशोर प्रसाद ठाकुर ने कहा कि भिखारी ठाकुर एक सांस्कृतिक योद्धा के साथ-साथ समाज के पुरोधा थे। वे आजीवन अपने साहित्य एवं कला से समाज मे फैले कुरीतियों को मिटाने का कार्य किये। समाज के एक सच्चे प्रहरी के रूप में उनकी भूमिका आज भी प्रासंगिक है। इस मौके पर भिखारी



● 51 वीं स्मृति दिवस पर याद किये गए भोजपुरी के शेक्सपियर भिखारी ठाकुर

ठाकुर के प्रपौत्र राकेश ठाकुर, सुशील ठाकुर ने कहा कि आज पूरे विश्व मे भिखारी ठाकुर को जो ख्याति प्राप्त हुई है उससे उनलोगों का सीना चौड़ा हो जाता है, परन्तु दुःख इस बात का है कि भारत सरकार द्वारा आज तक उन्हें कोई सम्मान नही दिया गया। स्थानीय कटहरी बाग में शोभा सदन में स्मृति दिवस समारोह में पटना, सिवान, गोपालगंज एवं छपरा के विभिन्न प्रखंडों से दर्जनों लोग उपस्थित होकर भिखारी ठाकुर को अपने शब्दों से श्रद्धांजलि अर्पित कीं। इस मौके पर डॉ सुनील प्रसाद ने कहा कि आज देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से भिखारी ठाकुर के जीवन एवं उनकी रचनाओं पर सैकड़ों शोध हो चुके हैं। ऐसे में उनकी रचनाओं को सरकार पाठ्य पुस्तक में शामिल करें ताकि आने वाली पीढ़ी को इससे सीख मिले। इस मौके पर जननायक कपूर्री सेना के प्रदेश प्रभारी पूर्व रजिस्ट्रार अशोक मौर्या, भोला प्रसाद ठाकुर, अजय कुमार, वेदप्रकाश, डॉ शंकर प्रसाद, प्रभुनाथ ठाकुर, मनोज ठाकुर, रविन्द्र ठाकुर, उमेश्वर ठाकुर, पूर्व मेयर प्रिया देवी, पूर्व जिप सदस्य गोदावरी देवी, सुरेश ठाकुर, रविशंकर ठाकुर, गणेश ठाकुर, मनिन्दर ठाकुर, अजय ठाकुर, डॉ सुभाष ठाकुर आदि उपस्थित हुए।

### एक व्यक्ति को गोली मारकर हत्या

**दानापुर।** दानापुर फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार को करोड़ी चक इलाके में अर्ध रात्रि में एक 40 वर्षीय व्यक्ति की गोली मारकर अपराधियों ने हत्या कर दी। अपराधियों ने व्यक्ति के शरीर में दो गोलियां मार दी जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई देर रात जब ग्रामीणों को घटना की जानकारी मिली तो पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फुलवारी शरीफ थाना पुलिस मृतक को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेज दिया। मृतक जितेंद्र पाल उर्फ फेकन पाल करोड़ी चक का रहने वाला था जो की कोथवां इलाके में एक निजी अपार्टमेंट में गार्ड का काम करता था। मृतक के घर में परिजनों में रो रो कर बुरा हाल है। हत्या की जानकारी सुबह में आग की तरह फैल गयी और इलाके में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटनास्थल पर लोगों ने एक खोखा जमीन पर गिरा देखा जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। फुलवारी शरीफ थाना पुलिस के मुताबिक हत्या के कारणों का स्पष्ट पता अभी तक नहीं चल पाया है। वहीं मृतक के परिवार वालों ने अब तक कोई आवेदन भी नहीं दिया है। पुलिस तमाम पहलुओं पर तहकीकात कर रही है। हत्या के बाद गांव के हालात को देखते हुए पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है।

# अकीदत से अता हुई बकरीद की नमाज

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

कुरबानी का त्योहार बकरीद रविवार को अकीदत के साथ मनाया गया। सुबह में ही हुए ईद उल अजहा की नमाज के लिए लोग घरों से खानकाह, ईदगाह और मस्जिद के लिए कदम बढ़ा चुके थे। मितन घाट खानकाह मुनएमिया के सज्जदानशीं सैयद शाह शमीमउद्दीन अहमद मुनएमी, वारगाहे इश्क तकियाशरीफ में सज्जदानशीं आमिर शाहिद, खानकाह फैयाजिया सिमली के सज्जदानशीं सैयद शाह फैयाज हुसैन फैयाजी व दरगाह शाह अरजानी के गद्दीनशीं सैयद प्रो शाह हसीन अहमद, मंगल तालाब स्थित खानकाह एमादिया के सज्जदानशीं सैयद शाह मिसबाहुल हक एमादी ने नमाज पढ़ायी। इस दौरान तकरीर भी की गई। इसके अलावा शनिचरा ईदगाह, शाही ईदगाह गुलजारबाग, चौक के मदरसा गली स्थित जामा मस्जिद, खानाकाह पीरदमरिया के साथ पानीटंकी के मो जान की मस्जिद, खाजेकलां मस्जिद व अन्य खानकाह, ईदगाह और मस्जिदों में बकरीद की नमाज अदा की गयी। शिया समुदाय की ओर से कबूतरी मस्जिद, काठ का



● लोगों ने दी कुबार्नी, एक-दूसरे के गले मिल दी बधाई

पुल, बावली इमामबाड़ा, गुलजारबाग वक्फ इस्टेट, नौजरकटरा मस्जिद, पत्थर की मस्जिद, गोलकपुर महेंद्रू मस्जिद व हज्जन साहिब की मस्जिद पश्चिम दरवाजा में नमाज अदा की गयी। शिया समाज के मौलाना सैयद मुजफ्फर रजा ने नमाज में तकरीर की। दूसरी ओर त्योहार के दौरान विधि-व्यवस्था कायम रहा। इसके लिए पुलिस मुस्तैद दिखी। एसडीओ मुकेश रंजन ने बताया कि चिन्हित स्थानों पर दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी जे साथ बल तैनात था। संवेदनशील स्थानों पर कड़ी निगरानी थानाध्यक्षों व पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा किया जा रहा था। त्योहार को लेकर मुस्लिम मुहल्लों में चहल-पहल थी। अपराह्न से देर रात तक लोग एक-दूसरे के घर जाकर बधाई दिया। विभिन्न खाद्य व्यंजनों का। स्वाद भी लिया। इधर मुसल्लहपुर बाजार समिति परिसर में पटना फ्रूट मर्चेंट एसोसिएशन के द्वारा भुट्टो खान के नेतृत्व में ईद उल अजहा पर मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें इस्लाम खान, छोटे खान, मो रिंकू, मो रईस, मो जमील, पप्पू आलम, मो फरहाद, मो एजाज, बबलू अनवर, मो ताज, मो आलमगीर, बबलू कुमार आदि ने भाग लिया।

# भकपनके सम्मेलन में केंद्र सरकार की आलोचना

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

● पीरदमरिया मालसलामी कमेटी का हुआ गठन

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की पीरदमरिया मालसलामी का सम्मेलन रविवार को श्रीकांत पासवान के आवास पर हुआ। इसकी शुरूआत झंडोत्तोलन से हुआ, जिसे जगदीश राय ने फहराया।

अध्यक्षता पार्टी के युवा नेता केसरी कुमार ने किया। इस दौरान ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव विश्वजीत कुमार ने कहा कि देश के सार्वजनिक उपक्रम को पानी के भाव घाटा के नाम पर अदानी और अंबानी के हाथो बेचा जा रहा है।

महंगाई बेतहाशा बढ़ रही है। नौकरी के नाम पर अग्निपथ योजना लाकर बेरोजगारों को धोखा दिया जा रहा है। देश में नफरत की राजनीति की जा रही है। असहमति के आवाज को दबाया जा रहा है। एआईएसएफ के राजनेता पुष्पेंद्र शुक्ला ने कहा कि देश में अघोषित इमरजेंसी है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। रिक्त पदों को नहीं भरा जा रहा है। सम्मेलन को सीपीआई के शहर संयोजक देवरतन प्रसाद, एटक नेता अनंत शर्मा, नगर निगम के नेता मंगल पासवान, सीपीआई पटना जिला परिषद के सदस्य जितेंद्र कुमार ने आदि ने भी संबोधित किया।

इसमें मोहम्मद रिजवान, शेषनाथ मेहता, सीताराम मेहता, बृजनंदन मेहता, राजेश कुमार आदि उपस्थित थे। अंत में कमेटी का गठन हुआ, जिसके सचिव श्रीकांत पासवान, सहायक सचिव टुनटुन पासवान और कोषाध्यक्ष विनय कुमार साहू बनाए गए। कम्युनिस्ट इंटरनेशनल गीत के साथ सम्मेलन का समापन हुआ। सम्मेलन में जनसमस्याओं के विरुद्ध संघर्ष करने का निर्णय लिया गया।

### कार्यशाला में तकनीक से दर्द निवारण पर हुई चर्चा

**पटना सिटी।** एनएमसीएच में पटना सोसाइटी ऑफ एनेश्थेलॉजिस्टकी ओर से क्रॉनिक पेन पर कार्यशाला व संगोष्ठी का आयोजन रविवार को हुआ। इसका उद्घाटन आयोजन समिति अध्यक्ष सह निश्वेतना विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार ने करते हुए कहा कि निश्चेतना की आधुनिक तकनीक का उपयोग कर किसी भी तरह के असहनीय दर्द का निवारण किया जा सकता है। कार्यशाला में रोहतक से आए डॉ नवीन मल्होत्र ने क्रॉनिक पेन निवारण पर तकनीक को ले अपनी बातों को रखा। आयोजन में मेडिसीन के विभागाध्यक्ष डॉ अजय कुमार सिन्हा, जमशेदपुर के डॉ अशोक जैडन, पटना एम्स की डॉ चांदनी सिन्हा, एनएमसीएच के डॉ किशोर झुनझुनवाला समेत अनेक विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विचार रखे। वक्ताओं ने अस्पताल में पेन क्लिनिक होने की जरूरत भी बतायी। इस मौके पर डॉ मोती लाल दास, डॉ विजय कुमार, डॉ सुकेश कुमार, डॉ एचके झा, डॉ डीके सिंह, डॉ गिरीश कुमार, डॉ हेमंत कुमार झा, डॉ अखिलेश कुमार सिंह, डॉ नितिन ओझा, डॉ विजय कुमार के साथ एनएमसीएच, पीएमसीएच, पटना एम्स, आइजीआइएमएस व अन्य मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक व मेडिकल छात्रों ने भाग लिया।

# सूत्रधार कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया बकरीद का पर्व

दानापुर, प्रात : किरण संवाददाता

नगर में ईद उल अजहा का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। आगत अतिथियों का स्वागत सूत्रधार संस्था के महासचिव नवाब आलम ने गले मिलकर सबको ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी।

आगत अतिथियों को संबोधित करते हुए के महासचिव नवाब आलम ने कहा की आज जहां देश में कुछ ताकतें हिंदू मुस्लिम एकता और भाईचारे के बीच दरार पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं जिसकी मैं निंदा करता हूं। मैं ईद उल अजहा के मौके पर देशवासियों से अपील करता हूं कि राष्ट्रहित में एकता और भाईचारे को बना कर रखें। अनिल सुलभ ने कहा कि भारत की संस्कृति, साहित्य की गौरवशाली परंपरा रही है। इस देश में सभी मजहब और धर्म के लोग मिलजुल कर रहते हैं। इस देश की यही



खासियत है जिसपर हमे गर्व है। मिलन समारोह को और उदय शंकर यादव ने अपने विचार रखे। सूत्रधार द्वारा आयोजित ईद उल अजहा बकरीद की मुबारकबाद देने वालों में बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ, सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिंस फुलवारी जिला पार्षद दीपक मांझी, उदय शंकर यादव, नवीन कुमार, विष्णु गुप्ता बीजेपी खगौल नगर मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष, संजय कुमार, लक्ष्मीकांत उर्फ राजू, नीरज कुमार, रत्नेश, शशि भूषण, दीपक सहित ने एक दूसरे को बकरीद की मुबारकबाद दी।

### आप पार्टी ने चलाया सदस्यता अभियान



**फतुहा।** शहर के स्टेशन रोड में अस्पताल के पास आम आदमी पार्टी ने चलाया सदस्यता ग्रहण अभियान। वहीं आप कार्यकताओं ने आम आदमी पार्टी के बारे में लोगों को जानकारी दिया। जिला प्रभारी श्रीवत्स पुरुषोत्तम ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बिजली फ्री, पानी फ्री, गुणवत्ता वाली शिक्षा सिर्फ आम आदमी पार्टी ही दे सकती है। दिल्ली के बाद पंजाब में हमारी सरकार जनता के लिए कार्य कर रही है। मौके पर पटना जिला प्रभारी श्रीवत्स पुरुषोत्तम ने की। बैठक में जोनल प्रभारी उमा दफ्तूआर, बांकीपुर से सुनील कुमार, अरविंद पंकज, दीघा विधानसभा से विशाल, बाढ़ से रौशन जी एवं श्रीमती संध्या जी मौजूद रही।

# बिहटा में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह जेपी सेनानी की आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

बिहटा, प्रात : किरण संवाददाता

● बिहटा में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह जेपी सेनानी की आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

रविवार को बिहटा के पीताम्बर नगर में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह जेपी सेनानी की आकस्मिक निधन पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद सिंह ने किया। इस मौके पर पंहुचे दर्जनों जेपी सेनानी सहित प्रबुद्धजनों एवं समजसेवीओ ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। वही शोक सभा को संबोधित करते हुए लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद सिंह ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक महान समाजवादी विचारधारा के प्रखर व संघर्षशील जमीनी नेता थे। वे अपने छात्र जीवन के राजनीतिक सफर से ही बेहद स्पष्टवादी रहे थे। आम आदमी से गहरा लगाव व उनकी प्रखर नेतृत्व क्षमता बेमिसाल व प्रेरक रही है। वे जेपी आंदोलन उपज से लेकर बिहार की राजनीति में एक बड़ा मुकाम हासिल करने वाले राजनेता थे। बिहार की राजनीति में उनकी एक अलग पहचान थी। उनके व्यक्तित्व, उनकी निडरता, उनके साहस और उनके बेबाक बोल ने लोगों को काफी प्रभावित किया। उनके निधन से सूबे के राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूर्णीय क्षति हुई है। साथ ही जमीनी राजनीति के एक अध्याय का अंत हो गया है। वही अरुण सिंह, बीरेंद्र सिंह, मनोज कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, गोपाल सिंह, रिंकू सिंह आदि उन्हें राज्य के स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण खाद्य आपूर्ति तथा कृषि मंत्री रहते हुए उन्होंने समाज के वंचित तबके के लिए कई कार्य किए। वे राजनीति में कभी किसी के पिछलग्गू नहीं बने और जाति धर्म के भेदभाव की राजनीति से भी खुद को दूर रखा।

# भद्रघाट-पत्थर घाट गंगा पाथ-वे पर वाहन स्पीड पर रोक नहीं

## लगातार हो रहा दुर्घटना, दोपहिया वाहन पर ट्रिपल लोडिंग

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

गंगा पाथवे पर पहले भद्र घाट से मितन घाट और कंगन घाट से पत्थर घाट के बीच सड़क का निर्माण कराया गया था। इसके बाद बीच में छूटे कंगन घाट से मितन घाट के बीच के रोड का निर्माण कराने का श्रेय तत्कालीन पथ निर्माण मंत्री और विधायक नंदकिशोर यादव को जाता है। इस पाथवे के बन जाने के बाद भद्र घाट से पत्थर घाट और इसके आगे तक लोग आराम से आना-जाना कर रहे हैं।

मगर इसका दूसरा रूप यह है कि टू व्हीलर से लेकर फोर व्हीलर तक गुजरने वाले वाहनों पर गति सीमा पर कोई नियंत्रण नहीं है।

यही कारण है कि चल रहे निर्माण कार्य को लेकर रोड पर बालू और मिट्टी भी जगह-जगह गिरा है। दोपहिया वाहनों पर नाबालिग से लेकर युवाओं की टोली ट्रिपल लोडिंग कर और तेज वाहन के साथ लहरिया कट गुजरते हैं। इस कारण से आए दिन वाहन पहियों के फिसलने और लहरिया कट के साथ तेज गति के कारण दूसरे



● निर्माण कार्य को लेकर रोड पर बालू और मिट्टी भी जगह-जगह गिरा है। दोपहिया वाहनों पर नाबालिग से लेकर युवाओं की टोली ट्रिपल लोडिंग कर और तेज वाहन के साथ लहरिया कट गुजरते हैं।

वाहन चालकों को भी परेशानी होती है और ऐसे लोग भी दूसरे की गलती से दुर्घटना के शिकार होते हैं।

यही नहीं, इस रास्ते से फोर व्हीलर और स्कूली वाहन भी गुजरते हैं, मगर इन वाहनों की रफ्तार भी इतनी तेज होती है कि धूल व पानी का छींटा उड़ाते। वाहन गुजरता है। सड़क की चौड़ाई कम होने और फुटपाथ के टूटते जाने से भी समस्या गंभीर हुई है। अब तो स्थिति यह बन गई है कि फुटपाथ पर लोग ट्रैक्टर से लेकर बस तक खड़ी कर छोड़ देते हैं और पार्किंग करने लगे हैं। फुटपाथ पर दुकान आबाद होने लगी है। अनेक स्थान लर फुटपाथ टूट गया है।

स्थिति यह हो गई है कि गंगा किनारे बने रोड पर लोग पैदल चलने और वाहन के गुजरने दोनों का काम हो रहा है। 10 मार्च, 22 की रात वरीय आरक्षी अधीक्षक मानवजीत सिंह ढिल्लो के द्वारा भी बालू लदे ट्रैक्टर से अवैध वसूली करते एएसआई और वाहन चालक को पकड़ा गया था। इसके बाद एसएसपी के द्वारा गंगा किनारे रोड पर पेट्रोलिंग लगाई गई, ताकि अवैध बालू की ढुलाई और शराब तस्करों पर नकेल कसी जा सके, मगर वाहनों की गति पर लगाम लगाने की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया गया।

दूसरी ओर दीघा से पीएमसीएच के बीच बने रोड पर वाहनों की गति सीमा निर्धारित की गई है और वहां जांच अभियान भी चलाया जा रहा है। मगर सिटी के गंगा किनारे रोड की ओर वाहनों को लेकर कोई रोक-टोक नहीं है और इसी का फायदा लोग उठा कानून को ठेंगा दिखा रहे हैं।

### नमाज अदा कर मिले गले, खिले चेहरे

**फतुहा।** रविवार को ईद उल अजहा (बकरीद) कि नमाज ईदगाह रायपुरा में सैयद शाह मुजफ्फरउद्दीन बलखी के इमामत में अदा कि गई। फतुहा प्रखंड के मुसलमान भाइयों ने निर्धारित समय 07:30 बजे ईदगाह में पहुंच कर नमाज अदा किया। इस संबंध में सैयद शाह मुजफ्फरउद्दीन बलखी ने ईद उल अजहा (बकरीद) के बारे में बताया कि पैगम्बर हजरत इब्राहिम को सपने में अल्लाह ने आदेश दिया कि वह अपनी सबसे प्यारी चीज को कुर्बान कर दें। पैगम्बर हजरत इब्राहिम ने अपने बेटे की कुबार्नी दी, लेकिन जब उन्होंने अपनी आंखें खोली तो उनका बेटा सामने खेल रहा था, जबकि उनके बेटे के स्थान पर बकरा आ गया, जिसकी कुबार्नी अल्लाह ने कुबूल की थी। तभी से बकरीद पर बकरे की कुबार्नी की रस्म शुरू हुई। नमाज अदा करने वाले ईदगाहों और शहर में प्रशासन मुस्तैद रही। मौके पर सैयद शाह निजामुद्दीन बलखी, अबसार बलखी, मौलाना अफजल साहेब, अमजद रजा, मो. इनामूल, गयासुद्दीन, सरफराज, मो. असलम के अलावे हजारों मुसलमान भाइयों ने नमाज अदा किए।

# महंगाई, बेरोजगारी पर राजद के धरना कल




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

राष्ट्रीय जनता दल पटना साहिब के कार्यकर्ताओं की बैठक प्रयाग नगर नहर रोड मठलक्ष्मणपुर में हुई। इसमें बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और सेना में अग्निपथ भर्ती योजना के विरोध में 12 जुलाई धरना दिया जाएगा। यह धरना गायघाट गांधी सेतु के नीचे अशोक राजपथ पर होगा। इसे सफल बनाने पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता राजद के पूर्व प्रदेश महासचिव सह पूर्व निगम पार्षद प्रदीप मेहता और संचालन राजद पूर्व प्रदेश महासचिव सलमान अख्तर ने किया। इसमें ईद उल अजहा की एक-दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के कारण आम जनता त्राहिमाम है और प्रधानमंत्री थाली और ताली बजवा रहे हैं। राजद महंगाई, बेरोजगारी और सेना में अग्निपथ भर्ती योजना का विरोध करता है। बैठक में मोहम्मद वसुउद्दीन अहमद, उमेश पंडित, मुन्ना खान, अरुण स्वर्णकार, नैयर कमाल, शकुंतला प्रजापति, सूरज मेहता, बबलू राम, राजेश रजक, बिट्टू चौधरी, रंजीत मेहता, छोटू राम, रामबाबू पाल, चंदेश्वर राय आदि उपस्थित थे।

### बाढ़ में मनाया गया भारत विकास परिषद का स्थापना दिवस

**बाढ़।** शहर के एक निजी विद्यालय परिसर में भारत विकास परिषद का स्थापना दिवस मनाया गया। प्रतिवर्ष 10 जुलाई को भारत विकास परिषद के संस्थापक डॉक्टर सूरज प्रकाश प्रख्यात सर्जन के पुण्यतिथि के अवसर पर भारत विकास परिषद का स्थापना दिवस मनाया जाता है। इस बार स्थापना दिवस को युवा महोत्सव के रूप में भी मनाने का सुझाव भारत विकास परिषद के प्रांतीय पदाधिकारियों के द्वारा दिया गया। स्वागत भाषण ब्राइट माइंड स्कूल के डायरेक्टर एवं बाढ़ शाखा के संस्कार प्रमुख राजीव रोशन के द्वारा किया गया। सचिव मुकुंद कुमार के द्वारा भारत विकास परिषद के आगामी योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। अध्यक्ष भूपेंद्र प्रसाद सिंह के द्वारा नए सदस्यों का स्वागत किया गया एवं भारत विकास परिषद के कार्यों से उन्हें अवगत कराया गया। इस मौके पर भारत विकास परिषद शाखा बाढ़ के समन्वयक घनश्याम कुमार सदस्य अरशद रहमान रणधीर कुमार एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जीटी रोड फोरलेन पर बस पलटने से कंडक्टर की हुई मौत आधा दर्जन से अधिक हुए घायल

सासाराम। रोहतास जिला के शिवसागर थाना क्षेत्र में जीटी रोड फोरलेन पर शनिवार देर रात्रि एक बस पलट गई, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए, बस यूपी के बनारस से भोजपुर जिले के पीरो जा रही थी। इस दौरान जैसे ही वह टेकारी गांव के पास पहुंची बस का टायर फट गया जिससे अनियंत्रित हो सड़क पर पलट गई। दुर्घटना होते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए, लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को ग्रामीणों की सहायता से बस से बाहर निकाला और इलाज के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेजा। मृतक का पोस्टमॉर्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया। दुर्घटना के कारण जीटी रोड फोरलेन पर घंटों जाम भी लग गया था, जिससे एक लेन लगभग दो घंटे तक बाधित रहा। थानाध्यक्ष ने इस संबंध में बताया कि बस को एनएचएआई ऐम्बुलेंस से चिकित्सा उपचार के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेजा गया है। बस में यात्रियों से अधिक लगेज था, जिससे बड़ी दुर्घटना होने से बची है। बताया कि मृतक बस कंडक्टर का नाम महेंद्र शाह 50 वर्ष है जो कोचस का रहने वाला है।

# लग्जरी कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब जप्त, महिला तस्कर गिरफ्तार



गोपालगंज, प्रात: किरण संवाददाता

**कार्रवाई**
- तस्कर ने पुलिस वैन में मारी टक्कर, घेराबंदी कर हुई गिरफ्तारी
- पुलिस ने भागीपट्टी समउर-मीरगंज मुख्य पथ पर की कार्रवाई

जिले के फुलवरिया थानाध्यक्ष अशोक कुमार व थाने में पदस्थापित एसआई मुकेश कुमार जयसवाल ने पुलिस बल के जवानों के साथ रविवार की अहले-सुबह एक गुप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र के भागीपट्टी समउर-मीरगंज मुख्य पथ के बिरछा बथुआ गांव स्थित पुलिस चेक पोस्ट के पास वाहन जांच के क्रम में एक लग्जरी कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही पुलिस ने विदेशी शराब व भरी कार को जप्त करते हुए थाना परिसर लायी। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर वाहन जांच किया जा रहा था। इसी बीच तेज गति से सफेद रंग की लग्जरी कार आती दिखाई दिया। जिसे मौजूद सशस्त्र बल के जवानों ने रोकने के लिए इशारा किया। पुलिस कि इशारा को देखते ही तस्कर और तेज गति से भगाने लगे। सड़क के किनारे खड़ी पुलिस वैन में तस्करों ने इस कदर टक्कर मारी की गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। इसी बीच एक तस्कर भागने में सफल रहा जबकि लग्जरी कार में बैठी महिला तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। लग्जरी कार को खोलकर पुलिस ने शराब की गिनती की तो 504 बोतल विदेशी शराब अलग अलग ब्रांड की पाई गई। गिरफ्तार महिला तस्कर उत्तर प्रदेश के कासगंज जिला व गांव निवासी चंद्रबोस प्रसाद की पुत्री गौरी आनंद के रूप में पहचान की गई है। वही फरार तस्कर हरियाणा राज्य के सोनीपत निवासी मनदीप कुमार बताया जाता है। उक्त दोनों तस्करों के खिलाफ पुलिस ने बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद गिरफ्तार महिला तस्कर को महिला पुलिस अभिरक्षा के बीच न्यायिक हिरासत गोपालगंज भेज दिया गया है।

### श्रीपुर में इनोवा कार से अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



गोपालगंज। जिले के फुलवरिया थाने के सहायक श्रीपुर ओपी अध्यक्ष नागेंद्र कुमार सहनी व थाने में पदस्थापित एसआई सूरज कुमार शर्मा ने पुलिस बल के जवानों के साथ एक गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार की देर रात्रि क्षेत्र के मीरगंज-भोरे मुख्य पथ के मिश्र बतरहा बाजार स्थित चार मुहानी के पास वाहन जांच के क्रम में एक इनोवा कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही पुलिस ने अंग्रेजी शराब से लदे इनोवा कार को ओपी परिसर लायी। जहां गाड़ी खोल कर शराब की गिनती की गई तो अलग-अलग ब्रांड के 262 बोतल अंग्रेजी शराब पाई गई। सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार तस्कर ने कई अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ राज खोला है। जिसके निशानदेही पर पुलिस क्षेत्र के कई जगहों पर ताबड़तोड़ छापामारी कर रही है। गिरफ्तार तस्कर राजस्थान राज्य के श्रीगंगानगर जिला अंतर्गत रायसिंह थाना क्षेत्र के एलेवन टीआर गांव निवासी सुभाष चंद्र प्रसाद का पुत्र विकास कुमार बताया जाता है। पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर के खिलाफ बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद रविवार को पुलिस अभिरक्षा के बीच न्यायिक हिरासत गोपालगंज भेज दिया है।

### फुलवरिया में पुलिस चैकसी के बीच बकरीद शांति पूर्ण माहौल में सम्पन्न

**गोपालगंज।** जिले के फुलवरिया प्रखंड के बारहों पंचायतो में रविवार को धूमधाम से शहादत का पर्व बकरीद मनाया गया। क्षेत्र के बथुआ बाजार, काजीपुर, मिश्र पेनुला, पैकौली नारायण, पैकौली बद्दो, संग्रामपुर गोपाल, संग्रामपुर रायमल, गोसाई मांझा, कोयलादेवा, जटहाँ, भवानी छापर, पवार बतरहा, माड़ीपुर तथा कुँवर बथुआ के सभी ईदगाहों में सुबह बकरीद का नमाज अदा की गई। इस दौरान मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस के जवान मुस्तैदी से गस्त करते नजर आए. आपसी भाईचारे के बीच लोगों ने नमाज अदा करने के बाद एक-दूसरे के गले मिलकर शांति अमन चैन के लिए दुआ मांगी. साथ ही मिठाईयां बांटी। नमाज अदा करने के बाद लोग अपने-अपने घरों पर कुबार्नी किया। यह पर्व सौहार्द वातावरण एव आपसी भाईचारे की है। वही नमाज अदा के समय प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि मोहम्मद सरफराज, मुखिया संघ अध्यक्ष गुलाम रसूल कप्तान, मुखिया अल्ताफ हुसैन, फिरोज अंसारी, समाजसेवी सोनू आलम, आफताब आलम, रफाकत उर्फ लड्डू मियां, मो हसमुद्दीन शाह, इस्माल शाह, मासूम अली सहित काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा किया. बकरीद पर्व को लेकर सीओ श्यामसुंदर राय, बीडीओ अजीत कुमार रोशन, थानाध्यक्ष अशोक कुमार, दरोगा मुकेश कुमार जयसवाल तथा श्रीपुर ओपी अध्यक्ष नागेंद्र कुमार सहनी विधि व्यवस्था बनाए रखने में जुटे रहे। बीडीओ श्री रोशन ने कहा कि प्रखंड में शांतिपूर्ण वातावरण में बकरीद का पर्व संपन्न हुआ है।

# धूमधाम से मनाया गया ईद-उल अजहा का त्यौहार



गोपालगंज, प्रात: किरण संवाददाता

- बकरीद को लेकर चप्पे-चप्पे पर तैनात थी पुलिस

जिले में सोमवार को मुस्लिम धर्मावलंबियों का पर्व ईद-उल-अजहा धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न मस्जिदों में सुबह से ही नमाजियों की भीड़ जुटने लगी थी। विभिन्न मस्जिदों में सुबह 6.30 बजे, 8 एवं 9.30 बजे ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। नमाज के पश्चात नमाजियों ने एक-दूसरे के गले मिलकर बधाई दी। बच्चों में इस त्योहार को लेकर खास उत्साह नजर आया। नए वस्त्र धारण किए बच्चे खुशी से फूले नहीं समा रहे थे।

शहर के जंगलिया रोड व दरगाह रोड स्थित मस्जिद में मुस्लिम समुदाय के हजारों लोगों ने ईद की नमाज अता की। उसके बाद एक-दूसरे को गले लगाकर उन्होंने ईद की मुबारकबाद दी। ईद पर रीति-रिवाजों के अनुसार बकरों की कुबार्नी भी दी गई। इसके उपलक्ष्य में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने लजीज व्यंजन बनाकर अपने रिश्तेदारों व सगे-संबंधियों के साथ दावतों का आयोजन किया। धर्मावलंबियों का मानना है कि अल्लाह को कुबार्नी पसंद है।

इस दिन सभी मुसलमान अपनी क्षमता के अनुसार खरीदे गए बकरों की कुबार्नी देकर स्वयं एवं जरूरतमंदों को भी खिलाते हैं। राजद के पूर्व विधायक रेयाजुल हक राजू, मांझा प्रखंड प्रमुख वाजिद अली सहित कई लोगों ने अपने यहां लोगों को बकरीद की दावत दी, जिसमें काफी लोगों ने हिस्सा लिया। नमाज को लेकर सभी मस्जिदों में पुलिस पदाधिकारी सतर्क रहे। मस्जिद के समीप एसडीपीओ संजीव कुमार एसडीएम व नगर इंस्पेक्टर स्वयं डटे थे। वहीं अन्य मस्जिदों में भी पुलिस बल के जवान तैनात थे।

# आरपीएफ ने निकाली बाइक रैली गया जंक्शन पर हुआ स्वागत



गया, प्रात: किरण संवाददाता

आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव देश में मनाया जा रहा है। रेलवे सुरक्षा बल भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर नवीनगर स्टेशन से रेलवे सुरक्षा बल की मोटरसाईकिल रैली का कारवां रविवार को गया जंक्शन पहुंचा। इसकी जानकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर अजय प्रकाश ने बताया कि इसमें शामिल कर्मियों को विशेष ड्रेस दी गई है, जो आजादी के अमृत महोत्सव को समर्पित है। यह रैली नवीनगर स्टेशन से चलकर गया जंक्शन पहुंची। उन्होंने बताया कि गया जंक्शन में आगमन पर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट के अधिकारी, स्टाफ, और टीटीई के द्वारा सभी का भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद 13 जुलाई को उक्त मोटरसाइकिल रैली को प्रोग्राम के मुताबिक ससम्मान हाजीपुर के लिए रवाना होगी।इस मौके पर रेलवे सुरक्षा बल के इंस्पेक्टर अजय प्रकाश,सब इंस्पेक्टर पुनम कुमारी, मोनिका सिंह, एएसआई अरविंद कुमार, राजेश कुमार रौशन, जितेन्द्र कुमार, सहित कई लोग मौजूद थे।

### गोपालगंज : पेड से टकराया अनियंत्रित ट्रक, चालक की मौत

**गोपालगंज।** गोपालगंज में रविवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। स्टेयरिंग फेल होने से बेकाबू हुए एक ट्रक कार में टक्कर मारते हुए पेड़ से जा टकराया। इस हादसे में कार सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए लेकिन ट्रक ड्राइवर क्षतिग्रस्त ट्रक के मलबे में फंस गया। घटना बरौली थाना क्षेत्र के सिवान- सरफरा रोड पर कहला मोड़ की है। ट्रक ड्राइवर को क्रेन और जेसीबी की मदद से ट्रक के केबिन को तोड़ा गया और बाहर निकाला गया। करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद ट्रक ड्राइवर को मलबे से बाहर निकाला गया और इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गयी। मृतक ड्राइवर की पहचान वाराणसी के चैबेपुर थाना क्षेत्र राजबली यादव के पुत्र प्रमोद यादव के रूप में की गई है, वहीं कार में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। इस संबध में पुलिस का कहना है कि ट्रक पर एस्बेस्टस लदा हुआ था जो कि राजस्थान से गोपालगंज लाया जा रहा था।

# भारतीय स्टेट बैंक ने दी योजनाओं की जानकारी



आरा, प्रात: किरण संवाददाता

बड़हरा प्रखंड के माथवलिया मध्य विद्यालय में भारतीय स्टेट बैंक आरा शाखा के द्वारा रात्रि चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन एसबीआई आरा के क्षेत्रीय प्रबंधक मयंक शिखर एवं मुख्य प्रबंधक सुजीत वर्मा ने किया। इस संदर्भ में आरा शाखा के मुख्य प्रबंधक ने बताया कि इस चौपाल के माध्यम से किसान संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के तहत किसानों को केसीसी लोन, ट्रैक्टर लोन, कृषि गोल्ड लोन, सुकन्या समृद्धि योजना अटल पेंशन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, दुर्घटना बीमा योजना एवं किसान सम्मान योजना की विस्तृत जानकारी दी गई।वहीं किसानों से अपना सिविल स्कोर सुधारने की अपील की गई।कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय माथवलिया में वृक्षारोपण एवं एसबीआई सीएसआर के तहत लगभग 200 बच्चों को स्कूल बैग, टिफिन बॉक्स एवं पानी बोतल का वितरण क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय आरा के क्षेत्रीय प्रबंधक मयंक शेखर के द्वारा किया गया।

# प्रथम अपीलीय प्राधिकार सह नगर प्रबंधक मुंगेर समय से प्रथम अपील पर नहीं करते हैं सुनवाई

मुंगेर, प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर जिला के प्रथम अपीलीय प्राधिकार सह नगर निगम प्रबंधक के समक्ष सूचना का अधिकार से संबंधित दाखिल प्रथम अपील पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं किए जाने का एक मामला प्रकाश में आया हैं। अपीलकर्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार अपीलकर्ता ने 25 फरवरी 2022 को सूचना प्राप्त करने के लिए लोक सूचना पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद हवेली खड़गपुर से नल जल योजना से संबंधित सूचना मांगा था।

सूचना का अधिकार कानून में तय समय अवधि के भीतर लोक सूचना पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा समय पर सूचना उपलब्ध नहीं कराया गया तो अपील कर्ता ने उनके विरुद्ध प्रथम अपील 28 मार्च 2022 को प्रथम अपीलीय प्राधिकार सह अनुमंडल पदाधिकारी खडगपुर के समक्ष दाखिल कर दिया।

प्रथम अपीलीय प्राधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी हवेली खड़गपुर ने अपना क्षेत्राधिकार के अंतर्गत प्रथम अपील का नहीं होने के कारण प्रथम अपीलीय प्राधिकार अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रपत्र *ड* के साथ ज्ञापांक778/ दिनांक11/04/2022 के माध्यम से प्रथम अपीलीय प्राधिकार सह नगर प्रबंधक नगर निगम मुंगेर के समक्ष आवश्यक कार्यवाही के लिए प्रेषित कर दिए थे इसके बावजूद भी प्रथम अपीलीय प्राधिकार सह नगर प्रबंधक नगर निगम मुंगेर के द्वारा किसी प्रकार की सुनवाई के लिए कोई भी नोटिस लोक सूचना पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी हवेली खड़गपुर को नहीं दिया और ना हीं अपीलकर्ता को सुनवाई का अवसर ही प्रदान किया गया है । प्रथम अपीलीय प्राधिकार सह नगर प्रबंधक नगर निगम मुंगेर के इस प्रकार के रवैया से जहां एक और अपीलकर्ता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वही जल नल योजना कनेक्शन से अब तक नगर परिषद हवेली खड़कपुर के वार्ड संख्या 14 के निवासी नल जल योजना कनेक्शन से आज तक वंचित है। देखना यह है कि प्रथम लोक सूचना प्राधिकार सह नगर निगम मुंगेर के द्वारा प्रथम अपील पर कब तक कार्यवाही की जाती है प्रथम अपील प्राधिकार सह नगर निगम मुंगेर के द्वारा अपीलकर्ता को जल नल योजना कनेक्शन से संबंधित सूचना कब तक उपलब्ध करा देता है।

### शांति व सौहार्द के बीच मनाया गया ईद उल अजहा का त्यौहार

**गडहनी।** प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर रविवार को ईद उल अजहा (बकरीद) का त्योहार शान्ति और सौहार्द के बीच मनाया गया। इस मौके पर मुसलिम समुदाय के लोगों बडी मस्जिद मे अमन चैन की दुआएं नमाज अदा कर के मांगी। इस बीच छोटे छोटे बच्चों मे भी उत्साह का माहौल देखा गया। सामाजिक कार्यकर्ता राजु वारसी ने प्रखण्ड सहित बिहार वासियों को ईद उल अजहा की ढेरों बधाइयाँ प्रेषित की है। नमाज अदा करने वालों मे अल्ताफ हुसैन, राजु वारसी, शहजाद वारसी, इमरान अहमद उर्फ सोनु, अमजद हुसैन, आसीन परवेज, परवेज आलम, रिजवान, पप्पु राजा, अली इमाम, तनवीर आलम, जुनैब सहित अन्य कई लोग शामिल रहे। राजु वारसी ने बताया कि तीन तरह की मनायी जाती है ईद। इस्लामी कैलेंडर के अनुसार, साल में तीन तरह से ईद मनायी जाती है। पहली ईद रमजान के समाप्ति पर आती है। इसके बाद बकरीद और फिर ईद-उल- मिलानदुन्नबी आती है।

# भिखारी ठाकुर की पुण्य तिथि पर संगोष्ठी आयोजित

आरा, प्रात: किरण संवाददाता



भिखारी ठाकुर की 51वीं पुण्यतिथि पर भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान के बैनर तले पटेल बस पड़ाव स्थित भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच पर 'लोक कला की प्रासंगिकता' विषय पर आधारित संगोष्ठी आयोजित की गई। अध्यक्षता जनार्दन मिश्र एवं संचालन नरेंद्र सिंह ने किया। विषय प्रवर्तन करते हुए अरुण प्रसाद ने कहा कि जमाने के हर दौर में लोक कला की उपयोगिता प्रासंगिक रही है।

जनता के हितों को लेकर की गई इसकी शुरूआत अब बाजार का भी एक सशक्त माध्यम बनती जा रही है। वक्ताओं ने गुलामी के दौर में लोक कलाकार भिखारी ठाकुर की रचनाओं को सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ शुरू किए सांस्कृतिक आंदोलन का कारगर हथियार बताया। साथ ही वर्तमान समय में लोक कला को और समृद्ध करने की आवश्यक्ता बताई। वक्ताओं ने भोजपुरी भाषा को सरकारी मान्यता दिलाने से लेकर उसे और सशक्त बनाने पर बल दिया।

साथ ही इस मामले में स्थानीय जन प्रतिनिधियों की उपेक्षापूर्ण नीति की निंदा करते हुए भोजपुरी भाषा से जुड़े संगठनों की संयुक्त पहल की आवश्यक्ता बताई। संबोधित करने वालों में डा. अरविंद राय, कृष्ण यादव कृष्णेंदु, भरत सिह सहयोगी, विक्रमादित्य पाल, राजेंद्र राय, धनी पांडेय, दिनेश प्रसाद सिन्हा, कुमार शीलभद्र, बाल्मीकि शर्मा आदि शामिल थे। मौके पर अमरेश कुमार सिंह, डा. सत्येंद्र कुमार विष्णु, रामजी प्रसाद, राम लखन प्रसाद थे।

# युवाओं को समाज व देश के प्रति संजीवनी के रूप में देखा जा सकता है : त्रिविक्रम नारायण

रोहतास ब्यूरो, प्रात: किरण



**सासाराम।** 42 बिहार बटालिहन एनसीसी, सासाराम द्वारा 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण कैम्प मे गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार ,सासाराम के प्रबंध निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। श्री सिंह का सम्बोधन लगभग 700 से अधिक एनसीसी के छात्रों के बीच उनके भविष्य के अवसरों को पहचानने और राष्ट्र हित मे उनका क्या योगदान हो सकता है,विषय पर रहा।

युवाओं को सम्बोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि सबसे पहले युवा अपनी शक्ति और ऊर्जा से अपना सीधा सम्पर्क स्थापित करे। युवा को अगर उल्टा करके पढ़ा जाय तो वह वायु के रूप में परिणित होगा। जिसकी प्रकृति को जीवनदायनी के रूप में देखा जा सकता है। युवाओं को समाज और देश के प्रति संजीवनी के रूप में देखा जा सकता है। वही केंद्र सरकार की योजना अग्निवीर के संदर्भ में युवाओं को जगरूक करते हुवे श्री त्रिविक्रम ने बताया कि राष्ट्र की संवृद्धि, सुरक्षा और रोजगार तीनो ही दृष्टि से यह योजना अत्यंत उपयोगी है। जहां 17 से 22 साल तक के औसत युवा रोजगार की तलाश में अपने घर-परिवार को छोड़ न्यूनतम आर्थिक सुरक्षा पर विभिन्न शहरों की ओर पलायन कर जाते है। ऐसे युवाओं को अब भटकने की जरूरत नही है। केंद्र सरकार की यह योजना उन वीर नौजवान युवाओं के लिए उनकी योग्यता और प्रतिभा के लिए सर्वोत्तम सम्मान है। देश के लिए दो पल का जीना 70 साल को जीने के बराबर है। इन्ही अवस्था से चलकर कोई राजेन्द्र प्रसाद बना तो कोई भगत सिंह तो कोई चंद्रशेखर के रूप में माँ भारती के लिए अपने रक्त के अंतिम कतरे तक को बलिदान कर दिया। साथ ही व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षा की महत्ता को सर्वोपरि बताया।

आखिरी कड़ी में श्री त्रिविक्रम ने युवाओं को सम्बोधित करते हुवे कहाँ की जीवन के किसी भी मोड़ पर वो छात्रों के सहयोग हेतु बढ़-चढ़ कर अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे साथ ही विश्वविद्यालय के एन.सी.सी इंचार्ज डॉ मयंक कुमार राय को इस तरह के आयोजन के लिए भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुवे उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# आधुनिक खेती की दी गई जानकारी

मुजफ्फरपुर, प्रात :किरण संवाददाता



जिले के गायघाट प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज लक्ष्मण नगर के पंचायत कृषि कार्यालय के निकट लीची बाग में पंचायत लोमा के पंचायत कृषि कार्यालय व मेठी पंचायत में भी कृषि विभाग द्वारा खरीफ फसल को लेकर किसान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों द्वारा गीत संगीत नाच एवं नाटक के माध्यम से खेती बाड़ी की जानकारी किसानों को दिया गया। कृषि समन्वयक आशुतोष कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कृषि विभाग द्वारा संचालित होने वाली सभी महत्वकांक्षी योजनाओं की जानकारी दिए। किसान सलाहकार वीरेंद्र कुमार ने जैविक खेती पर जोर देते हुए रासायनिक खाद का उपयोग कम से कम करें अत्यधिक मात्रा में रासायनिक खाद एवं कीटनाशक का उपयोग जो हमारे मिट्टी के साथ-साथ शरीर पर दुष्प्रभाव करता है। इनकी जानकारी दिए। किसान सलाहकार दीपक कुमार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त कर रहे किसानों से अपील किया कि केवाइसी व बैंक अकाउंट को एनपीसीआई से आवश्य लिंक करा लें। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राजन झा आत्मा द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं समूह गठन से होने वाली लाभ की जानकारी दिए। वही मौके पर। कार्यपालक सहायक अंकु कुमार सहायक तकनीकी प्रबंधक श्वेत निशा प्रियंका कुमारी कृषि समन्वयक सुमेश्वर प्रसाद सिंह किसान सलाहकार सजीव कुमार, ओमप्रकाश कंचन, सुनील कुमार, ब्रजकिशोर प्रसाद, संजय पासवान ,तीनों पंचायत के जनप्रतिनिधि गण व किसान उपस्थित थे।

# महज पांच धुर जमीन के खातिर सगे भाई की पीट-पीटकर हत्या

मुजफ्फरपुर, प्रात :किरण संवाददाता

जिले के औराई थाना क्षेत्र अंतर्गत आलमपुर सिमरी पंचायत के धसना टोले हनुमान नगर मे बीती रात एक सगे भाई ने महज पांच धुर जमीन के विवाद मे अपने सगे भाई की पीट-पीटकर हत्या कर दी । घायल अवस्था में परिजनो ने उसे औराई सीएचसी लाया ,जहां डाक्टर ने उसे मृत्त घोषित कर दिया ।

हत्या की सूचना पर पूरे इलाके में कोलाहल मच गया, सबके जुवान से घटना की निन्दा की जा रही थी। पत्नी व बच्चों समेत पूरे परिवार का रो -रो कर बुरा हाल बना हुआ है। घटना औराई थाना क्षेत्र के धसना गांव की है। मृतक की पहचान 40 वर्षीय संजय राम के रूप में की गई है। घटना के बारे में बताया जा रहा है प्रभु राम और संजय राम से पांच धुर जमीन को लेकर वर्षो से विवाद चल रहा था।, देर रात दोनो भाइयों के बीच विवाद शुरू हुआ। विवाद शुरू होते ही मारपीट शुरू हो गई। उसी दौरान प्रभु राम और उसके पुत्र राम प्रसाद राम ने लाठी-डंडे से पीट-पीटकर संजय राम को मौत के घाट उतार छत से नीचे फेंक दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद लोगों की भीड़ जुटने लगी। भाग रहे दोनों आरोपी को ग्रामीणों ने दबोच लिया, स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई सूचना मिलने के बाद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए मुजफ्फरपुर एसकेएमसीएच दिया गया ।

मृतक संजय राम की पत्नी रंजू देवी का कहना है वर्षों से पांच धुर जमीन की खातिर विवाद चल रहा था,कई बार पंचायत भी हुई, हठी व दबंग प्रभु राम जबरन पानी का बहाव कर ही रहा था, देर रात्रि दो भाइयों के बीच विवाद हुआ विवाद के दौरान संजय राम छत पर चढ़ गए जिसके बाद प्रभु राम और राम प्रसाद राम लाठी डंडा से पीटने लगा पीटने के बाद जब उसकी मौत हो गई तो छत के ऊपर से फेंक दिया और भागने का प्रयास किया पर ग्रामीणों की तत्परता से पकड़ा गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया ।

# 'अंतिम व्यक्ति तक न्याय का पहुंचना ही मानवाधिकार का संकल्प'

रोहतास ब्यूरो, प्रात: किरण



आज जिला मुख्यालय स्थित भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन के जिला इकाई रोहतास के जिला कार्यालय पवित्र बंधन पैलेस , राम अयोध्या पथ ,रौजा रोड नंबर 1, में नए सदस्यों को परिचय पत्र प्रदान करते एवं पुराने सदस्यों के परिचय पत्र को पुनः नवीकृत करते मुख्य अतिथि के पद को सुशोभित करते हुए रोहतास के अपर जिला जज सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार रोहतास माननीय छेदी राम जी ने अपने सम्बोधन में कहा की मानवाधिकार की सम्पूर्ण रक्षा तभी संभव हो पाएगी जब हम न्याय को पीड़ित और उपेक्षित व्यक्ति तक पहुंचा देंगे।

न्यायाधीश महोदय ने संगठन को कहा भी की आप हमारे पास आए,हम सदैव आपकी सेवा में समर्पित है।आपको न्याय जरूर मिलेगा। सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष इंजीनियर नवीन सिन्हा ने की एवं इस अवसर पर मुख्य अतिथि का स्वागत शाल, मूमेंटो देकर किया। ई. सिन्हा ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा की की हमारा एसोसिशन रात दिन पीड़ितों ,वंचितों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगो की मदद में लगा रहता है ,यही हमारा संकल्प भी है। हम हमेशा अपने सदस्यों और पदाधिकारियों के साथ जन संपर्क कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र की जनता का विधिक मदद करते आ रहे हैं।अपने संबोधन में देहरादून में विधि के छात्र तुषार बघेल ने संविधान के अंतर्गत मानवाधिकार के ऊपबंधों की चर्चा की। एसोसिएशन के जिला प्रवक्ता डॉ राकेश बघेल ने इस अवसर पर कहा की संविधान के रहते हुए भी आज मानवाधिकार उल्लंघन के मामले रोज सामने आ रहे है,इसका मतलब साफ है की हमे विधि एवं अपने अधिकारों का ज्ञान अल्प मात्रा में है। इसका विस्तार करने की जरूरत है। डॉ बिनोद उज्जैन ने सभा को संबोधित करते हुए राजनीति में धर्म के गलत प्रयोग पर सवाल खड़ा किया और कहा की आज हम सब धर्म के पवित्र भावों से भटक गए है जो सर्वथा अनुचित है। सभा का संचालन प्रख्यात कवि शंभू शैल ने किया एवं अपनी प्रवाह क्षमता एवं कविता से श्रोताओं को बांधे रखा। इस महत्वपूर्ण अवसर पर संगठन के सदस्यों के अलावा प्रमुख लोगो में सेवानिवृत बैंक प्रबंधक जी एन लाल, डॉक्टर विनोद सिंह उज्जैन,वकील सह पत्रकार संजय तिवारी,शुभम तिवारी,मुन्ना सोनी,सरोज सिंह,नरेंद्र मिश्र,चंदन सिंह,हिमांशु श्रीवास्तव, डॉ उमेश कुमार,राजीव कुमार,राजेश बिहारी,अभिषेक कुमार, अनिल दुबे, अंकुश कुमार, संजीव कुमार मिश्रा, अधिवक्ता कार्यक्रम में आए गणमान्य लोगों का धन्यवाद ज्ञापन किया। ई सिन्हा ने भविष्य में प्रायोजित ऐसे सामाजिक - विधिक कार्यक्रम में पुनः आगमन का न्योता सभागार में उपस्थित सभी लोगो को दिया।

## संक्षिप्त खबरें



### भारत ने संकटग्रस्त श्रीलंका को दिया 44,000 टन यूरिया

कोलंबो। भारत ने भीषण आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका को ऋण सुविधा के तहत 44,000 टन से अधिक यूरिया मुहैया कराया है। भारतीय उच्चायोग ने यहां बताया कि श्रीलंका के किसानों को समर्थन और खाद्य सुरक्षा के लिए द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए जारी प्रयासों की तहत यह मदद दी गई है। श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त गोपाल बागले ने कृषि मंत्री महिंदा अमरवीरा से मुलाकात कर उन्हें 44,000 टन से अधिक यूरिया आने की जानकारी दी। भारतीय उच्चायोग ने एक ट्वीट में कहा, उच्चायुक्त ने श्रीलंका के कृषि मंत्री से मुलाकात की और उन्हें भारत की तरफ से श्रीलंका को दी गई ऋण सुविधा के तहत आपूर्ति किए गए 44,000 टन से अधिक यूरिया के बारे में बताया। उच्चायुक्त ने जोर देकर कहा कि भारत की तरफ से यह सहायता श्रीलंका के किसानों समेत लोगों का समर्थन करने और देश के नागरिकों की खाद्य सुरक्षा के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 588.3 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में कमी आने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार एक जुलाई को समाप्त सप्ताह में पांच अरब डॉलर घटकर 588.3 अरब डॉलर पर आ गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 2.73 अरब डॉलर बढ़कर 593.32 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 01 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.5 अरब डॉलर कम होकर 524.7 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 50.4 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 40.4 अरब डॉलर पर रहा। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार 7.7 करोड़ डॉलर गिरकर 18.1 अरब डॉलर पर रहा। हालांकि इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी हुई है और यह 4.4 करोड़ डॉलर बढ़कर पांच अरब डॉलर हो गया।

### चालू वित्त वर्ष में अबतक 15 खनिज ब्लॉकों की नीलामी रद्द

नई दिल्ली। मौजूदा वित्त वर्ष 2022-23 में 15 खनिज ब्लॉकों की नीलामी रद्द हुई है, जबकि 32 खानों की बिक्री को सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। हालांकि, इन ब्लॉकों की नीलामी रद्द करने की कोई वजह नहीं बताई गई है। जिन खानों की नीलामी रद्द हुई है उनमें पांच-पांच चूना पत्थर और मैंगनीज ब्लॉक, दो-दो बॉक्साइट और फॉस्फोराइट ब्लॉक और एक सोने की खान है। खान मंत्रालय ने खनिज ब्लॉकों की नीलामी पर स्थिति रिपोर्ट में कहा है कि चालू वित्त वर्ष में सात जून, 2022 तक जिन खानों की नीलामी रद्द की गई है उनमें 11 मध्य प्रदेश में, दो-दो छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में हैं। जिन 32 ब्लॉकों की नीलामी सफलतापूर्वक पूरी की गई है उनमें 10 मैंगनीज खानें, आठ चूना पत्थर, सात लौह अयस्क, पांच बॉक्साइट और एक-एक ग्रैफाइट और फॉस्फोराइट खानें हैं। चालू वित्त वर्ष में अबतक मध्य प्रदेश में 10 खनिज ब्लॉकों की नीलामी हुई है।

# विदेशों में बाजार टूटने से बीते सप्ताह खाद्य तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी



विदेशी बाजारों में खाद्य तेलों के भाव टूटने के बीच देशभर के तेल-तिलहन बाजारों में बीते सप्ताह सरसों, मूंगफली, सोयाबीन तेल-तिलहन, सीपीओ, पामोलीन, बिनौला सहित लगभग सभी खाद्य तेलों के दाम में गिरावट आई। बाकी तेल-तिलहनों के भाव अपरिवर्तित रहे। बाजार सूत्रों ने बताया कि विदेशों में पिछले सप्ताह के मुकाबले खाद्य तेलों का बाजार काफी टूटा है जो गिरावट का मुख्य कारण है। इस गिरावट की वजह से देश में आयातकों को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है क्योंकि उन्होंने जिस भाव पर सौदे खरीदे थे अब उन सौदों का निपटाना मुश्किल हो गया है क्योंकि इस बीच सीपीओ और सोयाबीन डीगम जैसे खाद्य तेलों के दाम विदेशों में बुरी तरह टूटे हैं। इससे आयातकों के लिए ऊंचे भाव पर आयात किया गया खाद्य तेल आधे से कम भाव पर बेचने की नौबत आ गई है। उन्हें बैंक कर्ज का भुगतान करने की परेशानी आ रही हैं। इसके अलावा आगे के सौदे के लिए बैंक उनको साख पत्र (लेटर आफ क्रेडिट) देने से कतरा रहे हैं।

सूत्रों ने कहा कि सरकार की ओर से खाद्य तेलों के दाम और कम करने की पहल के तहत खाद्य तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई जिसमें खाद्य तेल के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) में लगभग 15 रुपये प्रति लीटर तक की और कटौती करने और वैश्विक तेल कीमतों में आई गिरावट का लाभ आम उपभोक्ताओं को सुनिश्चित करने के लिए सरकार की ओर से निर्देश दिया गया। इससे पहले भी हुई एक बैठक के बाद एमआरपी में लगभग 10 रुपये की कमी की गई थी। धारा ब्रांड जैसी कंपनियों ने खाद्य तेल कीमतों में कटौती की पहल भी की है। इसके बारे में सूत्रों ने कहा कि जब ह्यएमआरपीह्न पहले से ही थोक दाम से ही लगभग 50 रुपये प्रति लीटर अधिक था और उसमें 15 रुपये की कटौती कर भी दी जाये तो वैश्विक खाद्य तेल कीमतों में गिरावट का लाभ आम उपभोक्ताओं या तेल उद्योग या आयातकों को कहां से मिला?

सूत्रों ने सरसों का उदाहरण देते हुए बताया कि अधिभार सहित सरसों तेल का थोक दाम दिल्ली में लगभग 134 रुपये लीटर बैठता है। एमआरपी में पहले की गई 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती के बाद सरसों तेल का एमआरपी लगभग 194 रुपये लीटर था। सरकार द्वारा एमआरपी में और 15 रुपये प्रति लीटर की कमी करने को कहने के बाद यह 178-180 रुपये लीटर हो जायेगा। जबकि एमआरपी 155-158 रुपये लीटर से अधिक नहीं होना चाहिये। यही हाल सोयाबीन तेल के साथ भी है। सूत्रों ने कहा कि जब एमआरपी पहले से 50 रुपये तक अधिक हो और बाद में उसमें 30 रुपये तक की कमी कर भी दी जाये तो वैश्विक तेल कीमतों की गिरावट का लाभ उपभोक्ताओं को कैसे मिलेगा? सूत्रों ने कहा कि जबतक खाद्य तेलों के थोक मूल्य और खुदरा मूल्य के बीच के अंतर को एक निश्चित सीमा में नहीं बांधा जायेगा और इसके लिए सख्त कानून नहीं बनेगा, इन बैठकों के अपेक्षित परिणाम हासिल नहीं होंगे। सूत्रों ने कहा कि विदेशों में खाद्य तेलों के भाव टूटने के बीच सोयाबीन, सीपीओ और पामोलीन जैसे खाद्य तेलों के दाम में गिरावट आई है जिसका असर घरेलू तेल-तिलहन कीमतों पर भी हुआ और उनमें भी गिरावट आई। सूत्रों ने कहा कि मंडियों में सरसों की आवक काफी कम हो गयी है। बीते शनिवार को मंडियों में सरसों की आवक सबसे कम यानी 1.20-1.50 लाख बोरी के दायरे में रही। आने वाले त्योहारी सीजन में सरसों के संबंध में दिक्कत महसूस की जा सकती है क्योंकि ह्यस्टॉक लिमिटह्न के भय से किसी ने इसका स्टॉक तैयार नहीं किया। जो कुछ सरसों है, वह किसानों के पास ही है। सूत्रों ने बताया कि पिछले सप्ताहांत के मुकाबले बीते सप्ताह सरसों दाने का भाव 190 रुपये की गिरावट के साथ 7,295-7,345 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल समीक्षाधीन सप्ताहांत में 500 रुपये की गिरावट के साथ 14,650 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ। वहीं सरसों पक्की घानी और कच्ची घानी तेल की कीमतें भी क्रमशः 65-65 रुपये घटकर क्रमशः 2,315-2,395 रुपये और 2,355-2,460 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुईं। सूत्रों ने कहा कि वैश्विक बाजरों में आई भारी गिरावट के मद्देनजर समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और लूज के थोक भाव क्रमशः 150 रुपये और 250 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 6,350-6,400 रुपये और 6,050-6,100 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन तेल कीमतों में भी नुकसान रहा। सोयाबीन दिल्ली का थोक भाव 400 रुपये की हानि के साथ 13,700 रुपये, सोयाबीन इंदौर का भाव 600 रुपये टूटकर 13,200 रुपये और सोयाबीन डीगम का भाव 250 रुपये टूटकर 12,150 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## सरकारी बैंकों में शीर्ष पदों के लिए अधिकारी तैयार करेगा आईबीए

नई दिल्ली, एजेंसी

बैंकिंग क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच भारतीय बैंक संघ (आईबीए) भी अधिकारियों को बड़ी भूमिका के लिए प्रशिक्षित करने की तैयारी कर रहा है। आईबीए ने बैंकिंग क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान करने वाले लोगों को तैयार करने के लिए सलाहकार कंपनियों और संस्थानों से बोलियां आमंत्रित की हैं। चयनित इकाई सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम डिजाइन करेगी। यह इकाई अधिकारियों को प्रशिक्षण भी देगी। इन अधिकारियों में महाप्रबंधक और उपमहाप्रबंधक शामिल हैं।

एक सार्वजनिक नोटिस में कहा गया है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन तरीकों ई-लर्निंग मॉड्यूल के रूप में ऑनलाइन, या लाइव वेबिनार बैठकों के जरिये ऑनलाइन या आमने-सामने बैठकर प्रदान किया जा सकेगा। इसमें कहा गया है कि इस पूरी कवायद का मकसद भविष्य के लिए नेतृत्व प्रदान करने वाले अधिकारी तैयार करना है, जो डिजिटल रूप से दक्ष हों, रणनीतिक तरीके से सोच सकें और जिनके पास एक अच्छी टीम के गठन की क्षमता हो। साथ ही ये

**आमंत्रण**

- **आईबीए ने बैंकिंग क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान करने वाले लोगों को तैयार करने के लिए सलाहकार कंपनियों और संस्थानों से बोलियां आमंत्रित की हैं।**

एक ग्राहक केंद्रित संगठन के निर्माण में भूमिका निभा सकें। वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) ने आईबीए से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए एजेंसी के चयन का अनुरोध किया है। एफएसआईबी भारत सरकार का स्वायत्त निकाय है। इस निकाय को अन्य कार्यों के अलावा राष्ट्रीयकृत बैंकों और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों के प्रबंधक स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षित करने की भी जिम्मेदारी दी गई है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के अधिकारियों की ऐसी टीम तैयार करना है जो आगे चलकर शीर्ष प्रबंधन स्तर का पद संभाल सकें या निदेशक मंडल में बड़ी भूमिका संभालने के लिए तैयार रहें। बोली जमा करने की अंतिम तारीख 30 जुलाई है। बोली-पूर्व बैठक 16 जुलाई को होगी।

## इन्फीबीम एवेन्यू ने लॉन्च किया सीसी एवेन्यू मोबाइल एप

मुंबई, एजेंसी

भारत की पहली लिस्टेड फिनटेक कंपनी, इन्फीबीम एवेन्यू लिमिटेड ने आज सीसी एवेन्यू मोबाइल ऐप का अनावरण किया। यह दुनिया का सबसे उन्नत ओमनी-चैनल पेमेंट प्लेटफॉर्म और एक उन्नत टैप पे समाधान है। सीसी एवेन्यू टैप पे पीओएस के लिए 27 अरब रुपये के साथ भारत में बाजार में प्रवेश करने की कगार पर है। सीसी एवेन्यू टैप पे लॉन्च में नेशनल पेमेंट्स काउंसिल ऑफ इंडिया (एनपीसीआई-रू पे की मूल संस्था), वीसा और मास्टरकार्ड के वरिष्ठ अधिकारी, वित्तीय विश्लेषक, बैंक्स और उद्योग विशेषज्ञ मौजूद थे। यह आयोजन मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया गया था। इंडिया और साउथ एशिया वीसा के ग्रुप कंट्री मैनेजर संदीप घोष ने कहा कि अब एडिक्युट मेथड और टच प्वाइंट के साथ-साथ डिजिटल भुगतान का उपयोग को बढ़ाना संभव है। सीसी एवेन्यू सॉफ्ट पीओएस सोल्युशन उसी दिशा में बढ़ाया गया एक कदम है और मैं उन्हें इस लॉन्च पर बधाई देता हूं। मुझे विश्वास है कि यह समाधान देश भर के व्यापारियों तक पहुंचेगा, इससे ग्राहकों के लिए टैप करके भुगतान करना सुविधाजनक होगा। प्रवीणा राय, सीओओ, नैशनल पेमेंट्स काउंसिल ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने अवसर पर बोलते हुए कहा कि, व्यापारियों द्वारा डीप डिजिटल भुगतान की स्वीकृति आज भारत के लिए एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। हम फिनटेक लैंडस्केप में नई तकनीकों को देखकर रोमांचित हैं जो इस दृष्टिकोण को सक्षम बनाती हैं। यह नवाचार भुगतान के एक नए युग की शुरूआत करेगा और भुगतान के दौरान उत्पन्न होने वाली कई समस्याओं का समाधान करेगा। टैप पे फीचर वाला सीसी एवेन्यू मोबाइल ऐप अब भारतीय बाजार के लिए गेम-चेंजर साबित होगा क्योंकि यह किसी भी एनएफसी-एंड्रॉइड फोन को स्मार्ट पीओएस टर्मिनल में बदल देगा।

## पहली छमाही में दिल्ली-एनसीआर में घरों की बिक्री ढाई गुना हुई, कीमतें सात प्रतिशत बढ़ीं: रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

मांग में सुधार और निचले आधार प्रभाव की वजह से चालू साल की पहली जनवरी-जून की छमाही के दौरान दिल्ली-एनसीआर में घरों की बिक्री सालाना आधार पर ढाई गुना हो गई है। इस दौरान आवास कीमतों में करीब सात प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

नाइट फ्रैंक की रिपोर्ट भारतीय रियल एस्टेट : आवासीय एवं कार्यालय बाजार पहली छमाही-2022 में कहा गया है कि इस साल की पहली जनवरी-जून की छमाही में दिल्ली-एनसीआर में आवासीय संपत्तियों की बिक्री ढाई गुना होकर 29,101 इकाई पर पहुंच गई। 2021 की समान अवधि में आवासीय इकाइयों की बिक्री 11,474 इकाई रही थी। उल्लेखनीय है कि 2021 की पहली छमाही में घरों की बिक्री कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर से बुरी तरह प्रभावित हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार, समीक्षाधीन अवधि में नए मकानों की पेशकश कई गुना बढ़कर 28,726 इकाई पर पहुंच गई, जो जनवरी-जून, 2021 में 2,943 इकाई रही थी।

रिपोर्ट में बताया गया है कि सालाना आधार पर इस अवधि में घरों के दाम सात प्रतिशत बढ़कर 4,437 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गए। वहीं बिना बिकी आवासीय संपत्तियां छह प्रतिशत घटकर 95,811 इकाई रह गईं। रिपोर्ट कहती है, 2022 की पहली छमाही में एनसीआर के आवास बाजार में तेजी रही। छमाही के दौरान दिल्ली-एनसीआर में कुल 29,101 आवासीय संपत्तियां बेची गईं। 2013 की दूसरी छमाही के बाद से यह किसी एक छमाही में बिक्री का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लागत में बढ़ोतरी की वजह से कई रियल एस्टेट कंपनियों ने पिछली कुछ तिमाहियों के दौरान घरों की कीमतों में वृद्धि की है। दिल्ली-एनसीआर के कार्यालय बाजार के बारे में नाइट फ्रैंक ने कहा कि पहली छमाही में पट्टे पर कार्यालय स्थल की मांग 69 प्रतिशत बढ़कर 41 लाख वर्ग फुट पर पहुंच गई, जो इससे पिछले साल की समान अवधि में 24 लाख वर्ग फुट थी।

### श्रीलंका की स्थिति पर नजर, राजनीतिक संकट जल्द हल होने की उम्मीद: आईएमएफ

**कोलंबो।** अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) की श्रीलंका के घटनाक्रम पर नजर है। उसे उम्मीद है कि श्रीलंका का राजनीतिक संकट जल्द हल होगा जिसके बाद नकदी संकट से जूझ रहे देश को राहत पैकेज पर बातचीत शुरू हो सकेगी। सरकार विरोधी हजारों आंदोलनकारियों ने शनिवार को राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के मध्य कोलंबो स्थित आधिकारिक आवास पर धावा बोल दिया। ये लोग राष्ट्रपति के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। इसके अलावा आंदोलनकारियों ने प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे के निजी आवास को भी आग के हवाले कर दिया।

## सराफा समीक्षा: सोना 1325 व चांदी में 1293 रुपये की साप्ताहिक गिरावट

मुंबई, एजेंसी



दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की तेजी के दबाव में बीते सप्ताह वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं की चमक फीकी पड़ने से घरेलू सराफा बाजार में सोना 1325 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी 1293 रुपये प्रति किलोग्राम उतर गई।

समीक्षाधीन सप्ताह में वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में गिरावट का रुख रहा। सोना हाजिर 63.73 डॉलर प्रति औंस गिरकर सप्ताहांत पर 1741.59 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। साथ ही अमेरिकी सोना वायदा भी 66.3 डॉलर प्रति औंस लुढ़ककर 1732.10 डॉलर प्रति औंस रह गया। इसी तरह सप्ताहांत पर चांदी हाजिर 0.54 डॉलर प्रति औंस उतरकर 19.29 डॉलर प्रति औंस रही।

बीते सप्ताह विदेशी बाजार की गिरावट का असर देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स पर भी देखा गया। सप्ताहांत पर सोना 1325 रुपये की भारी गिरावट लेकर 50757 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया। इस दौरान सोना मिनी 1312 रुपये गिरकर 50791 रुपये प्रति दस ग्राम पर रही। इसी तरह समीक्षाधीन अवधि में स्थानीय स्तर पर चांदी 1293 रुपये सस्ती होकर 57039 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। साथ ही चांदी मिनी 1277 रुपये टूटकर सप्ताहांत पर 57460 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

## एफपीआई की निकासी की घटी रफ्तार

### जुलाई में अबतक 4,000 करोड़ रुपये के शेयर बेचे

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय शेयर बाजारों से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की निकासी का सिलसिला जुलाई में भी जारी है। हालांकि, अब एफपीआई की बिकवाली की रफ्तार कुछ धीमी पड़ी है। डॉलर में मजबूती और अमेरिका में ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बीच एफपीआई ने जुलाई में 4,000 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेचे हैं। ट्रेडस्मार्ट के चेयरमैन विजय सिंघानिया ने कहा, ह्यह्यकच्चे तेल के दाम नीचे आने के बीच मुद्रास्फीति घटने की उम्मीद के चलते बाजार धारणा में सुधार हुआ है। रिजर्व बैंक के रुपये की गिरावट को थामने के प्रयास से भी धारणा बेहतर हुई है ह्नह्न

मॉर्निंगस्टार इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव का हालांकि मानना है कि एफपीआई की शुद्ध निकासी कम रहने का मतलब रुख में कोई बड़ा बदलाव नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन कारणों से एफपीआई निकासी कर रहे थे उनमें कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं आया है। पिछले लगातार नौ माह से एफपीआई बिकवाल बने हुए हैं।

यस सिक्योरिटीज के प्रमुख विश्लेषक-अंतरराष्ट्रीय शेयर हितेश जैन ने कहा कि मुद्रास्फीति के ऊंचे स्तर से नीचे आने का स्पष्ट संकेत मिलने के बाद एफपीआई का प्रवाह फिर शुरू होगा। उन्होंने कहा कि यदि ऊंची मुद्रास्फीति को लेकर चीजें दुरुस्त होती हैं, तो ऐसा संभव है कि केंद्रीय बैंक ब्याज दरों के मोर्चे पर नरमी बरतें। इससे एक बार फिर जोखिम वाली परिसंपत्तियों में निवेश बढ़ेगा।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एक से आठ जुलाई के दौरान एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों से शुद्ध रूप से 4,096 करोड़ रुपये की निकासी की है। हालांकि, पिछले कई सप्ताह में छह जुलाई को पहली बार ऐसा मौका आया जबकि एफपीआई द्वारा 2,100 करोड़ रुपये की लिवाली की गई। जून में एफपीआई ने 50,203 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। यह मार्च, 2020 के बाद सबसे ऊंचा स्तर है। उस समय एफपीआई की निकासी 61,973 करोड़ रुपये रही थी। इस साल एफपीआई भारतीय शेयरों से 2.21 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। इससे पहले 2008 के पूरे साल में उन्होंने 52,987 करोड़ रुपये की निकासी की थी। एफपीआई की निकासी की वजह से रुपया भी कमजोर हुआ है। हाल में रुपया 79 प्रति डॉलर के स्तर को पार कर गया।

## सेंसेक्स समीक्षा: कंपनियों के तिमाही परिणाम और महंगाई आंकड़ों का शेयर बाजार पर रहेगा असर

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक बाजार की तेजी से चौतरफा लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह लगभग तीन प्रतिशत की छलांग लगा चुके घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के परिणाम तथा थोक और खुदरा महंगाई के आंकड़ों का असर देखा जा सकेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1573.91 अंक उछलकर सप्ताहांत पर 54 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 54481.84 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 468.55 अंक की तेजी के साथ 16 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर 16220.60 अंक पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में शेयर बाजार को दिग्गज कंपनियों के साथ ही छोटी और मझौली कंपनियों में हुई दमदार लिवाली का भी समर्थन मिला। सप्ताहांत पर बीएसई का मिडकैप 796.64 अंक मजबूत होकर 2655.57 अंक और स्मॉलकैप 833.07 अंक की उड़ान भरकर 25640.81 अंक पर रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, अगले सप्ताह एचसीएल टेक, एसीसी, फेडरल बैंक और जिंदल स्टील समेत कई दिग्गज कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के परिणाम जारी होने वाले है। इसका असर घरेलू शेयर बाजार देखा जा सकेगा। इसके अलावा अगले सप्ताह जून की थोक महंगाई और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई के आंकड़े आने वाले हैं। बाजार की दिशा निर्धारित करने में महंगाई के आंकड़ों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर एफएमसीजी, बैंकिंग, वित्त जैसे समूहों में हुयी लिवाली के बल पर सोमवार को शेयर बाजार की पिछले तीन सत्रों से जारी गिरावट पर ब्रेक लग गया। सेंसेक्स 326.84 अंकों की बढ़त के साथ 53234.77 अंक और निफ्टी 83.30 अंकों की तेजी लेकर 15835.35 अंक पर रहा। वहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर से मिले कमजोर संकेतों के साथ घरेलू स्तर पर आईटी एवं टेक सहित अधिकांश समूहों में हुयी बिकवाली के कारण शेयर बाजार मंगलवार को फिर गिरकर बंद हुआ। सेंसेक्स 100.42 अंक टूटकर 53134.35 अंक और निफ्टी 24.50 अंक उतरकर 15810.85 अंक पर आ गया। एशियाई बाजार के कमजोर संकेतों के बीच यूरोपीय बाजार के मजबूत रुझानों से घरेलू स्तर पर ऑटो, आईटी, टेक और उपभोक्ता वस्तु समूह की कंपनियों में हुयी जोरदार लिवाली के बल पर शेयर बाजार ने गिरावट से उबरते हुये बुधवार को जबरदस्त तेजी दर्ज की। सेंसेक्स 616.62 अंकों की उछाल लेकर 53750.97 अंक निफ्टी 178.95 अंकों की बढ़त के साथ 15989.80 अंक पर रहा। वैश्विक बाजार से मिले सकरात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर हुयी चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन तेजी बनी रही। सेंसेक्स 427.49 अंक उछलकर 54 हजार के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार करते हुये 54178.46 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह से निफ्टी 143.10 अंकों की छलांग लगाकर 16 हजार अंक के पार 16132.90 अंक पर रहा। इसी तरह वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर इंडस्ट्रियल्स, यूटिलिटीज, कैपिटल गुड्स और पावर समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शुक्रवार को शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन भी तेजी जारी रही।

## यूनिवर्सिटी लिविंग ने स्टूडेंट्स को सम्मानित करने के लिये लॉन्च किया सोशल स्कॉलरशिप

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

किसी भी राष्ट्रीयता के कोई भी स्टूडेंट इस स्कॉलरशिप के लिये आवेदन कर सकते हैं, यदि उन्होंने लंदन, लिवरपूल, बर्मिंघम, कोवेन्ट्री, लेसेस्टर और शेफील्ड में यूनिवर्सिटीज में आवेदन किया है। इस स्कॉलरशिप में उनके रहने का खर्च शामिल होगा और अकादमिक प्रदर्शन से इतर सम्मानित किया जाएगा।

लंदन में इस स्कॉलरिशप का मूल्य 5000 पाउंड और अन्य शहरों में 1000 पाउंड है। यूनिवर्सिटी लिविंग, जोकि दुनियाभर के विद्यार्थियों आवास उपलब्ध कराने वाली एक प्रमुख प्रदाता है, ने सोशल स्कॉलरशिप्स की पेशकश की है। यूनिवर्सिटी लिविंग द्वारा ब्रिटेन (यूके) में छह स्थानों पर इन-हाउस सोशल स्कॉलरशिप की शुरूआत की गई है। सच ही कहा गया है कि किसी भी स्टूडेंट को बनाने में सिर्फ अंकों का ही योगदान नहीं होता है और यूनिवर्सिटी लिविंग भी इस कथन का पूरी तरह समर्थन करती है।

**लॉन्च**

- **यूनिवर्सिटी लिविंग समाज पर प्रभाव डालने वाले स्टूडेंट्स के लिये सोशल स्कॉलरिशप लॉन्च कर रहा है**

यह स्कॉलरशिप लंदन, बर्मिंघम, लिवरपूल, कोवेंट्री, शेफील्ड और लेसेस्टर में विश्वविद्यालयों में आवेदन करने वाले छात्रों के लिये उपलब्ध है। इनमें से 5 का मूल्य 1000 पाउंड है, लंदन स्कॉरलरशिप की तीन श्रेणियां हैं-1000 पाउंड, 1500 पाउंड, और 2500 पाउंड। दुनिया भर के विद्यार्थियों को यह छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, फिर चाहे वे किसी भी देश के नागरिक हों। इन-हाउस सोशल स्कॉलरशिप विद्यार्थियों के आवास खर्च के हिस्से को कवर करेगी और यूनिवर्सिटी लिविंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से बुक किए गए किसी भी आवास के लिये मान्य है। छात्रों को बस एक फॉर्म ऑनलाइन भरना होगा, यूनिवर्सिटी लिविंग के माध्यम से अपना आवास बुक करना होगा, उनके द्वारा बनाए गए सामाजिक प्रभाव को समझाते हुए एक वीडियो रिकॉर्ड करना होगा और इसे यूनिवर्सिटी लिविंग को टैग करते हुए इंस्टाग्राम पर अपलोड करना होगा। सौरभ अरोड़ा, फाउंडर एवं सीईओ, यूनिवर्सिटी लिविंग का कहना है, स्टूडेंट्स पर बेहतर अंक पाने, अपना कौशल बढ़ाने और लगातार आगे बढ़ते रहने के दबाव के साथ, यूनिवर्सिटी लिविंग में हमारा मानना था कि सामाजिक जिम्मेदारी का दबाव होना उतना ही जरूरी है। यह समझना जरूरी है कि ऐसे सामाजिक मुद्दों पर ध्यान देना जरूरी है, जोकि हमारी आने वाली पीढ़ी को आने वाले बदलावों के साथ तालमेल बिठाने में मदद कर पाएं। वह कहते हैं, हमें स्थायित्व जैसे मुद्दों पर बात करने की जरूरत है, जोकि इस साल के एनएएफएसए एनुअल एक्सपो का मुख्य विषय भी था। स्थायी भविष्य के लिये उनकी प्रतिबद्धता वाकई बेहद प्रेरणादायक है और हम उसमें योगदान देना चाहते हैं और इस संबंध में जागरूकता फैलाने में अपनी तरफ से काम करना चाहते हैं।

## एंजल वन के ग्राहकों की संख्या में 96.9% की वार्षिक बढ़ोतरी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

एंजल वन के ग्राहकों की संख्या में 96.9% की वार्षिक बढ़ोतरी, जून 2022 में ग्राहकों की संख्या बढ़कर 10.41 मिलियन हुई जून 2022 में एंजल वन के लिए ऑर्डर की संख्या 70.15 मिलियन रही, जिसमें वार्षिक आधार पर 42.6% की वृद्धि हुई है मुंबई, 5 जुलाई 2022: फिनटेक कंपनी एंजल वन लिमिटेड (जिसे पहले एंजल ब्रोकिंग लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) ने जून 2022 के लिए अपने व्यवसायिक विकास के आंकड़ों की घोषणा की है। यह आंकड़े एक और शानदार महीने का संकेत देताहै। कंपनी ने वित्त वर्ष की पहली तिमाही का समापन 10.41 मिलियन ग्राहकों के साथ किया, जिसमें पिछले साल के मुकाबले 96.9% की वृद्धि हुई है। विभिन्न कारोबारी मानदंडों में वृद्धि की बदौलत जून 2022 में 0.34 मिलियन ग्राहकों को जोड़ा गया जबकि तिमाही के दौरान 1.26 मिलियन ग्राहक जोड़े गए। एंजल वन ने 42.6% की वार्षिक वृद्धि के साथ जून 2022 में 70.14 मिलियन ऑर्डर प्रॉसेस किए। फिनटेक कंपनी काकुल औसतदैनिककारोबार(एडीटीओ) जून 2022 में बढ़कर 9.76 ट्रिलियन रुपये हो गया, जो सालाना 118.5% की वृद्धि दशार्ता है। जून 2022 में इसका औसत क्लाइंट फंडिंग बुक सालाना आधार पर19.8% बढ़कर 16.31 बिलियन रुपये हो गया। विकास के आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए, एंजल वन लिमिटेड के मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रभाकर तिवारी ने कहा, हमारे विकास के आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि मौजूदा अस्थिरता के बावजूद पूंजी बाजार में लोगों की दिलचस्पी बढ़ रही है। हमने इस तिमाही में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है क्योंकि हमारे ग्राहकों की संख्या ने10 मिलियन का आंकड़ा पार कर लिया है। हमारे सुपर ऐप के लॉन्च के साथ, हम अपने ग्राहकों को एक उन्नत धन सृजन अनुभव प्रदान करने के लिए तत्पर हैं।

## वित्त वर्ष 2022 में अवसरों व नौकरियों की संख्या बढ़ने से रोजगार में वृद्धि हो रही है : टैलेंट इनसाइट रिपोर्ट

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

भारत के दूसरे सबसे बड़े जॉब सर्च प्लेटफॉर्म Shine.com ने अपनी नई टैलेंट इनसाइट्स रिपोर्ट पेश की है, जो तेजी से वृद्धि कर रहे भारत के बाजार में रोजगार के आशाजनक, लेकिन अहम प्रचलनों का खुलासा करती है। Shine.com ने इस रिपोर्ट को बनाने के लिये अपने बेजोड़ नेटवर्क, डाटा की भारी संपन्नता और रोजगार बाजार की गहरी समझ का इस्तेमाल किया है। रिपोर्ट कहती है कि वित्तीय वर्ष 2021 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2022 में रोजगार के अवसरों और नौकरियों की संख्या उल्लेखनीय ढंग से बढ़ी है। 2022 के अप्रैल-मई में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में इसमें बड़ा उछाल आया है। इसके अलावा, रिपोर्ट में यह भी पता चला है कि 48% कंपनियाँ 2022-23 में ऑफिस से काम शुरू करना चाहती हैं, जबकि 40% को हाइब्रिड मॉडल पसंद है और बाकी 12% कंपनियाँ वर्क-फ्रॉम-होम से खुश हैं। इसके अलावा, रिपोर्ट ने

- **यह रिपोर्ट आधुनिक रोजगार क्षेत्र के विभिन्न कारकों, जैसे कार्य-संस्कृति, नियुक्ति के प्रचलनों, अग्रणी रोजगार बाजारों और मांग वाली कुशलताओं पर व्यापक जानकारियाँ देती है।**

नियुक्ति के प्रचलनों में उल्लेखनीय बदलाव पर रोशनी डाली है। 81% कंपनियों ने माना कि नॉन-मेट्रो कस्बों में नियुक्ति बढ़ी है। इसका मुख्य कारण है दूर से काम करने की सुविधा और ऑफिसों का खर्च बचाने और विस्तार की संभावनाओं के लिये उनका नॉन-मेट्रो क्षेत्रों में जाना। नियुक्ति का यह प्रचलन नये जमाने के स्टार्ट-अप्स के मामले में उल्लेखनीय तौर पर ज्यादा प्रबल है। Shine.com के सीईओ अखिल गुप्ता ने कहा, हम अपने एचआर पेशेवरों के व्यापक नेटवर्क को धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने अपनी मूल्यवान जानकारियाँ साझा की हैं और पहली मिंट+शाइन टैलेंट इनसाइट्स को लॉन्च करने में हमारी मदद की है। यह रिपोर्ट न केवल क्षेत्रों और सेक्टरों में नियुक्ति के प्रचलन बताती है, बल्कि प्रतिभा अनुशय (टैलेंट एट्रिशन) और वेतन में बढ़ोतरी जैसे सौम्य पहलूओं को भी शामिल करती है। हम बीतते समय के साथ इसे विकसित करने और ज्यादा प्रासंगिक जानकारियाँ लाने की आकांक्षा रखते हैं, ताकि एचआर समुदाय और नौकरी चाहने वालों को समान रूप से फायदा मिले। रिपोर्ट का वेतन बढ़ोतरी खण्ड पेशेवरों और नौकरी चाहने वालों के लिये उसका सबसे अच्छा हिस्सा है। Shine.com की टैलेंट इनसाइट्स रिपोर्ट के मुताबिक, चार में से तीन मामलों में कर्मचारी इस वित्तीय वर्ष में अपने वेतन में दहाई अंकों में वृद्धि की उम्मीद कर सकते हैं, जबकि एक-तिहाई मामलों में वेतन में 20% से ज्यादा बढ़ोतरी की भविष्यवाणी है। यह रिपोर्ट क्षेत्रीय, राज्य, शहर और सेक्टर के मामले में नियुक्ति के तेजी से बदल रहे प्रचलनों और आधुनिक रोजगार बाजार पर हावी कुशलता के महत्वपूर्ण क्षेत्रों तथा प्रोफाइल्स पर भी रोशनी डालती है।

## संक्षिप्त खबरें

### अमनदीप 71 के स्कोर के साथ संयुक्त 32वें स्थान पर पहुंची

सिटगेस (स्पेन)। भारतीय गोल्फर अमनदीप द्राल ने एस्ट्रेला डैम लेडीज ओपन में अपना बेहतर प्रदर्शन जारी रखते हुए तीसरे चरण में एक अंडर 71 का कार्ड खेला। वह इस लेडीज यूरोपियन टूर स्पर्धा में कुल एक अंडर 215 के स्कोर के साथ संयुक्त 32वें स्थान पर पहुंच गयी। कट में जगह बनाने वाली एक अन्य भारतीय वाणी कपूर को इस दौर के आखिरी होल में डबल बोगी करने का खामियाजा भुगतना पड़ा, जिससे उन्होंने एक ओवर 74 का कार्ड खेला। वह कुल तीन-ओवर 219 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 50वें स्थान पर हैं। चार अन्य भारतीय दीक्षा डागर, त्वेसा मलिक, नेहा त्रिपाठी और रिद्धिमा दिलावरी कट में जगह बनाने से चूक गयी थी।

### मुंबई सिटी एफसी ने रोस्टिन ग्रिफिथ्स से किया अनुबंध

मुंबई। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल फ्रेंचाइजी मुंबई सिटी एफसी ने रविवार को सेंट्रल डिफेंडर रोस्टिन ग्रिफिथ्स से अनुबंध की घोषणा की। चौंतीस साल के रोस्टिन सिटी फुटबॉल समूह के स्वामित्व वाली साथी ए लीग टीम मेलबर्न सिटी को छोड़कर मुंबई सिटी एफसी से जुड़ेंगे। रोस्टिन ने मुंबई सिटी एफसी से एक साल का अनुबंध किया है जो 2022-23 सत्र के अंत तक चलेगा। रोस्टिन 2020-21 सत्र में ए लीग प्रीमियर्स और चैंपियनशिप खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे। वह महाद्वीपीय एएफसी चैंपियंस लीग में टीम के पदार्पण अभियान के दौरान भी उसका हिस्सा थे। उन्होंने मेलबर्न के क्लब के साथ 2021-22 में लगातार दूसरा प्रीमियर्स खिताब जीता। रोस्टिन ने अपने क्लब करियर में अब तक 321 मैच में 23 गोल किए हैं।

### ओडिशा एफसी ने राल्टे से दो साल का करार किया

भुवनेश्वर। ओडिशा एफसी ने आगामी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) से पहले रविवार को मिजोरम में जन्में गोलकीपर लालथुआमाविया राल्टे से दो साल का करार करने की घोषणा की। राल्टे इससे पहले राउंडग्लास पंजाब एफसी से जुड़े हुए थे। उन्होंने 2011 में अपना करियर शिलांग लाजोंग एफसी से शुरू किया था, उन्हें कई क्लबों में खेलने का अनुभव है। आई लीग विजेता राल्टे ने मेघालय की टीम को फेडरेशन कप के सेमीफाइनल में पहुंचाया था। फिर वह 2014 में बेंगलुरु एफसी से जुड़े गये जब टीम आई लीग में खेल रही थी। उन्होंने टीम को आई लीग खिताब जीतने में मदद की। वह 2018 में एफसी गोवा से जुड़े, फिर ह्यलोनह्न पर केरला ब्लास्टर्स और ईस्ट बंगाल के लिये खेले। 2020 में बेंगलुरू एफसी में वापस आ गये। अगले सत्र में वह पंजाब एफसी के लिये खेलने लगे।

### विश्व खेल: वर्मा और ज्योति की मिश्रित टीम को कांस्य पदक

बर्मिंघम (अमेरिका)। अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा वेनाम की भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम ने यहां विश्व खेलों में मैक्सिको के अपने प्रतिद्वंद्वियों को एक अंक से पछाड़कर कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने परफेक्ट शुरूआत करते हुए पहले दौर में बढ़त बनाई लेकिन आंद्रिया बेकेरा और मिगुएल बेकेरा की जोड़ी ने दूसरे दौर में बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्कोर बराबर कर दिया। वर्मा और ज्योति ने इसके बाद तीसरे दौर में वापसी की और अंतिम दौर में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक के प्ले आफ मुकाबले को 157-156 से जीत लिया। भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) के बयान के अनुसार यह विश्व खेलों में भारत का अब तक का पहला पदक और विश्व कप के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता वर्मा का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 50वां पदक है।

# नहीं पता गेंद को मैं स्विंग करा रहा हूं : भुवनेश्वर कुमार

**प्रदर्शन**

- व्यक्तिगत रूप से मैं और पांड्या अपने प्रदर्शन से खुश हैं : भुवनेश्वर

बर्मिंघम, एजेंसी



समकालीन क्रिकेट में बहुत कम गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार से बेहतर गेंद को स्विंग करा पाते हैं लेकिन सफेद कूकाबूरा गेंद से तीन दिन में दूसरी बार इंग्लैंड के बल्लेबाजी क्रम को झकझोरने के बाद भारत के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि वह गेंद को स्विंग करा रहे हैं या हालात के कारण ऐसा हो रहा है। या फिर गेंद ही खुद स्विंग हो रही है।

इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भारत को 2-0 की बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाने के बाद भुवनेश्वर ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता (गेंद स्विंग क्यों कर रही है)। उन्होंने कहा, क्योंकि मैं यहां कई बार आ चुका हूं और मैंने यहां पिछली जो कुछ श्रृंखलाएं खेली हैं उनमें गेंद स्विंग नहीं कर रही थी। इसलिए हां, मैं भी हैरान था कि सफेद गेंद स्विंग कर रही है और लंबे समय तक स्विंग कर रही है, विशेषकर टी20 प्रारूप में। विकेट पर अधिक उछाल भी है। इसलिए हां, जब गेंद स्विंग करती है तो आप अधिक लुत्फ उठाते हो। इस तेज गेंदबाज ने कहा, लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि इसे मैं स्विंग करा रहा हूं, परिस्थितियों के कारण ऐसा हो रहा है या फिर गेंद के कारण ऐसा है लेकिन हां, मुझे खुशी है कि गेंद स्विंग कर रही है। भारत के इस अनुभवी तेज गेंदबाज का मंत्र सामान्य सा है, अगर गेंद स्विंग कर रही है तो वह आक्रमण करेंगे और विकेट चटकाने का प्रयास करेंगे। इस रणनीति पर अमल करते हुए भुवनेश्वर ने दो मैच में 25 रन देकर चार विकेट चटकाए। भुवनेश्वर ने शनिवार रात मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, अगर गेंद स्विंग करती है, जो मेरा मजबूत पक्ष है, तो मैं आक्रमण करने का प्रयास करता हूं। उन्होंने कहा, सपाट पिचों पर बल्लेबाज आक्रमण करते हैं, वे वहां अपने शॉट खेलते हैं लेकिन दो मैच में गेंद स्विंग हुई और मैं आक्रमण कर रहा था। लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि अपने ऊपर नियंत्रण रखो। इस तेज गेंदबाज ने कहा, आपको लगता है कि आप एक इनस्विंग, एक आउटस्विंग, एक इनस्विंग फेंकेंगे लेकिन इस इच्छा को नियंत्रित करना महत्वपूर्ण है। निरंतरता के साथ गेंदबाजी करो और बल्लेबाजों को आउट करने के लिए जाल बिछाओ।

### टी-20 क्रिकेट के पॉवरप्ले में 500 डॉट गेंद फेंकने वाले पहले गेंदबाज बने भुवनेश्वर

भारत के स्टार तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार टी-20 पावरप्ले में 500 डॉट गेंद फेंकने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। भुवनेश्वर ने यह उपलब्धि इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए दूसरे टी-20 में हासिल की। दूसरे टी-20 में 171 रनों के लक्ष्य का बचाव करने उतरी भारतीय टीम को 32 वर्षीय भुवनेश्वर कुमार ने एक सही शुरूआत दी और इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय को इंग्लैंड की पारी की पहली गेंद पर गोल्डन डक पर आउट किया। उन्होंने मैच में तीन ओवर में एक मेडन सहित 15 रन देकर तीन विकेट झटके। इस मैच में भुवनेश्वर टी-20 अंतरराष्ट्रीय के इतिहास में 500 डॉट गेंद फेंकने वाले पहले गेंदबाज बन गए, जबकि वेस्टइंडीज के सैमुअल बद्री 383 डॉट गेंदों के साथ दूसरे और न्यूजीलैंड के टिम साउदी 368 डॉट गेंदों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मैच की बात करें तो शनिवार को एजबेस्टन में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 170 रनों का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। कप्तान रोहित शर्मा ने 31 और रवींद्र जडेजा नाबाद 46 रनों की बेहतरीन पारी खेली।

## ऋषभ पंत का कद इंटरनेशनल क्रिकेट में और ज्यादा बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने थोड़े ही समय में अपने शानदार प्रदर्शन से टीम इंडिया में अपनी खास जगह बना ली है। इतना ही नहीं महज 24 साल ही उम्र में ही ऋषभ पंत का कद इंटरनेशनल क्रिकेट में बढ़ता जा रहा है। आईसीसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए आईसीसी टी20 विश्व कप के प्रचार वीडियो में ऋषभ पंत को 'गौरव का स्थान' दिया है।

आईसीसी ने रविवार को इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट किया और कैप्शन में लिखा कि टी20 वर्ल्ड कप प्रोमों में आपका स्वागत है। प्रोमो की सराहना करने वाले प्रशंसकों के साथ वीडियो को लाखों बार देखा जा चुका है, जबकि कुछ को क्रिकेटर के टी20 टीम में अपनी जगह बनाए रखने की आशंका है। एक प्रशंसक ने यह भी कहा, "कल्पना कीजिए कि उसे विश्व कप टीम के लिए नहीं चुना गया है।" पंत इंग्लैंड में शानदार फॉर्म में हैं, जहां उन्होंने मेजबान टीम के खिलाफ पुनर्निर्धारित पांचवें टेस्ट में शानदार शतक और अर्धशतक बनाया और शनिवार को शीर्ष पर रोहित शर्मा के साथ एजबेस्टन में दूसरे टी20 में 15 गेंदों में 26 रन बनाए, लेकिन उन्होंने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घर में समाप्त हुई पांच मैचों की टी20 सीरीज में ज्यादा प्रभाव नहीं डाला। खास जगह बना चुके हैं ऋषभ पंत हालांकि, भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने पंत का समर्थन करते हुए कहा कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में 105.45 की स्ट्राइक रेट से सिर्फ 58 रन बनाने के बावजूद टीम का एक अभिन्न हिस्सा हैं।

आईपीएल 2022 में पंत का प्रदर्शन भी खराब रहा, जिसमें दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ने 30.90 की औसत से 340 रन बनाए। पंत, हालांकि एक लोकप्रिय व्यक्ति हैं, जहां 2020-21 के टेस्ट दौरे के दौरान, उन्होंने गाबा में अंतिम टेस्ट में नाबाद 89 रन की ऐतिहासिक पारी खेली, जिसे दर्शकों ने तीन विकेट से जीतकर चार टेस्ट मैचों की 2-1 से श्रृंखला जीती।

## एजबेस्टन में भारतीय क्रिकेटरों से मिले पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी

बर्मिंघम, एजेंसी



भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने दूसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में मेजबान टीम के खिलाफ 49 रन की जीत के बाद एजबेस्टन में भारतीय ड्रेसिंग रूम का दौरा किया। क्रिकेटर को हाल ही में विंबलडन में सुनील गावस्कर के साथ देखा गया था और उन्होंने भारत शिविर का दौरा करने का फैसला किया, जहां उन्होंने विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन सहित अन्य खिलाड़ियों से मिलकर बातचीत की।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने ईशान के साथ धोनी की बातचीत की तस्वीरें पोस्ट कीं, जो दूसरे टी20 में प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं थे। चेन्नई सुपर किंग्स में धोनी की टीम के साथी रवींद्र जडेजा के शानदार नाबाद 46 रनों की बदौलत भारत ने अपने 20 ओवरों में 170/8 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया और जोस बटलर की अगुवाई टीम को 17 ओवर में 121 रनों ऑल आउट करके श्रंखला में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ईशान के साथ बातचीत में क्रिकेट के महान खिलाड़ी की कई तस्वीरें पोस्ट कीं और ट्वीट किया, युवा खिलाड़ी महान धोनी की बात सुनते हुए। 7 जुलाई को 41 साल के हुए धोनी को भारत के सबसे सफल कप्तानों में से एक माना जाता है। उन्होंने भारत को 2009 में टेस्ट रैंकिंग के शीर्ष पर पहुंचाने के अलावा 2007 टी20 विश्व कप, 2011 वनडे मैचों में क्रिकेट विश्व कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के लिए टीम का नेतृत्व किया।

घरेलू स्तर पर, उन्होंने 2010 और 2014 में दो चैंपियंस लीग, टी20 खिताबों के अलावा 2010, 2011, 2018 और 2021 में आईपीएल खिताब के लिए चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी की है।

## टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 300 चौके लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बने रोहित

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 300 चौके लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 20 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 31 रन बनाए। इसी के साथ उनके चौकों को संख्या 301 हो गयी है। इस रिकॉर्ड के साथ रोहित पूर्व कप्तान विराट कोहली को पछाड़कर दूसरे स्थान पर आ गए, जो कुल 298 चौकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। इस सूची में आयरलैंड के बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग 325 चौकों के साथ शीर्ष पर हैं। मैच की बात करें तो शनिवार को एजबेस्टन में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 170 रनों का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया।

कप्तान रोहित शर्मा ने 31 और रवींद्र जडेजा नाबाद 46 रनों की बेहतरीन पारी खेली। जवाब में 171 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम के बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों के सामने धराशायी हो गए। पूरी टीम 17 ओवर में 121 रनों पर सिमट गई। भारत की ओर से भुवनेश्वर कुमार ने तीन ओवर मात्र 15 रन देकर 3 विकेट झटके। भुवी के अलावा जसप्रीत बुमराह ने 2 विकेट, यजुवेंद्र चहल 2 विकेट, हार्दिक पांड्या और हर्षल पटेल ने 1-1 विकेट लिया। इस जीत के साथ भारत ने तीन मैचों की टी-20 सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है।

## बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम का ऐलान

जॉर्जटाउन (गुयाना), एजेंसी



वेस्टइंडीज के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज रोमारियो शेफर्ड को बांग्लादेश के खिलाफ रविवार से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए 13 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। कीमो पॉल के कोरोना संक्रमित होने के बाद उनको टीम में जगह दी गई है।

शेफर्ड को अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में रखा गया था। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) के चयन पैनल ने एक बयान में कहा कि ओडियन स्मिथ को अब श्रृंखला के लिए रिजर्व के रूप में जोड़ा गया है। शेफर्ड ने हाल ही में टी20 श्रृंखला में अच्छी गेंदबाजी की, जहां वह विंडसर पार्क, डोमिनिका में पहले टी20 में करियर की सर्वश्रेष्ठ 3/21 सहित छह विकेट (औसत 11.33, अर्थव्यवस्था 7.5) के साथ अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। अब उनके पास गयाना नेशनल स्टेडियम में अपने घरेलू दर्शकों के सामने और अधिक मैच खेलने का मौका होगा।

वेस्टइंडीज टीम : निकोलस पूरन (कप्तान), शाई होप (उपकप्तान), शमर ब्रूक्स, केसी कार्टी, अकील हुसैन, अल्जारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, काइल मेयर्स, गुडाकेश मोती, एंडरसन फिलिप, रोवमैन पॉवेल, जेडन सील्स और रोमारियो शेफर्ड। अतिरिक्त खिलाड़ी : ओडियन स्मिथ।

## राजीव सेथु ने आईडेमित्सु होण्डा एसके69 रेसिंग में हासिल किया एक और पोडियम

चेन्नई, एजेंसी

**जानकारी**

- ग्रिड पर सातवें स्थान से शुरूआत करने के बाद राजीव दूसरे ही लैप में तीसरे स्थान पर आ गए



एमआरएफ एमएमएससी एफएमएससीआई इंडियन नेशनल मोटरसाइकल रेसिंग चैम्पियनशिप 2022 के दूसरे राउण्ड के पहले दिन आईडेमित्सु होण्डा एसके69 रेसिंग टीम ने प्रो-स्टॉक 165 सीसी कैटेगरी में एक और पोडियम हासिल कर लिया।

एमआरएफ एमएमएससी एफएमएससीआई इंडियन नेशनल मोटरसाइकल रेसिंग चैम्पियनशिप-प्रो-स्टॉक 165 सीसीआईडेमित्सु होण्डा एसके 69 रेसिंग टीम के अनुभवी राइडर राजीव सेथु ने इंडियन नेशनल मोटरसाइकल रेसिंग चैम्पियनशिप प्रो-स्टॉक 165 सीसी कैटेगरी में निडरता के साथ मुकाबला किया। ग्रिड पर सातवें स्थान से शुरूआत करने के बाद राजीव दूसरे ही लैप में तीसरे स्थान पर आ गए। यहां से राजीव ने अपने प्रतिस्पर्धियों को कड़ा मुकाबला देना जारी रखा और कुल 12:00.159 के लैप टाईम के साथ पोडियम पर दूसरे स्थान पर रेस फिनिश की।

वहीं दूसरी ओर राजीव के साथी सेंथिल कुमार ने सातवें स्थान पर रेस फिनिश की, जबकि एएसके होण्डा रेसिंग के अभिषेक वी ने छठे स्थान पर रेस फिनिश की। रेस में राइडरों के परफोर्मेन्स पर बात करते हुए प्रभु नागराज- ऑपरेटिंग ऑफिसर, ब्राण्ड एण्ड कम्युनिकेशन, होण्डा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया ने कहा, हमारे अन्तर्राष्ट्रीय राइडर राजीव सेथु ने एक बार फिर से शानदार परफोर्मेन्स दिया है।

ग्रिड पर 7वें स्थान से शुरूआत करने के बाद दूसरे स्थान पर रेस फिनिश करते हुए, राजीव ने ऊंची उड़ान भरी और अपनी वास्तविक क्षमता का प्रदर्शन किया। अपने जोश और उत्साह के चलते उन्होंने नेशनल चैम्पियनशिप की प्रो-स्टॉक 165 सीसी कैटेगरी में एक और पोडियम हासिल किया है। इस राउण्ड का रोमांच और अधिक बढ़ाते हुए आईडेमित्सु होण्डा इंडिया टैलेंट कप के युवा राइडरों सार्थक और रहीश ने एनएसएफ 250आर और सीबीआर 150आर कैटेगरीज में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा।

हमारे विशेषज्ञ कोच टाडायुकी ओकादा से मिले अमूल्य मार्गदर्शन के साथ, मुझे विश्वास है कि अगली रेस में हमारे राइडर नई प्रेरणा के साथ मैदान में उतरेंगे और अपनी क्षमता के अनुसार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।"

## टी20 विश्व कप में खेलने पर ग्लीसन ने कहा, अगर अच्छा प्रदर्शन जारी रखूंगा तो कुछ भी हो सकता है

बर्मिंघम, एजेंसी



भारत के खिलाफ पदार्पण मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करके आत्मविश्वास से भरे इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन का मानना है कि अगर वह अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हैं तो उन्हें इस साल होने वाले टी20 विश्व कप में खेलने का मौका मिल सकता है।

ग्लीसन ने यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबाले में अपनी पांचवीं, सातवीं और आठवीं गेंद पर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को आउट किया। भारत ने हालांकि यह मुकाबला 49 रन से जीता। चौंतीस साल के ग्लीसन ने 15 रन देकर तीन विकेट चटकाए। ग्लीसन ने शनिवार को मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, पदार्पण करना शानदार रहा लेकिन अंत में आप मुकाबले को जीतना चाहते हो। इसलिए हारना निराशाजनक रहा लेकिन निजी तौर पर शुरूआत शानदार रही। टी20 विश्व कप करीब है और ग्लीसन को उम्मीद है कि वह इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए इंग्लैंड की टीम में जगह बनाने में सफल रहेंगे। ग्लीसन ने 27 साल की उम्र में पेशेवर क्रिकेट खेलना शुरू किया था।

उन्होंने कहा, आप बड़े मुकाबलों में खेलना चाहते हो, क्या ऐसा नहीं है? इसलिए हां, क्यों नहीं? मैं अगले मैच को लेकर उत्सुक हूं और फिर देखूंगा आगे क्या होता है। ग्लीसन ने कहा, (इंग्लैंड की टीम में चयन) अभी मेरा लक्ष्य नहीं है। मैं सिर्फ शीर्ष स्तर पर खेलना चाहता हूं। मैं क्रिकेट खेलते रहना चाहता हूं और इसका लुत्फ उठाना चाहता हूं, जितना अधिक हो उतने समय तक खेलना चाहता हूं। क्या पता? अगर मैं अच्छा प्रदर्शन जारी रखूं तो कुछ भी हो सकता है। इंग्लैंड को 171 रन का लक्ष्य देने के बाद भुवनेश्वर कुमार की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने मेजबान टीम को सिर्फ 121 रन पर ढेर करके तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बनाई।

ग्लीसन ने कहा, मुझे लगता है कि शायद उन्होंने (भारत ने) प्रतिस्पर्धी स्कोर से कुछ अधिक रन बना लिए। उन्होंने कहा, और इसके बाद उन्होंने गेंद से अच्छी शुरूआत की। इससे हम बैकफुट पर आ गए और उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की। लेकिन टी20 क्रिकेट में ऐसा होता है। दाएं हाथ के इस गेंदबाज को 2020 में कमर में स्ट्रेस फ्रेक्चर हुआ था जिससे उनका करियर खतरे में पड़ गया था। चोट के संदर्भ में उन्होंने कहा, मैं संन्यास के बारे में नहीं सोच रहा था। मुझे इसके लिए बाध्य किया जा रहा था। उबरने की प्रक्रिया लंबी और धीमी थी। दुर्भाग्य से मेरी उम्र के कारण इससे उबरने में अधिक समय लगा। लेकिन दोबारा खेलना शानदार है।

## रांची जिला वॉलीबॉल संघ का पुनर्गठन, सुबोध कांत सहाय चेयरमैन एवं शेखर बोस अध्यक्ष बने

रांची, एजेंसी

झारखंड में रांची विश्वविद्यालय प्रांगण स्थित आर.के. आनंद गैलरी में रांची जिला वॉलीबॉल संघ की बैठक आज आयोजित की गई। बैठक में पूर्व से निर्धारित ऐजेण्डा के अनुसार रांची जिला वॉलीबॉल संघ का पुनर्गठन किया गया जिसमें चेयरमैन के पद पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, वाइस चेयरमैन के पद पर तथा जेपी स्पोर्ट्स के संचालक प्रमोद कुमार को मनोनीत किया गया।

इस बैठक में सर्वसम्मति से शेखर बोस को रांची जिला वालीबाल संघ का अध्यक्ष, विकास वर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष, राजेश कुमार सिंह को सचिव एवं राम सुधीर झा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अतिरिक्त इस बैठक में अगले सत्र के लिए नई कार्यकारिणी समिति का भी गठन किया गया। इस समिति में वरीय उपाध्यक्ष के पद पर सेतांक सेन, उपाध्यक्ष के पद पर भोला प्रताप सिंह, संजय कुमार, सुनिर्मल बोस, अनन्त चौधरी,उपेन्द्र सिंह,दिनेश सिंह, संजय प्रताप सिंह, अजय कुमार झा, लव आनंद, तथा संयुक्त सचिव के पद पर सजल कृष्ण बोस, देव वेंकट राव, चन्द्रिका यादव,अमित कुमार,अजय किस्पोट्टा, तथा फैज अहमद सबा चुने गये। इस बैठक की अध्यक्षता रांची जिला वॉलीबॉल संघ के वाइस चेयरमैन प्रमोद कुमार सिंह ने की। इस बैठक में सभी चयनित पदाधिकारियों ने एक मत से जिला में वॉलीबॉल के अधिक से अधिक कार्यक्रम आयोजित करने एवं आस पास के क्षेत्रों में जहां वॉलीबॉल के क्रियाकलापों में कभी आई है, उसे पुनर्जीवित करने का सार्थक प्रयास करने का संकल्प लिया।

## अगर मैं टीम इंडिया का सिलेक्टर होता, तो विराट कोहली को टी-20 टीम में नहीं चुनता: अजय जडेजा

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का खराब फॉर्म क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बना हुआ है। इंग्लैंड दौरे पर भी कोहली का बल्ला नहीं चल पा रहा है। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे टी20 मुकाबले में कोहली डेब्यू करने वाले इंग्लिश गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन की गेंद पर आउट होकर चलते बने।

कोहली अभी भी वनडे और टेस्ट टीम के स्थायी सदस्य हैं लेकिन टी20 टीम में उन्हें युवा खिलाड़ियों से कड़ी टक्कर मिल रही है। दूसरे टी20 में इनफॉर्म बल्लेबाज दीपक हुडा की जगह कोहली को प्लेइंग 11 में शामिल करने पर सोशल मीडिया पर भी फैंस ने नाराजगी जताई थी। एक समय इंटरनेशनल क्रिकेट में रनों की बौछार करने वाले कोहली तीन गेंद में सिर्फ एक बनाकर पवेलियन लौट गए। अब उनके टी20 टीम में शामिल होने पर दिग्गज भी सवाल उठा रहे हैं। भारत के पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा ने कोहली के प्रदर्शन पर निराशा व्यक्त की है। जडेजा ने कहा कि अगर उन्हें ळ20 टीम चुननी होती तो उसमें विराट कोहली के लिए शायद कोई जगह नहीं होती। दूसरे टी20 मुकाबले में कोहली तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे।

भारतीय बल्लेबाज 7वें ओवर में ग्लीसन की एक गेंद को सही से जज नहीं कर पाया और डेविड मलान ने पीछे की ओर दौड़ते हुए एक शानदार कैच लपक लिया। कोहली पहले टी20 मुकाबले में नहीं खेले थे। जडेजा ने कोहली के फॉर्म पर कहा, अब खेल बदल चुका है। अब आप 180 या 200 रन बनाने के लिए खेलते हैं। आपको देखना पड़ेगा कि आप किसके साथ खेलते हैं। आपके लिए फैसला बेहद मुश्किल हो सकता है। लेकिन अगर मुझे टी20 की टीम चुननी है तो विराट कोहली वहां नहीं होंगे। जडेजा ने आगे कहा, विराट बेहद ही खास प्लेयर हैं। अगर वह विराट कोहली नहीं होते तो वह टेस्ट क्रिकेट भी नहीं खेल रहे होते।

अगर आप नंबर्स देखते हैं तो आपको लगता है कि पिछले 8 या 10 मैचों में विराट कोहली ने शतक नहीं लगाया। लेकिन सिर्फ शतक नहीं लगा पाने की वजह से आप विराट कोहली को बाहर नहीं कर सकते हैं। आपको यह देखना पड़ेगा कि उन्होंने पहले भारतीय टीम के लिए क्या किया है। विराट ने आखिरी बार इंटरनेशनल क्रिकेट में नवंबर 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ डे-नाइट टेस्ट में शतक जड़ा था। उनके नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 70 शतक दर्ज है।

## जो रूट टीम के मुख्य खिलाड़ी : मैकुलम

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड टेस्ट टीम के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने जो रूट को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक घोषित किया है और बेन स्टोक्स को कप्तानी सौंपने और फिर अपनी बल्लेबाजी पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करने की उनकी क्षमता को बेहतर करार दिया। साथ ही उन्होंने आगे बताया, 31 वर्षीय रूट शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने अपने पिछले 24 टेस्ट मैचों में 11 शतक बनाए हैं और हाल ही में एलिस्टेयर कुक के बाद 10,000 टेस्ट रन बनाने वाले केवल दूसरे इंग्लिश क्रिकेटर बने हैं। वे टीम के मुख्य खिलाड़ी हैं। पूर्व कप्तान का सबसे हालिया शतक एजबेस्टन में पुनर्निर्धारित पांचवें टेस्ट में भारत के खिलाफ नाबाद 142 रन रहा, जो उनके 121-टेस्ट करियर में 28वां शतक था। रूट ने जॉनी बेयरस्टो (नाबाद 114) के साथ मिलकर 269 रन की विशाल साझेदारी की जिससे इंग्लैंड को भारत के खिलाफ 76.4 ओवरों में 378 रनों के लक्ष्य का पीछा करने में मदद मिली। वेस्टइंडीज और टीम के साथी बेन स्टोक्स के नेतृत्व की भूमिका निभाने के बाद टेस्ट श्रृंखला हारने के बाद अपनी कप्तानी छोड़ने के एक महीने बाद करिश्माई बल्लेबाज का शानदार प्रदर्शन आया है। मैकुलम ने रविवार को सेन डब्ल्यूए ब्रेकफास्ट पर कहा, जो रूट शानदार बल्लेबाज हैं। टीम में उन्होंने काफी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हम पूरी तरह से टीम में सुधार करने की योजना बना रहे हैं। केन विलियमसन के लिए मेरे पास हमेशा स्थान रहा है, स्टीव स्मिथ बल्लेबाजी में अहम योगदान दे रहे हैं। लेकिन, भारतीय टीम के पास विराट कोहली भी हैं। रूट 10,458 रन के साथ टेस्ट रैंकिंग में 12वें स्थान पर हैं, जिसका औसत 50.76 का रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### रूस में कोरोना संक्रमण फिर पकड़ने लगा जोर

मॉस्को। रूस में कोरोना संक्रमण फिर जोर पकड़ने लगा है और पिछले 24 घंटों में 3,500 से अधिक नये मामले सामने आये हैं वहीं 45 मरीजों की मौत हुई है। फेडरल रिस्पांस सेंटर की रिपोर्ट के मुताबिक देश में कोविड-19 के 3,539 नये मामलों की पुष्टि हुई है जिनमें 1100 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसी अवधि में 45 मरीज अपनी जान गंवा बैठे। नये मामलों में 600 नये मामले राजधानी मॉस्को में ही दर्ज किये गये हैं और सात लोगों की यहां मौत हुई है जबकि 345 मरीजों को स्वस्थ होने के बाद अस्पतालों से छुट्टी दे दी गयी।

### मेक्सिको के पूर्व राष्ट्रपति एचेवेरिया का 100 वर्ष आयु में निधन

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको के पूर्व राष्ट्रपति लुइस एचेवेरिया अल्वारेज का 100 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। मेक्सिको के राष्ट्रपति मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर ने श्री एचेवेरिया के निधन की पुष्टि की है। श्री ओब्रेडोर ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में लिखा, मेक्सिको सरकार की ओर से मैं पूर्व राष्ट्रपति लुइस एचेवेरिया अल्वारेज के परिवार और मित्रों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। मैक्सिकन मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पूर्व राष्ट्रपति का शुक्रवार को मेक्सिको में मोरेलोस प्रांत की राजधानी कुर्नवाका स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। उनकी मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।


### न्यूजीलैंड में कोरोना के 7,461 नये मामले दर्ज

वेलिंग्टन। न्यूजीलैंड में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 7,461 नए मामले सामने आए हैं। ये सभी मामले स्थानीय रूप से संचारित हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। यहां लगभग एक सप्ताह से स्थानीय रूप से संचारित मामलों की औसत संख्या 9,000 के आसपास बनी हुई है। मंत्रालय ने इस दौरान 662 मरीजों के अस्पताल में भर्ती रहने की भी जानकारी दी, जिनमें से 13 गहन चिकित्सा विभाग में हैं।

# अमेरिका ने श्रीलंकाई नेताओं से किया आग्रह

## देश में आर्थिक एवं राजनीतिक स्थिरता के लिए काम करने का

कोलंबो, एजेंसी



अमेरिका ने रविवार को श्रीलंका के राजनीतिक समुदाय से आगे आने और लोगों के असंतोष को दूर करने के लिए दीर्घकालिक आर्थिक और राजनीतिक समाधान के वास्ते जल्द काम करने का आग्रह किया।

अमेरिका की ओर ये यह अपील ऐसे समय में आयी है जब श्रीलंका में आर्थिक संकट को लेकर राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के इस्तीफे की मांग को लेकर बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी शनिवार को मध्य कोलंबो के कड़ी सुरक्षा वाले फोर्ट इलाके में राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास में घुस गए थे।

संसद अध्यक्ष महिंदा यापा अबेयवर्धने ने शनिवार रात को कहा कि राजपक्षे 13 जुलाई को इस्तीफा देंगे, जबकि प्रधानमंत्री विक्रमसिंघे पहले ही देश में सबसे खराब आर्थिक और राजनीतिक संकट के बीच इस्तीफा देने की इच्छा व्यक्त कर चुके हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने रविवार को कहा कि अमेरिका श्रीलंका की संसद से किसी एक राजनीतिक दल की नहीं बल्कि राष्ट्र की बेहतरी की प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ने का आह्वान करता है।

प्रवक्ता ने कहा, हम इस सरकार या किसी भी नयी, संवैधानिक रूप से चुनी गई सरकार से उन समाधानों की पहचान करने और उन्हें लागू करने के लिए शीघ्रता से काम करने का आग्रह करते हैं जो दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता प्राप्त करेंगे और बिजली, भोजन और ईंधन की कमी सहित बिगड़ती आर्थिक स्थितियों पर श्रीलंकाई लोगों के असंतोष को दूर करेंगे।

अमेरिका ने प्रदर्शनकारियों या पत्रकारों पर हमलों के खिलाफ चेतावनी दी, लेकिन शनिवार की हिंसा की भी आलोचना की। राष्ट्रपति राजपक्षे फिलहाल कहां है इसकी जानकारी नहीं है और ऐसा माना जा रहा है कि 73 वर्षीय नेता भारी भीड़ के आने से पहले घर से निकल गए थे।

सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों ने विक्रमसिंघे को भी नहीं बख्शा। प्रदर्शनकारियों का एक समूह उनके निजी आवास में घुस गया और आग लगा दी। प्रवक्ता ने कहा, श्रीलंका के लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से आवाज उठाने का अधिकार है और हम किसी भी विरोध-संबंधी हिंसक घटनाओं में शामिल किसी भी व्यक्ति के खिलाफ जांच, गिरफ्तारी और मामला चलाने की मांग करते हैं।

## विक्रमसिंघे के घर पर हमला करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

कोलंबो, एजेंसी



श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में पुलिस ने प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे के निजी घर में आगजनी के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। कोलुपिटिया पुलिस ने कहा कि अन्य संदिग्धों की गिरफ्तारी के लिए जांच की जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार गिरफ्तार किए लोग माउंट लाविनिया के निवासी के हैं और उनकी 19, 24 और 28 साल है। अशांति के बीच शनिवार को कोलंबो में 5वीं लेन पर स्थित श्री विक्रमङ्क्षसघे के आवास को प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने आग के हवाले कर दिया। श्रीलंका में आर्थिक संकट को लेकर हालात बिगड़ते जा रहे हैं। यहां कल एक बार फिर प्रदर्शनकारी सडकों पर उतर आए। उन्होंने सुबह राष्ट्रपति भवन का घेराव करने के बाद उस पर कब्जा कर लिया। हालांकि राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे मौजूदा हालात देखकर एक दिन पहले भी आवास छोडकर भाग गए। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने देर शाम प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे के घर को भी निशाना बनाया। जब प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री के आवास के बाहर जमा होने लगे तो सुरक्षाबलों ने उन्हें रोकने के लिए बल प्रयोग किया। इसके बाद प्रदर्शनकारी भडक गए और उन्होंने प्रधानमंत्री के घर को आग के हवाले कर दिया।

## बाइडन ने सऊदी अरब की अपनी यात्रा का किया बचाव

वाशिंगटन, एजेंसी

सऊदी अरब के खराब मानवाधिकार रिकार्ड को लेकर आलोचनाओं के बीच देश की यात्रा की तैयारी कर रहे अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने फैसले का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने लंबे समय से सुधारों का समर्थन किया है और यह कोशिश की कि पुराने रणनीतिक साझेदार के साथ संबंधों को नया रूप दिया जाए, संबंध खराब नहीं हों। द्यद वाशिंगटन पोस्टद्ब में शनिवार रात ऑनलाइन पोस्ट किए गए लेख में, बाइडन ने पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों की ओर इशारा किया और दावा किया कि इसके चलते ट्रंप प्रशासन के समय की तुलना में इस क्षेत्र में अधिक स्थिरता आयी है और यह अधिक सुरक्षित हुआ है। हालांकि विशेष रूप से सऊदी अरब के संबंधों का उनका चित्रण रक्षात्मक प्रतीत हुआ, विशेष रूप से ऐसे समय में जब अमेरिका में कुछ लोगों ने यह मांग की कि वह एक यात्रा के माध्यम से सरकार को वैधता प्रदान नहीं करें। बाइडन ने अमेरिकी ताकत और सुरक्षा को रूसी आक्रमण और चीन से प्रतिस्पर्धा का मुकाबला करने से जोड़ा तथा यह दलील दी कि सऊदी अरब जैसे देशों के साथ सीधे जुड़ने से उन प्रयासों को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है।

## पाकिस्तान में टेलीविजन प्रस्तोता रिहा कुछ दिन पहले हुई थी गिरफ्तारी

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के एक प्रमुख टेलीविजन चैनल प्रस्तोता को शनिवार को रिहा कर दिया गया जिसे इस्लामाबाद के पास इस सप्ताह की शुरूआत में गिरफ्तार किया गया था। उच्च न्यायालय ने उसे एक मामले में जमानत दे दी और उसके खिलाफ अन्य मामलों को खारिज कर दिया। यह जानकारी एक सरकारी अधिवक्ता ने दी। इमरान रियाज खान को मंगलवार को हिरासत में लिया गया था, हालांकि कुछ हफ्ते पहले पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद की एक अदालत ने पुलिस को उन्हें और कई अन्य पत्रकारों को देश की सेना के खिलाफ नफरत भड़काने का आरोप लगाने वाली शिकायतों पर गिरफ्तार नहीं करने का आदेश दिया था। पाकिस्तान के सबसे अधिक आबादी वाले प्रांत पंजाब के अलग-अलग शहरों में खान के खिलाफ कुल 17 मामले दर्ज किए गए। पंजाब के महाधिवक्ता परवेज शौकत के अनुसार, खान को 10 दिनों की अवधि के लिए यानी लोगों को आंदोलन के लिए उकसाने और अराजकता उत्पन्न करने के आरोपों को लेकर अगली सुनवाई तक जमानत दी गई। वहीं 16 अन्य मामलों को खारिज कर दिया गया। खान एक टेलीविजन चैनल प्रस्तोता हैं जिन्होंने हाल ही में समा टीवी पर एक कार्यक्रम की मेजबानी की थी। वह सोशल मीडिया पर अपने ब्लॉग और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का सार्वजनिक रूप से समर्थन करने के लिए जाने जाते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री खान ने टीवी प्रस्तोता की गिरफ्तारी के खिलाफ आवाज उठायी थी।

## मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भगवान विट्ठल के मंदिर में की पूजा-अर्चना



पुणे, एजेंसी

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपनी पत्नी के साथ रविवार को आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर पंढरपुर शहर के प्रसिद्ध मंदिर में भगवान विट्ठल और देवी रुक्मिणी की पूजा-अर्चना की और समाज के प्रत्येक वर्ग की समृद्धि की कामना की।

काफी लंबे समय से चली आ रही परंपरा के मुताबिक महाराष्ट्र के मौजूदा मुख्यमंत्री हर साल आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर सोलापुर जिले के पंढरपुर शहर में स्थित भगवान विट्ठल के मंदिर में पूजा कर समाज के प्रत्येक वर्ग की समृद्धि की कामना करते हैं। यह मंदिर पुणे शहर से करीब 200 किलोमीटर दूर और मुंबई से करीब 400 किलोमीटर दूर है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में 30 जून को शपथ लेने वाले एकनाथ शिंदे ने अपनी पत्न ी लता शिंदे के साथ भगवान विट्ठल की पूजा की और किसान, मजदूर, वारकरी (भगवान विट्ठल के भक्त) और व्यापारी समुदाय सहित समाज के प्रत्येक वर्ग के सुख और समृद्ध की कामना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री के सांसद पुत्र श्रीकांत शिंदे और उनका परिवार भी मौजूद था। बीड जिले के 52 वर्षीय किसान मुरली नवले और उनकी पत्नी जीजाबाई नवले ने मुख्यमंत्री और उनके परिवार के साथ पारंपरिक पूजा की। पंढरपुर वारी तीर्थयात्रा में नवले किसान परिवार 1987 से भाग ले रहा है। मुख्यमंत्री ने पूजा-अर्चना करने के बाद मंदिर परिसर में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महाराष्ट्र सरकार किसानों की आत्महत्या रोकने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। शिंदे ने कहा, भगवान विट्ठल के आशीर्वाद से लोगों के सभी दुख और कष्ट दूर हो जाएंगे क्योंकि यह सरकार आम आदमी की है। किसान हों, मजदूर हों, समाज के सभी वर्गों के लोगों को यह महसूस करना चाहिए कि यह सरकार उनकी है। हम अपने काम के जरिए ऐसी भावना पैदा करने की कोशिश करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें इस साल पूजा करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा, पिछले दो वर्षों से कोविड-19 महामारी के कारण पैदल यात्रा नहीं हो सकी, लेकिन इस बार 10 लाख से अधिक वारकरी भगवान विट्ठल का आशीर्वाद लेने आए हैं। शिंदे ने आशा व्यक्त की कि कोविड-19 का संकट जल्द ही दूर हो जाएगा और राज्य की समस्याओं का समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को प्रगति, सर्वांगीण विकास के पथ पर ले जाने और लोगों के लिए अच्छे दिन लाने का पूरा प्रयास करेगी। उन्होंने कहा, जहां भी भारी बारिश हो रही है, राज्य मशीनरी यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय है कि जान-माल का नुकसान न हो। अगर इस साल अच्छी बारिश होती है तो किसानों की अच्छी फसल होगी। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए जलयुक्त शिविर योजना को दोबारा लागू कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार यह पता लगा रही है कि राज्य के पश्चिमी हिस्से में नदियों से बारिश का पानी, जो समुद्र में बेकार चला जाता है, उसे मराठवाड़ा के सूखा प्रभावित क्षेत्रों की ओर कैसे भेजा जा सकता है। मुझे यकीन है कि भगवान विट्ठल के आशीर्वाद से इस प्रयास में हम सफल होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। एकनाथ शिंदे ने कहा, प्रधानमंत्री ने हमसे कहा कि केंद्र सरकार महाराष्ट्र के विकास के लिए हर संभव मदद करेगी और राज्य के लोगों के लिए अच्छे दिन लाने के लिए बेहतर योजनाओं को लागू किया जाए।


कार्यालय नगर पालिका परिषद, नगीना जिला बिजनौर

स्वच्छ नगीना स्वस्थ नगीना

स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

जीतेगा भारत हारेगा कोरोना स्वच्छ भारत मिशन

ईद–उल–अजहा के पुर–मुसर्रत मौके पर नगर पालिका परिषद नगीना सभी जनता से अपील करती है कि:–

1. कोरोना महामारी से बचने के लिए घर से बाहर निकलते समय मॉस्क का प्रयोग अवश्य करें। सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करें। अपने हाथों को बार–बार साबुन से धोयें। खांसी, जुकाम, बुखार व सांस लेने में कठिनाई होने पर तुरन्त चिकित्सक से सम्पर्क करें। 2. घरों के आसपास गन्दा पानी, कूड़ा कचरा जमा न होने दें। अपने आसपास साफ–सफाई का ध्यान रखें तथा दूसरे लोगों को भी साफ सफाई रखने हेतु प्रेरित करें। 3. पशुओं को सड़कों पर न बांधे, न ही गोबर आदि नालियों में बहायें, यह दण्डनीय अपराध है। 4. पालिका के समस्त करों का भुगतान समय पर करें व विकास कार्यों में सहयोग करें। 5. बच्चों को पोलियो ड्राप्स पिलवाने में मदद करें खसरा सबेला के टीके भी अवश्य लगवायें। 6. मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड अवश्य बनवायें। 7. वृक्षारोपण में नगर पालिका का सहयोग करें तथा स्वयं भी एक पौधा अवश्य लगायें। 8. यदि स्ट्रीट लाइट किसी कारणवश दिन में जलती मिले तो पालिका को अवश्य सूचित करें। राष्ट्रहित में बिजली बचायें। 9. पालिका द्वारा क्लोरीनेशनयुक्त स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। कृपया पानी को अनावश्यक बर्बाद होने से बचायें। 10. जानवरों के अवशेष खुले में न फेंके तथा निर्धारित स्थान पर डालें।





इन्द्रपाल सिंह) (ताहिरा बेगम)
अधिशासी अधिकारी अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद नगीना नगर पालिका परिषद नगीना
समस्त सभासद/कर्मचारीगण नगर पालिका परिषद नगीना

कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिजनौर

स्वच्छ बिजनौर स्वस्थ बिजनौर

स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

जीतेगा भारत हारेगा कोरोना स्वच्छ भारत मिशन

ईद–उल–अजहा के मौके पर नगर पालिका परिषद बिजनौर सभी नागरिकों से अपील करती है कि:–

1. कोरोना महामारी से बचने के लिए घर से बाहर निकलते समय मॉस्क का प्रयोग अवश्य करें। सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करें। अपने हाथों को बार–बार साबुन से धोयें। खांसी, जुकाम, बुखार व सांस लेने में कठिनाई होने पर तुरन्त चिकित्सक से सम्पर्क करें। 2. घरों के आसपास गन्दा पानी, कूड़ा कचरा जमा न होने दें। अपने आसपास साफ–सफाई का ध्यान रखें तथा दूसरे लोगों को भी साफ सफाई रखने हेतु प्रेरित करें। 3. पशुओं को सड़कों पर न बांधे, न ही गोबर आदि नालियों में बहायें, यह दण्डनीय अपराध है। 4. पालिका के समस्त करों का भुगतान समय पर करें व विकास कार्यों में सहयोग करें। 5. बच्चों को पोलियो ड्राप्स पिलवाने में मदद करें खसरा सबेला के टीके भी अवश्य लगवायें। 6. मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड अवश्य बनवायें। 7. वृक्षारोपण में नगर पालिका का सहयोग करें तथा स्वयं भी एक पौधा अवश्य लगायें। 8. यदि स्ट्रीट लाइट किसी कारणवश दिन में जलती मिले तो पालिका को अवश्य सूचित करें। राष्ट्रहित में बिजली बचायें। 9. पालिका द्वारा क्लोरीनेशनयुक्त स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। कृपया पानी को अनावश्यक बर्बाद होने से बचायें। 10. जानवरों के अवशेष खुले में न फेंके तथा निर्धारित स्थान पर डालें।



अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बिजनौर

(रूखसाना परवीन)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बिजनौर


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।)
RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129